हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 16.01.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 172 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

## भारतीय लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष, विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विविधता को भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि भारत ने यह साबित किया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं लोकतंत्र को स्थिरता, गति और व्यापक स्तर प्रदान करती हैं और इसी का परिणाम है कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि भारत इस विविधता का उत्सव मनाता है क्योंकि लोकतंत्र की नींव मजबूत है। भारतीय लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष की तरह है, जिसे गहरी जड़ें सहारा देती हैं।

श्री मोदी ने गुरुवार को यहां राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के 28 वें सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सम्मेलन के मुख्य विषय 'संसदीय लोकतंत्र की प्रभावी परिणति' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब भारत आजाद हुआ तो उस दौर में यह आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में, भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा लेकिन भारत ने इसी विविधता को लोकतंत्र की ताकत बना दिया।

उन्होंने कहा कि एक बड़ी आशंका यह भी थी कि भारत किसी भी हालत में विकास नहीं कर पाएगा लेकिन भारत ने साबित किया कि लोकतांत्रिक संस्थान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही लोकतंत्र की स्थिरता, गति और पैमाना तीनों आते हैं। भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा, हम लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रहे हैं। और इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत में लोकतंत्र सार्थक परिणाम देता है।

उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र से इसलिए परिणाम मिलता है क्योंकि सरकार के लिए देश की जनता ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, हमने जनता की आकांक्षाओं को, जनता-जनार्दन के सपनों को प्राथमिकता बनाया है। उसके रास्ते में कोई बाधा ना आए, इसके लिए प्रक्रिया से लेकर प्रौद्योगिकी तक, हर चीज का लोकतांत्रिकरण किया है और यह लोकतांत्रिक भावना हमारी रगों में, हमारे मन में है, हमारे संस्कार में है। इस संदर्भ में उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान चुनौतियों के बीच भारत द्वारा डेढ़ सौ से ज्यादा देशों को दवाइयां और वैक्सीन पहुंचाने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, लोगों का हित, लोगों की भलाई और उनका कल्याण, ये हमारा संस्कार है, और ये संस्कार हमें हमारे लोकतंत्र ने दिए हैं।

प्रधानमंत्री ने देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में महिलाएं केवल भागीदार ही नहीं बल्कि नेतृत्व की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि यह सशक्तिकरण आप को शीर्ष पद राष्ट्रपति से लेकर गांवों में निम्न स्तर तक दिखाई देगा। श्री मोदी ने भारतीय लोकतंत्र की विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं। विभिन्न भाषाओं में नौ सौ से अधिक टेलीविजन चैनल हैं। हजारों समाचार पत्र और पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं। बहुत कम समाज इतने बड़े स्तर पर विविधता का प्रबंधन कर पाते हैं। भारत इस विविधता का उत्सव मनाता है क्योंकि हमारे लोकतंत्र की नींव मजबूत है। हमारा लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष की तरह है, जिसे गहरी जड़ें सहारा देती हैं।

उन्होंने कहा कि यहां वाद-विवाद, संवाद और सामूहिक निर्णय-निर्माण की एक लंबी परंपरा रही है। भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। हमारे पवित्र ग्रंथ वेद पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। उनमें ऐसी सभाओं का उल्लेख है, जहां लोग मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र होते थे। विचार-विमर्श और सहमति के बाद निर्णय लिए जाते थे। उन्होंने कहा, हम भगवान बुद्ध की भूमि हैं। बौद्ध संघ में खुले और सुव्यवस्थित विचार-विमर्श होते थे। निर्णय सहमति या मतदान के माध्यम से लिए जाते थे।

### लोकतंत्र को सशक्त बनाने में तकनीक की भूमिका अहम : बिरला



**नयी दिल्ली** : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता लोकतांत्रिक संस्थानों को अधिक समावेशी, प्रभावी और नागरिकों के प्रति उत्तरदायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बदलते समय में संसदों को नई तकनीकी क्षमताओं को अपनाते हुए लोकतंत्र के मूल मूल्यों की रक्षा करनी होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक अंग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख में राष्ट्रमंडल के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन की पृष्ठभूमि में लोकतंत्र और तकनीक के आपसी संबंधों पर विस्तार से बताते हुए कहा कि सर्दियों की धुंध के बीच ऐतिहासिक संविधान सदन राष्ट्रमंडल देशों की संसदीय परंपराओं के संरक्षकों की मेजबानी के लिए तैयार है। 28वें राष्ट्रमंडल लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में अपने साथी लोकसभा अध्यक्षों का स्वागत करना बड़ी जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने कहा कि आज संसदों का कार्यक्षेत्र उन शक्तियों से बदल रहा है, जिनकी कल्पना पूर्वजों ने शायद ही की होगी। नियम-पुस्तिका जैसे पारंपरिक प्रतीकों के साथ अब एल्गोरिदम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी संसदीय कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं।

## एक नजर

### मुजफ्फरपुर में महिला व तीन बच्चों के शव बरामद

**मुजफ्फरपुर** : बिहार के मुजफ्फरपुर में एक महिला और उसके तीन बच्चों के शव मिले हैं। गुरुवार को अहियापुर थाना क्षेत्र के चंदवारा पुल के पास गंडक नदी से चारों शव बरामद किए गए। मृत महिला पिछले चार दिनों से बच्चों के साथ लापता थी। अहियापुर थाना की पुलिस मौके पर जांच कर रही है। फॉरेंसिक जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। मृत महिला की पहचान ऑटो चालक कृष्ण मोहन की पत्नी ममता के रूप में हुई है। ममता कुछ दिन पहले अपने तीन बच्चों के साथ अचानक घर से लापता हो गई थी, जिसके बाद पति ने अहियापुर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित पति कृष्ण मोहन ने बताया कि वह काम पर गया हुआ था। उसी दौरान उसकी पत्नी बच्चों को लेकर घर से निकल गई थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार, ममता बिना किसी को बताए घर से निकली थी और जरूरी सामान भी साथ नहीं ले गई थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि ममता और उसके बच्चों का अपहरण कर हत्या की गई है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# गुमला में भीषण सड़क हादसा चार तिलकुट व्यवसायियों की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** जिले के रांची मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव के समीप गुरुवार सुबह एक हाईवा वाहन ने छोटे पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मारी दी। इस दुर्घटना में छोटी पिकअप सवार चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें रिम्स के लिए रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार यह लोग एक छोटी पिकअप वाहन पर सवार होकर रांची से गुमला की ओर तिलकुट बेचने आ रहे थे। तभी भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव के समीप हाईवा वाहन ने उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अन्य दो लोग घायल हुए हैंए जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी लोग रांची के रहने वाले हैं। भरनो थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दो लोगों को सिसई रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दोनों को गंभीर हालत में रिम्स रांची रेफर किया गया है। इस घटना के बाद हाइवा चालकों के प्रति रोष व्याप्त है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। जिले के एसपी हरिश बिन जमा ने बताया कि चार लोगों की मौत हुई है। इनमें से तीन लोगों की पहचान संजय भुइयां पुत्र राजू भुइयां निवासी बसरीया थाना केरेडारी, हजारीबाग, बालेश्वर साहू पुत्र तुलसी साहू निवासी तेरियाडिह थाना टंडवा जिला चतरा और सुनिल कुमार पुत्र भूटक साबू निवासी ग्राम बेलेतो थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के रूप में हुई है।

खबर लिखने तक एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि अन्य दो लोग घायल हुए हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ये सभी लोग रांची के रहने वाले हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए प्राथमिक उपचार के बाद रांची के रिम्स भेजा गया है।

### हजारीबाग में भीषण सड़क हादसा जैप-7 के सब इंस्पेक्टर की मौत



**हजारीबाग** : हजारीबाग में गुरुवार देर शाम हुए एक सड़क हादसे में जैप-7 में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर अनिल पासवान की मौत हो गई। वे वर्तमान में चोरदाहा थाना, चौपारण में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जैप-7 मुख्यालय, हजारीबाग में पुलिस सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें शामिल होने के लिए अनिल पासवान हजारीबाग आए थे। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद वे वापस चोरदाहा, चौपारण लौट रहे थे। इसी दौरान पदमा गेट के पास बस पकड़ने के लिए सड़क पार करते समय बड़ी की ओर से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में अनिल पासवान के अलावा बुलेट पर सवार तीन लोगों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही अनिल पासवान ने दम तोड़ दिया। बुलेट सवार घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जैप-7 के पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार सहित कई पुलिस जवान और सहकर्मी अस्पताल पहुंचे। घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर है।

## क्लर्क से मारपीट मामले में रांची पुलिस जांच करने पहुंची ईडी ऑफिस




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दो अधिकारियों के ऊपर पेयजल विभाग के क्लर्क संतोष कुमार के की ओर से मारपीट का आरोप लगाया गया है। इसके बाद आरोपों की जांच करने रांची पुलिस की टीम गुरुवार की सुबह एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंची है। उल्लेखनीय है कि अपर चुटिया निवासी संतोष कुमार ने ईडी के सहायक निदेशक (द्वितीय) प्रतीक और सहायक शुभम पर कार्यालय में बुलाकर मारपीट करने, सिर फोड़ने और साक्ष्य मिटाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। संतोष कुमार की ओर से शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने एयरपोर्ट थाना में (कांड संख्या 05/2026) दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पीड़ित संतोष कुमार की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उन्हें 12 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे हिनू स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। संतोष कुमार का आरोप है कि दोपहर करीब 1.35 बजे जब वे सहायक निदेशक प्रतीक के कक्ष में पहुंचे, तो वहां मौजूद अधिकारी उन पर आरोपों को कबूल करने का दबाव बनाने लगे। शिकायत में कहा गया है कि जब संतोष कुमार ने आरोपों को मानने से इनकार किया, तो अधिकारी प्रतीक और शुभम ने उनके साथ गाली-गलौज की और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि अधिकारियों ने उन पर जानलेवा हमला किया, जिससे उनका सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। मारपीट के दौरान कथित तौर पर अधिकारियों ने कहा,अगर तुम मर भी जाते हो तो हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

संतोष कुमार के अनुसार, घायल होने के बाद उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके सिर पर छह टांके लगे। अस्पताल में भी उन्हें धमकाया गया कि वे डॉक्टर को चोट लगने की सही वजह न बताएं। वापस ईडी कार्यालय लाने पर पीड़ित का आरोप है कि उनके खून से सने टी-शर्ट को जबरन उतरवाकर नया टी-शर्ट पहना दिया गया। उनसे एक 'इंसिडेंट रिपोर्ट' पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए, जिसे उन्हें पढ़ने तक नहीं दिया गया।

## मुख्यमंत्री पहुंचे ज्यूरिख, विश्व आर्थिक फोरम में लेंगे हिस्सा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दावोस में हो रहे विश्व आर्थिक फोरम में शामिल होने के लिए गुरुवार को ज्यूरिख पहुंचे। वहां एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत मृदुल कुमार ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में लिखा है कि राजदूत मृदुल कुमार से मिलकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मैं प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए समावेशी विकास पर केंद्रित बैठक में झारखंड और भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। खनिज संपदा से भरपूर झारखंड राज्य खनन, विनिर्माण, अवसंरचना और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर प्रदान करता है।

उल्लेखनीय है कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक होगी। इसका उद्देश्य निवेश की संभावनाओं से लबरेज झारखंड को एक प्रमुख निवेश का गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना है। वैश्विक उद्योग जगत के शीर्ष लोगों के साथ संवाद स्थापित करना है। राज्य के फोकस एरिया में निवेश के नए अवसरों को आगे बढ़ाना है। इस दौरान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ निवेश के प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

### वैश्विक मंच पर क्रिटिकल मिनरल्स का पावर हब बनने को तैयार झारखण्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड राज्य बनने के 25 वर्ष पूरे कर विजन 2050 की ओर अपने क्रिटिकल मिनरल्स के साथ आगे बढ़ रहा है, जो न सिर्फ भारत के आर्थिक उत्थान को गति देगा बल्कि वैश्विक आर्थिक आयामों में भी सहायक होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड के लिए इस बात को विश्व आर्थिक मंच तक ले जाना निवेश से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह संसाधन-समृद्ध क्षेत्र की वास्तविक परिभाषा को फिर से परिभाषित करने के बारे में है। झारखण्ड दुनिया को संदेश देगा कि खनिज संपदा, प्रौद्योगिकी, नीति सुधार और पर्यावरण सुरक्षा के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार सृजन के लिए संसाधन समृद्ध क्षेत्र वाहक बन सकता है। झारखण्ड की मिट्टी में मौजूद खनिजों को अब विश्व के ऊर्जा परिवर्तन के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। ये वही क्रिटिकल मिनरल्स हैं जो सौर ऊर्जा, पवन चक्कियों, बैटरी उत्पादन, हाइड्रोजन गैस से संबंधित उद्योगों, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और स्मार्ट ग्रिड के विकास में सहायक हैं। जैसे-जैसे दुनिया इन दुर्लभ खनिजों के लिए सुरक्षित और जिम्मेदार आपूर्ति श्रृंखलाओं की तलाश कर रही है वैसे-वैसे झारखण्ड खुद को एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक भागीदार के रूप में दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए विजन 2050 के साथ आगे बढ़ रहा है। झारखण्ड अपने इस बढ़ते कदम को और मजबूती देने के लिए दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक और ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा के दौरान वैश्विक नेताओं के साथ संवाद करेगा। इस दौरान झारखण्ड अपने खनिजों के बदौलत भारत की औद्योगिक शक्ति, सौर, पवन, जल विद्युत और बायोमास जैसी ऊर्जा से संबंधित अर्थव्यवस्था में भारत के भविष्य की नींव रखने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी होने की बात से दुनिया को अवगत कराएगा। हाल ही में राज्य में स्थित विश्व स्तरीय आईआईटी आईएसएम धनबाद में क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में क्लीन-टेक को बढ़ावा देने को लेकर एक केंद्र स्थापित किया गया है।

## महाराष्ट्र में भाजपा की लहर, एग्जिट पोल्स में महायुति को बहुमत, ठाकरे गुट पिछड़ा

एजेंसी



**मुंबई :** महाराष्ट्र की 29 नगरपालिकाओं के चुनाव खत्म होते ही एग्जिट पोल्स के आंकड़े सामने आ गए हैं। 'एक्सिस माय इंडिया' और 'JVC' के सर्वे के अनुसार, मुंबई (बीएमसी) में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभर रही है। एक्सिस माय इंडिया ने बीजेपी गठबंधन को 131 से 151 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 58 से 68 सीटों पर सिमटते हुए दिखाया गया है। कांग्रेस को इस सर्वे में महज 12 से 16 सीटें मिलने की उम्मीद है। JVC एग्जिट पोल के आंकड़े भी लगभग इसी दिशा में इशारा कर रहे हैं, जहां बीजेपी प्लस को 138 सीटें दी गई हैं। एक्सिस माय इंडिया का अनुमान है कि बीजेपी नीत गठबंधन बहुमत का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगा। उन्हें 131 से 151 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है, जो जीत का स्पष्ट संकेत है। दूसरी ओर, शिवसेना कड़ी टक्कर देने के बावजूद 58-68 सीटों के बीच अटकती दिख रही है। कांग्रेस के लिए यह चुनाव काफी मुश्किल भरा साबित हो सकता है क्योंकि उसे सिर्फ 12-16 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य छोटे दलों और निर्दलीयों के खाते में भी कुछ सीटें जा सकती हैं।

JVC एग्जिट पोल ने भी बीजेपी और उसके सहयोगियों को स्पष्ट बढ़त दी है। इस सर्वे के मुताबिक बीजेपी गठबंधन को 138 सीटें मिल सकती हैं, जो बहुमत के लिए पर्याप्त हैं। शिवसेना को 59 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर दिखाया गया है, जबकि कांग्रेस को 23 सीटें मिलने की बात कही गई है। अन्य उम्मीदवारों को 7 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। दोनों ही बड़े सर्वे में बीजेपी की स्थिति काफी मजबूत नजर आ रही है और विपक्षी दलों के गठबंधन की राह कठिन लग रही है। Sakal के बीएमसी एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी वाली महायुति 227 सदस्यीय बीएमसी में 119 सीटें जीतकर सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

## एक नजर

### नहाने के दौरान डूबने से वृद्ध महिला की मौत, 20 घंटे बाद मिला शव

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के करगईयो नदी में बीते शाम नहाने के दौरान डूबने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतिका की पहचान सुगिया देवी उम्र करीब 60 वर्ष पति स्व कल्लू कल्लू यादव करगईयो निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका। बुधवार को नहाने के लिए नदी गई हुई थी, जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। डूबने के बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने काफी खोजबीन की। उसके बाद कोई जानकारी हाथ नहीं लगा। शव की खोज के लिए तिलैया डैम का फाटक बंद कर दिया गया, जिसके बाद नदी में सूखने के बाद भंडारों पंचायत के बेहराबाद के नदी के किनारे से शव को बरामद किया गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके स्वजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना के बाद मृतिका के परिजनों का रो – रो कर बुरा हाल है। भाजपा जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं भाजपा उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, अमित गौरव ने शोक संवेदना प्रकट की।

### आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन का मानवीय प्रयास, असहायों के चेहरे पर लौटी मुस्कान



**चौपारण :** आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित आपदा मित्र पुस्तकालय परिसर में गुरुवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने हाथों से ताजपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के 40 से अधिक गरीब एवं असहाय लोगों के बीच उच्च गुणवत्ता के कंबल वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन लगातार क्षेत्र में सेवा की मिसाल पेश कर रहा है। फाउंडेशन का प्रत्येक कार्य जनसेवा से जुड़ा है और समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे फाउंडेशन के हर सेवा कार्य में हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। इससे पूर्व, विधायक के आपदा मित्र पुस्तकालय पहुंचने पर फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, सचिव शशि शेखर, हेमंत साहू, दिलीप राणा, मनीष साहू, चंदन कुमार, शक्ति चंद्रवंशी सहित अन्य सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### पुलिस की कार्रवाई से गोवंश तस्करी पर करारा प्रहार, तीन तस्करों को दबोचा

**चौपारण :** थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के कुशल नेतृत्व, सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का एक और प्रभावी उदाहरण सामने आया है। बृहस्पतिवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध पशु तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बिना समय गंवाए पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया और चौपारण थाना गेट पर सघन वाहन जांच अभियान शुरू कराया। इसी दौरान बिहार की ओर से आ रही एक पिकअप वैन को रोका गया। जांच में पाया गया कि वाहन में 08 गोवंशीय पशुओं को अत्यंत अमानवीय व क्रूरतापूर्ण तरीके से ठूंसकर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को जब्त कर सभी पशुओं को सुरक्षित रूप से मयूरहंट स्थित गौशाला पहुंचाया।

# हनुमन्त सेवा संस्थान का सराहनीय आयोजन, मकर संक्रांति पर गढ़काली मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं संग दही-चूड़ा भोज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गुरुवार को हनुमन्त सेवा संस्थान, बिगहा द्वारा गढ़काली हनुमान मंदिर परिसर में सामूहिक दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में सांसद और विधायक ने गढ़काली स्थित माता काली और भगवान हनुमान की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान दोनों जन प्रतिनिधियों ने सेवा भाव का परिचय देते हुए स्वयं अपने हाथों से उपस्थित सैकड़ो लोगों के बीच दही, चूड़ा और तिलकुट का वितरण किया और त्योहार की खुशियां साझा कीं। सांसद ने आयोजन की सराहना करते हुए संस्थान के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजनों से समाज में समरसता और आपसी भाईचारा बढ़ता है। वही बरही विधायक ने कहा कि आस्था और आध्यात्म के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध बिगहा गढ़काली मंदिर परिसर आज अपनी भव्यता और पवित्रता के कारण पूरे झारखंड राज्य में प्रसिद्धि हासिल कर रहा है। यहाँ का आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को शांति प्रदान करता है। मौके पर जीप सदस्य आरती कौशल, हरिश्चंद्र सिंह, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, रेवा शंकर साव, राजेन्द्र चंद्रवंसी, आशीष सिंह, विकास यादव, संजय सिंह, बिरेन्द्र रजक, जन्मेजय सिंह, देव कुमार दांगी, आनंद चंद्रवंसी, कुमार राहुल, प्रो बिराज रविदास, जानकी यादव, राज कुमार यादव, सुखदेव पासवान, बलराम दांगी, अरविंद सिन्हा, सुरेंद्र रजक, प्रदीप केसरी, सियाराम सिंह, प्रदीप शर्मा, मंटु दांगी, मो सफाल, कामदेव प्रजापती, बालेश्वर साव, जनार्दन सिंह, गुलाब रजक, मन्तोष सिंह, रंजन सिंह, मुकेश सिंह, कपिल यादव, रामसेवक यादव, दिनेश यादव, छोटू चन्द्रवंशी सहित कई लोग शामिल थे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल का भव्य स्वागत संगठन मजबूती और जनसमस्याओं पर हुई चर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल के बरही आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बरही प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में होटल युराज में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां बरही प्रखंड कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार और आत्मीय स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष जेपी पटेल ने बरही विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनसमस्याओं को एक-एक कर गंभीरता से सुना। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से क्षेत्र की राजनीतिक, सामाजिक और विकास से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। जिला अध्यक्ष ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है और किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा जनहित और जनसंघर्ष से जुड़ा रहा है। इस मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस हमेशा से मजबूत रही है और आने वाले दिनों में भी कांग्रेस की उपस्थिति और भूमिका और सशक्त होगी। इसके लिए अभी से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की जरूरत है।

## विधायक ने लकुरा एवं बादम मेले का पिता काटकर किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** हर वर्ष की भांति इस भी प्रखंड लाकुरा एवं बदाम पंचबहिनी मंदिर में मकर संक्रांति से शुभ अवसर पर गुरुवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं। मकर संक्रांति का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों और व्यापारियों को एक बड़ा मंच मिलता है। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और बच्चों के लिए झूले, हस्तशिल्प की दुकानें और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष व्यवस्था की गई है। मेला समिति के अध्यक्ष सोहन महतो ने विधायक का स्वागत बुके भेंट कर किया। इस मौके पर कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया एतवरिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि सनीत महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, महेंद्र महतो, अध्यक्ष रवि कुमार, सचिव प्रमोद महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस, संतोष महतो, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## रेनबो स्कूल बरही में भारतीय सेवा दिवस का आयोजन स्केचिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में भारतीय सेवा दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के बीच स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों में भारतीय सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना था। प्रतियोगिता के तहत विद्यार्थियों को मात्र 25 मिनट का समय दिया गया, जिसमें पेंसिल की सहायता से भारतीय सेवा से जुड़े विषयों पर चित्र बनाने को कहा गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने देश सेवा, जनकल्याण, अनुशासन और समर्पण जैसे भावों को अपने चित्रों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की कल्पनाशीलता और कला कौशल ने सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के बाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिता में वर्षा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि असवृति कुमारी ने द्वितीय स्थान और सोनम कुमारी एवं आरूषी कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी कुमारी, मंशा परवीन, अंजू कुमारी, प्रिया पासवान, अंशु कुमारी, प्रियांशु कुमारी, स्वाति कुमारी एवं राबिया प्रवीण को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारतीय सेवा दिवस हमें उन सभी सेवाओं और सेवाभावी व्यक्तियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर देता है, जो निस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में देशभक्ति, जिम्मेदारी और सेवा भावना को मजबूत करती हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का मकर संक्रांति मिलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के तत्वाधान में बड़कागांव के हजारीबाग रोड स्थित रुक्मणी भवन सभागार में 1 मकर संक्रांति मिलन समारोह सह सीजीएल परीक्षा में सफल प्रतिभागियों का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष कैलाश साहू एवं संचालन प्रदेश महामंत्री अरविंद कुमार ने किया। समारोह की शुभारंभ दानवीर भामाशाह के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी तथा बालूमाथ अंचल के अंचलाधिकारी साहू बालेश्वर राम के हाथों तेली समाज के बड़कागांव प्रखंड के सीजीएल में सफल प्रतिभागी हेठगढ़ा निवासी संतोष कुमार साव, नापोखुर्द निवासी दिलीप कुमार एवं सुरेंद्र कुमार को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ सफल प्रतिभागियों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि बड़कागांव प्रखंड में तेली समाज से पांच प्रतिभागी सीजीएल परीक्षा में सफल हुए हैं। लेकिन नापोखुर्द के अन्य दो प्रतिभागी दिवाकर कुमार एवं कृष्णा कुमार किसी कारणवस उपस्थित नहीं हो पाए। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि हमारा समाज युग युगांतर से देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हमेशा ऐतिहासिक कार्य किया है। साथ ही साथ समाज हमेशा सफल प्रशासक देने का काम किया गया। वैज्ञानिक युग में समाज के सभी व्यवसायिक अपने-अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम अवश्य करें।

# महीने भर से लापता 10 वर्षीय मासूम दीपक, पुलिस के हाथ अब भी खाली, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के बेरदाग गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ का 10 वर्षीय मासूम बच्चा, दीपक कुमार, पिछले करीब एक महीने से लापता है। 23 दिसंबर को खेल-खेल में घर से निकला दीपक आज तक वापस नहीं लौटा। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, परिजनों की उम्मीदें टूटती जा रही हैं और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### खेलने के दौरान हुआ था लापता

परिजनों के अनुसार, 23 दिसंबर को दीपक रोज की तरह घर के पास खेलने निकला था, लेकिन देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा, तो खोजबीन शुरू हुई। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो मामले की सूचना 24 दिसंबर को स्थानीय पुलिस को दी गई। आज लगभग महीना पूरा होने को है, लेकिन दीपक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

#### परिजनों का आरोप: पुलिस पल्ला झाड़ रही है

जहां एक ओर प्रशासन जांच का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्हें थाने से उचित सहयोग और आश्वासन नहीं मिल रहा है। परिजनों का कहना है:
जब हम थाने जाते हैं, तो हमें ही प्रयास करने को कहा जाता है। पुलिस कहती है कि आप भी ढूंढिए, हम भी देख रहे हैं। ऐसे में हम बेबस माता-पिता कहाँ जाएँ?₹

#### मानसिक स्थिति और पहचान

परिजनों ने बताया कि दीपक की मानसिक स्थिति सामान्य बच्चों जैसी पूरी तरह ठीक नहीं थी, लेकिन वह अपनी जरूरत की हर बात समझता था और अपने घर के रास्तों से वाकिफ था। बच्चे के गायब होने से घर में कोहराम मचा हुआ है और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

#### पुलिस प्रशासन का पक्ष

इस मामले पर बरही अनुमंडलीय डीएसपी अजीत कुमार विमल ने बताया कि पुलिस हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठी है। उन्होंने कहा: मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जिले के सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है।बच्चे की तस्वीर के साथ पोस्टर बनवाकर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया और नेटवर्क के जरिए भी सुराग जुटाने की कोशिश जारी है।

#### अनुत्तरित सवाल: आखिर कहां है दीपक

एक महीना बीत जाने के बाद भी किसी सुराग का न मिलना पुलिस की इंटेलिजेंस और कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। क्या दीपक किसी गिरोह के हत्थे चढ़ गया है या वह रास्ता भटक कर कहीं दूर निकल गया है यह सवाल आज भी अनुत्तरित है।

## संक्षिप्त खबरें

### मकर संक्रांति पर्व पर भोज का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम चंदौल निवासी समाज सेवी बिनोद यादव के सौजन्य से चंदौल यादव भवन में मकर संक्रांति पर्व पर भोज का आयोजन किया गया। जिसमे पंचायत के लगभग 400 लोगों ने एक साथ चूड़ा, दही का आनंद के साथ हिंदू मुस्लिम एकता कभी मिशाल देखने को मिला। जिसमें मुख्य रूप से सर्व समाज के अध्यक्ष बिनोद यादव, सचिव मो नौशाद, कोषाध्यक्ष, अवधेश सिंह, प्रखण्ड रविदास समाज के अध्यक्ष अशेश्वर राम, पंचायत समिति प्रतिनिधि, सुरेश चौधरी, उप मुखिया मो. शमसेर अंसारी, मो. कलाम, सूरज दास, अनिल दास , रामनवमी महा समिति अध्यक्ष विवेक सोनी, बीजेपी युवा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, अनुज यादव, सदर पुंदौल मो. मुस्तकीम,मो. अख्तर, मो. मंसूर, अर्जुन यादव, महेंद्र यादव, छोटे यादव, राहुल पासवन, विक्की सिंह,मो. शमीम, शिबू महतो, विकास पांडेय , रंजन पांडेय,नंदू यादव, पंचेश्वर साव, रोहित शर्मा, काशी रजवार एवं अजय रजवार सहित सैंकड़ो लोग शामिल थे।

### चेपाखुर्द में हनुमान मंदिर नवनिर्माण को लेकर की गई बैठक, कमेटी का गठन



**बड़कागांव :** डाडीकला पंचायत अंतर्गत चेपाखुर्द में हनुमान नवनिर्माण मंदिर को लेकर बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता पदुम साव संचालन अजय यादव ने किया। वैठक में निर्णय लिया गया कि हनुमान मंदिर अधूरा था इसलिए मंदिर निर्माण को पुरा किया जाएगा। मंदिर निर्माण कमेटी का चयन किया गया। अध्यक्ष मुकेश चौरसिया ,उपाध्यक्ष देव कुमार महतो ,सचिव केशन भुईयां,उपसचिव गोवर्धन यादव,सह सचिव समीर महतो कोषाध्यक्ष रंजीत साव, सदस्य शिबू साव, पारसनाथ यादव, अजय भुईयां , दिलचंद साव, विजय साव, दिगेश्वर महतो, रामधन साव, सुरेश साव, बालेश्वर यादव सुखारी साव, आनंद कुमार लालदेव महतो, विशाल महतो, राजकुमार साव, जगलाल साव, गणेश यादव, ऋषि यादव, राजेश यादव, प्रेम साव, राजकिशोर यादव बनाए गए। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भास्कर महतो, कोषाध्यक्ष उमेश साहू, तारकेश्वर महतो,पदुम साव , कौलेश्वर महतो ,नॉलेस यादव, अजय यादव राजदेव महतो ,राजेश राम, केशन भुईयां, रामविलास साव, लालजीत महतो, रंजीत साव, मुकेश चौरसिया, सुनील चौरसिया, गोवर्धन यादव, तुलसी यादव, सहदेव यादव,झरी साव, राजकुमार साव,नर्सिंग विश्वकर्मा, लालदेव महतो तथा चेपाखुर्द के ग्रामीण लोग बैठक में शामिल थे।

### चलकुशा के सरकारी हॉस्पिटल में सफाई कर्मी कर रही हैं इलाज



**हजारीबाग :** जिले के चलकुशा प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलकुशा में हालात ऐसा है की डॉक्टर की बजाय सफाई कर्मी कर रहे हैं मरीजों की इलाज यह न सिर्फ चिंताजनक है बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य प्रणाली की गंभीर विफलता को उजागर करता है सोमवार को इसका जीता जागता उदाहरण सामने आया। जब एक महिला इलाज के लिए चलकुशा पीएचसी पहुंची। महिला की हालात गंभीर थी लेकिन दुर्भाग्य उस समय अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं था ऐसे हालात में केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मी महिला ने मानवता और साहस का परिचय देते हुए प्राथमिक उपचार किया स्थानीय लोगों का कहने है की चलकुशा पीएचसी में डॉक्टर सप्ताह में तीन दिन आते वो भी 3 बजे तक इसके स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम का रह जाता है इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है इस पूरे मामले पर चिकित्सा प्रभारी रतना रानी ने इसे पूरे मामले को स्वीकार किया है वहीं स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई है।

### बरही में खोरठा एल्बम सॉन्ग का हुआ लॉचिंग,लोकल कलाकारों का दिखा जलवा



**बरही :** बरही के राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार किए गए एल्बम खोरठा सॉन्ग ह्यझारखंड यूपी बिहार का भव्य लॉन्चिंग कार्यक्रम गुरुवार को राज आर्यन डांस अकादमी परिसर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राज आर्यन प्रोडक्शन के प्रोपराइटर राज आर्यन उर्फ छोटी की जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में क्षेत्र के कलाकारों और संगीत प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली। लॉन्चिंग समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश मुख्य संरक्षक सह सिविल सर्जन कोडरमा डॉ अनिल कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश संगठन सचिव राजकुमार यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, अमित गौरव, संजय दुबे, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, विजय यादव, सुनील निषाद, पत्रकार योगेन्द्र प्रजापति, नितेश कुमार, डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी , अभिनेता विकाश विश्वास, प्रख्यात कुमार, विकाश कुमार समेत कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अतिथियों ने संयुक्त रूप से खोरठा सॉन्ग 'झारखंड यूपी बिहार' का विमोचन एवं लॉचिंग किया । लोकल कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे गीत क्षेत्रीय संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। लोकल कलाकारों को हम सब मिलकर आगे बढ़ाएंगे। कृष्णा प्रजापति ने सभी से सहयोग की अपील की। भरत यादव ने हर संभव सहयोग की भरोसा दिया। रमेश ठाकुर ने कहा कि राज आर्यन की बरही के कलाकारों को जल्द कार्यक्रम के दौरान कलाकारों के उत्साह और दर्शकों की तालियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। उपस्थित सभी लोगों ने एल्बम की सफलता की कामना की। संजय दुबे ने कहा कि नागपुरी सॉन्ग बरही के लोकेशन पर फिल्माया गया है। हम सब इसको और आगे बढ़ाने का काम करेंगे। विजय यादव ने सभी कलाकारों की सफलता की कामना की।

## एक नजर

### झारखंड को नहीं बनने देंगे बंगाल : बाबूलाल

**रांची** : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय को रांची पुलिस द्वारा घेरा जा रहा है। ईडी कार्यालय में मुख्यमंत्री एवं पुलिस-प्रशासन से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में इन अहम साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का प्रयास किया जा सकता है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड में पहले भी ईडी के विरुद्ध झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। झामुमो-कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ईडी पर हमले की कोशिशें भी हो चुकी हैं। ऐसी घटनाएं जांच एजेंसियों के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कार्य में बाधा डालने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि झारखंड को बंगाल नहीं बनने देंगे। भ्रष्टाचार की सजा जरूर मिलेगी। बाबूलाल ने पीएमओ और होम मिनिस्ट्री से रांची स्थित ईडी कार्यालय पर केंद्रीय बलों की तैनाती कर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### विनय चौबे को फ्लैट दिलाने वाले सरदार सुरेंद्र सिंह को एसीबी ने किया अरेस्ट

**रांची** : विनय चौबे और विनय सिंह के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति की जांच से जुड़े मामले में एसीबी ने दिल्ली के रियल स्टेट कारोबारी सरदार सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एजेंसी ने सरदार सुरेंद्र सिंह को रांची से गिरफ्तार किया है। एसीबी ने सुरेंद्र सिंह को गुरुवार को पूछताछ के लिए मुख्यालय बुलाया था लेकिन वह एसीबी की पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे थे। अउइ की जांच में यह बात सामने आई कि विनय चौबे की सरहज (साले की पत्नी) प्रियंका त्रिवेदी के नाम पर खरीदे गए एक फ्लैट के मामले में सुरेंद्र सिंह की भूमिका थी। वर्ष 2017 में सुरेंद्र सिंह ने एक पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर प्रियंका त्रिवेदी को लगभग 43 लाख रुपये में एक फ्लैट बेचा था। एसीबी को संदेह है कि इस खरीद-फरोख्त में विनय चौबे के अवैध धन का निवेश किया गया था। इसी लेनदेन के दस्तावेजों का सत्यापन करने और धन के स्रोत का पता लगाने के लिए एसीबी ने जनवरी 2026 की शुरुआत में सरदार सुरेंद्र सिंह को रांची बुलाकर पूछताछ की थी। इस मामले में सुरेंद्र सिंह के अलावा रांची के कारोबारी श्रवण जालान और ज्योतिष एन।के। बेरा से भी पूछताछ की जा चुकी है।

### तालाब से युवक का शव मिला

**मुरी**: मुरी ओ पी क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार के दिन मुरी गोला मुख्य पथ के समीप बांसारुली गांव जाने वाली रास्ता के किनारे तालाब में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला।शव मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई।स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को पंचनामा कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।शव की पहचान असुरकोड़ा निवासी इंदेल लोहरा(26),पिता रामस्वरूप लोहरा के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक 13 जनवरी को अपनी पत्नी से नशे की हालत में झगड़ा कर रात में 11 बजे घर से निकला था और पुनः घर वापस नहीं आया।बतातें चलें कि मृतक मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला था और विगत 25 वर्षो से असुरकोड़ा में अपने रिश्तेदार के साथ रहता था एवं रांची में राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।पुलिस मामले को लेकर क्षाणबीन में जुटी हुई है और बताया की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# चर्च रोड से कर्बला चौक तक चला बुलडोजर अतिक्रमण हटाया, दुकानदारों का विरोध बेअसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रांची नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। आज चर्च रोड से कर्बला चौक तक बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर डेली मार्केट चौक से चर्च रोड होते हुए कर्बला चौक तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण को हटाया। इस इलाके में लगातार जाम और यातायात बाधा की शिकायतें मिल रही थी,



जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान निगम और अंचल कार्यालय के अमीन ने पहले सड़क की विधिवत मापी की। इसके बाद दुकानों के बाहर रखे सामान, गुमटियां, अवैध निर्माण और शेड को हटाया गया। कई जगहों पर बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण तोड़ा गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। उनका आरोप था कि नगर निगम सिर्फ गरीबों पर कार्रवाई करता है, जबकि अमीरों पर कोई कदम नहीं उठाया जाता। हालांकि विरोध के बावजूद नगर निगम की कार्रवाई जारी रही। नगर निगम का कहना है कि शहर को जाम और अतिक्रमण से मुक्त रखना उनकी प्राथमिकता है। निगम ने आम लोगों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण न करें और शहर को सुचारु, सुरक्षित और सुंदर बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

## सिल्ली में श्मशान काली पूजा संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली पोस्ट ऑफि स के पीछे स्थित श्मशान काली पूजा धूमधाम के साथ संपन्न हुई। हर वर्ष मकर संक्रांति के दूसरे दिन मनाए जाने वाले इस पर्व में सिल्ली और आसपास के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह से ही पूजा के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का तांता शाम तक लगा रहा। श्मशान काली पूजा के प्रति लोगों की विशेष आस्था है। मान्यता है कि जो भी लोग मन्नत मांगते हैं, वह निश्चय ही पूरी होती है। इसीलिए श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर माँ श्मशान काली के दरबार में पहुँचते हैं। पूजा समिति ने इस वर्ष भी श्मशान काली पूजा को भव्य तरीके से मनाया। राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने बताया की मां श्मशान काली की पूजा से लोगों को मानसिक शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। वही पूजा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि वे हर वर्ष श्मशान काली पूजा में शामिल होते हैं और मां से अपनी मन्नतें माँगते हैं। उन्होंने मां श्मशान काली की पूजा से उनकी मन्नतें पूरी हुई हैं और वे माँ के प्रति आभारी हैं। दिन भर श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। पूजा में शामिल होने वाले श्रद्धालु मनोज रजक, किशोर रजक, दीपक रजक, चंदन गोस्वामी, भरत विश्वकर्मा, प्रशांत रजक, मंटू मण्डल, शंकर रजक, सुबोध रजक, अशोक रजक, दुर्गा रजक, प्रमित रजक और बनटू गुप्ता समेत कई लोग शामिल थे।

## बजट पूर्व कार्यशाला का हुआ आयोजन, नगर विकास एवं पर्यटन प्रक्षेत्र पर हुआ मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य सरकार द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया के तहत बजट पूर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 15 जनवरी, 2026 को नगर विकास एवं पर्यटन प्रक्षेत्र से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। यह कार्यशाला प्रोजेक्ट भवन स्थित एनेक्सी सभागार में आयोजित हुई।

कार्यशाला में नगर विकास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने भाग लिया। उन्होंने विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना और विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बजट निर्माण की प्रक्रिया में सभी हितधारकों एवं




विशेषज्ञों की सहभागिता राज्य के समावेशी और सतत विकास के लिए आवश्यक है।

कार्यशाला के दौरान शहरी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों के आधार पर व्यावहारिक और दूरदर्शी सुझाव प्रस्तुत किए। बजट पूर्व आयोजित इस कार्यशाला में प्राप्त सुझावों पर विचार कर उन्हें आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में सम्मिलित किए जाने की संभावना पर चर्चा की जाएगी।

बताया गया कि कार्यशाला के द्वितीय दिवस, दिनांक 16 जनवरी, 2026 को शिक्षा प्रक्षेत्र से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने लापता अंश अंशिका को ढूंढने में अहम योगदान देने वाले बजरंग दल के कार्यकताओं को सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। आदित्यू साहू ने रामगढ़ के चितरपुर जाकर लगभग एक दर्जन लड़को को सम्मानित किया है। इस दौरान विधायक रौशन लाल चौधरी समेत कई जिला अध्यक्ष मौजूद थे।

बता दें कि झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी लगातार यह कह रहे हैं कि बजरंग दल के कार्यकताओं की सक्रियता से ही बच्चे सुरक्षित बरामद हो सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि लापता बच्चों को खोजने वाले युवाओं की अनदेखी कर पुलिस ने घोर संवेदनहीनता का परिचय दिया। बाबूलाल ने यह भी मांग की कि पुलिस अपनी गलती सुधारे और इन युवाओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करे। उनका कहना था कि अगर समाज के मददगारों की अनदेखी होती रही, तो भविष्य में जनता पुलिस का सहयोग करने से कतराएगी। उन्होंने कहा भी था कि भाजपा इन साहसी युवाओं को सम्मानित करेगी। इसी बीच आज इनको सम्मानिक किया गया है। बता दें कि पुलिस की ओर से पहले घोषणा की गई थी कि जो भी इन बच्चों को ढूंढेगा, उसे चार लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। हालांकि बच्चे सुरक्षित मिल जाने के बाद पुलिस की तरफ से किसी को भी क्रेडिट नहीं दिया गया। इस कारण लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर चार लाख रुपये का हकदार कौन होगा।

## एसबीयू में 'यूथ आइकॉन टॉक' में विद्यार्थियों को मिला प्रेरक मार्गदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'माय भारत' पहल के अंतर्गत युवा कनेक्ट कार्यक्रम के तहत यूथ आइकॉन टॉक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता यूथ आइकॉन श्वेता सिंह रहीं, जिन्होंने 'वंदे मातरम - विकसित भारत 2047 के लिए सभ्यतागत मंत्र' विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में सुश्री सिंह ने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय मूल्यों को आत्मसात करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के प्रसिद्ध कथन– 'सपने विचारों में बदलते हैं और विचार कर्म में' –का उल्लेख करते हुए युवाओं को ईमानदारी, नवाचार और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने बड़े सपने देखने और उद्देश्यपूर्ण कार्य करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार और जिज्ञासाएं साझा कीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति डॉ. सी. जगनाथन, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# ईडी ने जेपीएससी-2 नियुक्ति घोटाले में की ईसीआईआर दर्ज, 60 लोगों को बनाया आरोपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : ईडी ने जेपीएससी की ओर से आयोजित दूसरी सिविल सेवा परीक्षा में हुई गड़बड़ी में मनी लाउंड्रिंग की जांच के लिए प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। इसमें सीबीआई की ओर से 60 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। ईसीआईआर में जेपीएससी-2 में आयोग्य परीक्षार्थियों को सफल घोषित करने में मनी लाउंड्रिंग का आरोप लगाया गया है।

ईडी के अधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ईडी की ओर से आरोपी बनाये गये 60 लोगों में जेपीएससी से जुड़े छह अधिकारियों और गलत तरीके से सफल घोषित होकर अफसर बने




28 तत्कालीन परीक्षार्थियों का नाम शामिल है। ईडी ने गलत तरीके से लिखित परीक्षा और इंटरव्यू में नंबर बढ़ाने के आरोप में 25 परीक्षकों के अलावा मैसर्स ग्लोबर इनफॉरमेटिक्स के मैनेजर को भी नामजद आरोपित बनाया है।

ईडी की ओर से आरोपित बनाये गये अधिकारियों में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष और सदस्यों का नाम भी शामिल है। आरोपित बनाये गये आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद पहले आयोग के सदस्य बनाये गये थे। इसके बाद उन्हें आयोग का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद उन्हें अध्यक्ष बनाया गया। इस तरह वह आयोग में 29 जनवरी 2002 से 13 अप्रैल 2010 तक कार्यरत रहे। ईडी ने जिन तत्कालीन परीक्षार्थियों को आरोपित बनाया है उसमें राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अब एडीएम रैक में प्रोन्नत हो चुके है। इसके अलावा राज्य पुलिस सेवा के रूप में सफल घोषित उम्मीदवारों में से कई आईपीएस में प्रोन्नत हो चुके है। ईडी की ओर से ईसीआईआर में आरोपित बनाये गये अधिकारियों के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग के आरोपों की जांच होगी।

उल्लेखनीय है कि जेपीएससी-2 में गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर सरकार ने पहले एसीबी जांच का आदेश दिया था। एसीबी जांच में संतोषप्रद प्रगति नहीं होने पर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की गयी थी। उच्च न्यायालय ने एसीबी जांच की धीमी गति को देखते हुए सीबीआई जांच का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में सीबीआई ने वर्ष 2012 में प्राथमिक दर्ज की। जांच के दौरान पैदा हुई कानूनी अड़चनों की वजह से सीबीआई ने इस मामले में 12 साल बाद वर्ष 2024 में आरोप पत्र दायर किया। सीबीआई की ओर से आरोपित सभी फिलहाल जमानत पर है। गड़बड़ी करने वाले आयोग के अधिकारियों में तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप कुमार प्रसाद, तत्कालीन सदस्य गोपाल प्रसाद, तत्कालीन सदस्य शांति देवी, तत्कालीन सदस्य राधा गोविंद नागेश, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी सिंह, असिस्टेंट कोऑर्डिनेट इवैलुएशन अरविंद कुमार सिंह, ग्लोबल इनफॉरमेटिक्स के मैनेजर धीरज कुमार शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में बढ़ रहा अधिकतम तापमान



**रांची** : झारखंड में कनकनी बरकरार है। राहत की बात यह है कि अधिकतम तापमान 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। लेकिन न्यूनतम तापमान जस के तस बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, गुमला में सबसे कम न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं खूंटी का न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो, खूंटी, लोहरदगा, सरायकेला, पाकुड़ और गुमला में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। सिर्फ लातेहार का अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रांची के आसपास के क्षेत्रों में 16 जनवरी को अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस, 17 जनवरी को अधिकतम 23 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस, 18 जनवरी को अधिकतम 24 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस और 19 जनवरी को अधिकतम 25 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

### अभी तक खुमारी में हैं बाबूलाल : कांग्रेस

**रांची** : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयानों पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी अभी तक खुमारी में हैं। अपने राजनीतिक दायित्वों का निर्वहन बाबूलाल सिर्फ प्रशासन को कटघरे में खड़ा करके करना चाहते हैं। उनकी कार्यशैली लगातार प्रशासन के प्रति नकारात्मक रही है। वे दबाव बनाकर अपनी स्वार्थ पूर्ति करना चाहते हैं। दो बच्चों की बरामदगी स्वाभाविक तौर पर खुशी की बात है। प्रशासन की सक्रियता और उनकी संजीदगी के कारण ही बच्चे बरामद किये गये। हम उन सामाजिक संगठनों को भी बधाई देते हैं, जिन्होंने रांची प्रशासन के साथ कदमताल मिलाकर बच्चों की जिंदगी बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। लेकिन प्रतिपक्ष के नेता यह भूल गये कि बिना प्रशासन के सहयोग और समर्थन से ये नहीं हो सकता था। सिर्फ प्रशासन की नकारात्मक छवि पेश करना बाबूलाल जी की आदत बन गई है। राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित है। कानून सभी के लिए बराबर है, चाहे वो आम हो या खास। ईडी के मामले में भाजपा के नेताओं का बयान यह दर्शाता है कि आखिर सीबीआई पर ही भाजपा को भरोसा और विश्वास क्यों है। भाजपा फिर से राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रही है।

### आज के प्रतिरोध दिवस को सीटू का समर्थन

**रांची** : संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 16 जनवरी को आहूत अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस के समर्थन में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) ने एकजुटता कार्रवाई की घोषणा की है। सीटू महासचिव विश्वजीत देब ने कहा कि झारखंड राज्य कमिटी सीटू ने मजदूरों से किसानों के साथ मिलकर केंद्र सरकार की मजदूर एवं किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरने का आह्वान किया है। सीटू ने कहा कि बीज विधेयक-2025, बिजली (संशोधन) विधेयक-2025, विकसित भारत रोजगार गारंटी अधिनियम-2025 और चार श्रम संहिताओं के माध्यम से किसानों, मजदूरों और राज्यों के अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। संगठन ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, कर्ज माफी और भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग दोहराई है। सीटू झारखंड राज्य कमिटी ने बताया कि 16 जनवरी को गांव और प्रखंड स्तर पर संयुक्त विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संघर्ष की अगली कड़ी में 12 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय आम हड़ताल की भी घोषणा की गई है।

### मौसम केन्द्र में क्विज प्रतियोगिता आयोजित, विजेता बच्चे पुरस्कृत




**रांची** : मौसम केंद्र, रांची में गुरूवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की सेवा के 151 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में क्विज प्रतियोगता का भी आयोजन किया गया और विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने मौसम केंद्र, रांची की ओर से दी जा रही सभी सेवाओं मौसम पूवार्नुमान, भारी बारिश, ओला, ठंड और गर्मी की लहरें, धूल भरी आंधी, नॉरवेस्टर्स, बर्फ, उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की जानकारियां, मौसमी चेतावनी के साथ-साथ विमानन, कृषि, सिंचाई, नौवहन, अपतटीय तेल अन्वेषण जैसी सेवाओं के सफल संचालन के लिए दी जा रही बातों पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम सुरेन्द्र नाथ सेंटेनरी विद्यालय से आये बच्चों को मौसम विज्ञान केंद्र के विभिन्न क्रियाकलापों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को विभाग के विभिन्न एप्प दामिनी, सचेत, मेघदूत, मौसम के बारे में भी बताया। साथ ही इनके प्रयोग करने की भी सलाह दी। मौके पर बच्चों ने विभिन्न मौसमीय उपकरणों (स्वचालित मौसम संयंत्र, रेडियो सोंडे) और सतही प्रेक्षण वेधशाला जाकर डेमोंसट्रेशन देखा। साथ ही सभी बच?चों को विभाग के कार्य-पद्धति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और कर्मचारी सहित अन्य मौजूद थे।

### बोकलादह टुसू मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**सिल्ली**: सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हरिडीह,हांकेदाग एवं पिपरवार के समीप स्वर्णरेखा नदी तट के किनारे गुरुवार के दिन बोकलादह टुसू मेला का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेला कमेटी के बानेश्वर महतो, अजय कुमार महतो, कीनूराम बेदिया,सरोज महतो,राजेन बेदिया, मुरलीधर भोक्ता एवं दिनेश महतो ने मेले के आयोजन को लेकर काफी सक्रिय दिखे। मेले में कुरमाली एवं नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया जिसमें मशहूर गायक नितेश कच्छप,गायिका सुमन गुप्ता एवं अंजली देवी ने कुरमाली एवं नागपुरी गीत गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया, वहीं युवा भी थिरकते हुए नजर आए। मेले में हजारों की संख्या में विभिन्न गांवों से लोग आए थे जिससे मेला काफी रोमांचक हो गया। मेले में बच्चों के मनोरंजन के कई साधन थे जिसका उन्होंने आनंद उठाया। मेले में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई।

## एक नजर

### विधायक के निर्देश पर कंबल का किया गया वितरण

**सिमडेगा** : माननीय विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा के निदेर्शानुसार असहाय, जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। जिले में ठंड का असर समय के साथ बढ़ते जा रहा है। आये दिन इसका असर महसूस भी हो रहा है। शहर के झुलन सिंह चौक के पास जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, ओबीसी जिलाध्यक्ष शिव केशरी, सोनी वर्मा, रितेश आदित्या के द्वारा कम्बल का वितरण किया गया।

### महिला ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा को दिया आवेदन



**कोडरमा** : जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुंडी धनवार थाना- नवलशाही जिला-कोडरमा निवासी रूबी देवी पति-जोगेंद्र सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष के द्वारा कोडरमा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर गांव के ही लोगों पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप लगाया। आवेदन देकर कहां है कि मेरे गोतिया के बीच घर व जमीन से संबंधित कोडरमा न्यायालय में मुकदमा चल रहा है, जिसका समझौता करने को लेकर संतोष सिंह के घर परिवार द्वारा जबरन दबाव देकर पंचायत बैठाने को कहा गया। इस मामले में मेरे द्वारा कहा गया कि वर्तमान में कोडरमा कोर्ट में मामला लंबित चल रहा है, कोर्ट का फैसला आने दीजिए तभी मैं फैसला मानूंगी इसी पर मुझे गोली से जान मारने की धमकियां दी गई, जिसकी मौखिक सूचना गांव के कई लोगों को मेरे द्वारा दी गई। दिनांक-09.01.2026 समय करीब 1:00 बजे के आसपास उपरोक्त लोगों मुझे जान से मारने की नियत के उद्देश्य से आसपास के कई लोग को बुलाया गया और मुझे पंचायत में बैठने का दबाव दिया जा रहा था।

### एस. के. बागे महाविद्यालय में अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति को लेकर काउंसलिंग आयोजित

**कोलेबिरा** : प्रखंड मुख्यालय स्थित एस. के. बागे महाविद्यालय में अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति से संबंधित एक महत्वपूर्ण काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी संस्थान के निदेशक द्वारा महाविद्यालय के प्रथम सत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु उपलब्ध छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। काउंसलिंग के दौरान बताया गया कि अजीम प्रेमजी संस्थान द्वारा सभी श्रेणी (कैटेगरी) की छात्राओं को शिक्षा के लिए ?30,000 प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

## प्रधानमंत्री सोलर ऊर्जा सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

# जिले के सुदूरवर्ती गांवों को सौर ऊर्जा से मिलेगी रोशनी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : जिले के सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों तक बिजली पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सिमडेगा के भट्ठीटोली में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस सेवा केंद्र का शुभारंभ उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह ने फीता काटकर किया। यह सौर ऊर्जा सेवा केंद्र स्टोविजन करियर सोल्युशन प्रा0 लिमिटेड एवं मेंटाज सर्विसेज एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त सहयोग से स्थापित किया गया है। उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त महोदया ने सौर ऊर्जा सेवा प्रदान कर रही कंपनियों के प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी



ली कि किस प्रकार यह योजना आम लोगों के घरों तक पहुंचेगी और उन्हें सस्ती व स्थायी बिजली सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से जिले के उन टोले एवं गांवों पर चर्चा की, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण आज भी बिजली की सुविधा नहीं पहुंच सकी है। उन्होंने कहा कि अक्षय सौर ऊर्जा इन क्षेत्रों के लिए एक प्रभावी और व्यवहारिक समाधान है, जिससे न केवल घरों में रोशनी पहुंचेगी बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के अवसरों में भी सुधार होगा। साथ ही अक्षय ऊर्जा के उपयोग में कदम आगे बढ़ेगा। घरेलू बिजली की बचत होगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर आसपास के टोलों तक बिजली पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### जिले के मरीजों व जरूरतमंदों को मिलेगी अल्ट्रा साउंड की सुविधा : डीसी

**सिमड़ेगा** : उपायुक्त कंचन सिंह, एवं उपविकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने सदर अस्पताल में आज नए अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन फीता काटकर एवं स्विच ऑन कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जन -जन तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। उसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आज अल्ट्रासाउंड मशीन की शरुवात की गई। आज से जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीणों को इसका लाभ प्राप्त होगा। अब अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस मशीन के अधिष्ठापन से आंतरिक गंभीर बीमारियों, के साथ गर्ववती माताओं के भी अल्ट्रासाउंड किया जा सकेगा। उपायुक्त ने सदर अस्पताल के डायलिसिस केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं जानकारी ली। डायलिसिस केंद्र में प्रतिदिन 8-10 लोगों का डायलिसिस किया जाता है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। डायलिसिस के लिए तीन मशीन अधिष्ठापित हैं जिसमें तकनीशियन कार्य कर रहा है। उपायुक्त ने कार्य की सराहना की। इस अवसर पर सिविल सर्जन, उपाधीक्षक, महिला चिकित्सक, ऑपरेटर सहित अन्य उपस्थित थे।

## विद्युत शवदाह गृह शीघ्र चालू करने की मांग, नगर प्रशासक से मिला प्रतिनिधिमंडल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 7 में बन रहे नव निर्मित विद्युत शवदाह गृह को अविलंब चालू कराने एवं सभी मुक्तिधाम में नियमित साफ सफाई के साथ चारदीवारी सभी जगह चापानल की समुचित व्यवस्था के साथ अगल बगल स्थित नदी तलाव पोखर जो भी हो स्वच्छ पानी हेतु नियमित साफ सफाई कराने की मांग को लेकर कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति के तहत समाजसेवी ,नगर पंचायत कोडरमा भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी धरतीपुत्र महेश भारती, नि. वार्ड पार्षद ज्योति भारती ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को नगर प्रशासक कोडरमा शंभू प्रसाद कुशवाहा से मिलकर नगर पंचायत क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विशेष कर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी मुक्तिधाम में साफ सफाई के साथ चारदीवारी कराते हुए सभी जगह चापानल की समुचित व्यवस्था के साथ अगल बगल स्थित नदी तलाव पोखर जो भी हो स्वच्छ पानी हेतु नियमित साफ सफाई कराने को लेकर चर्चा हुई जिसपर प्रशासक ने मांगो को संज्ञान में लेने का काम किए और तत्काल जितना जल्द होगा जयनगर रोड स्थित आरधोती नहीं स्थित श्मशान घाट पर चारदीवारी हेतु टेंडर निकलवाकर पूरा करने का कार्य करवाने के साथ अन्य मांगो को भी पूरा करने का आश्वाशन दिए।

## अभाविप ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कोडरमा नगर इकाई द्वारा 12 जनवरी के उपलक्ष्य में यूएमएस भण्डारवा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य श्री अजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं



के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। अभाविप जिला संयोजक अतुल आनंद ने कहा कि ₹आज का छात्र ही कल देश का भविष्य है। जब-जब छात्रों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उनके साथ खड़ी रहेगी और उनके अ धिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। वहीं जिला संगठन मंत्री नितेश कुमार ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को याद करते हुए कहा कि ₹स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मबल, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का मार्ग दिखाया। विद्यार्थी परिषद उनके विचारों को आत्मसात कर छात्र समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने रथ खींच कर सुख समृद्धि व वैभव की कामना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा** : प्रखंड के नवाटोली पंचायत अंतर्गत भंवरपहाड़ गढ़ में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा निकल गई साथ ही आदिवासी सदान सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन। रथ यात्रा का शुभारंभ भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर से प्रारंभ कर खींचते हुए मेला स्थल लाकर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा गया। जहां पर विभिन्न जगहों से आए श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी का दर्शन एवं पूजा अर्चना किया गया। रथ यात्रा के बाद मंदिर परिसर में आदिवासी सदान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न जगहों से आए विभिन्न मंडलियों के द्वारा आदिवासी सदान लोक नृत्य एवं गाना



प्रस्तुत की गई। जिन्हें निर्याणक मंडली के द्वारा सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले समूह का चयन कर पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम ओहदार रण बहादुर सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख दूतामी हेमरोम एवं अमरनाथ सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के कारण ही आज हमारे पूर्वजों के द्वारा आयोजित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम जीवित है। आयोजन समिति के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय कार्य है। वही कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर भंवर पहाड़ गढ़ में आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर दिनों दिन विलुप्त होते जा रहे संस्कृति को पुनः जीवित करने का कार्य किया जा रहा है।

## आजाद समाज पार्टी कांशीराम सिमडेगा ने नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक का किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : जिले के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे से आजाद समाज पार्टी कांशीराम सिमडेगा के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान पार्टी की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ एवं संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष मुहम्मद सफी, प्रदेश उपाध्यक्ष फुलजेंसिया बिलुंग, प्रदेश महासचिव शरीफ खान तथा किशोर माझी उपस्थित रहे। नेताओं ने नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक को सिमडेगा जिला में पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जिले की कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही आम जनता को न्याय और सुरक्षा का



भरोसा मिलेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा आमजन के सहयोग से बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## सेना दिवस व स्वामी विवेकानंद जयंती पर महाविद्यालय परिसर में सेवा दिवस का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा** : प्रखंड मुख्यालय स्थित एस के बागे महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को सेवा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनसीसी कोऑर्डिनेटर त्रिलोचन मिश्रा की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को सेवा दिवस के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है।इसी दिन वर्ष 1949 में फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा ने ब्रिटिश जनरल सर फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी और वे भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। प्राचार्य ने कहा कि वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय सेना को एक राष्ट्रीय सेना का स्वरूप दिया गया। तब से लेकर आज तक भारतीय सेना ने हर अवसर पर अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए देश की रक्षा में चट्टान की तरह खड़े रहने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज भारतीय सेना के प्रति देशवासियों में अपार सम्मान है और सेना दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में अवकाश के कारण आज ही स्वामी विवेकानंद जी की जयंती भी मनाई गई। स्वामी विवेकानंद जी को एक महान युवा नेता और प्रेरणास्त्रोत के रूप में जाना जाता है। प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती स्कूलों और कॉलेजों में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है।

## मकर संक्रांति पर अन्नपूर्णा देवी ने किया भव्य कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कार्यकताओं के आपसी संवाद, संगठनात्मक मजबूती एवं सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के द्वारा एक भव्य कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 15 जनवरी को चाराडीह, कोडरमा स्थित केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं तथा गणमान्य नागरिकों की हजारों की संख्या में उपस्थिति रही। पारंपरिक पर्व के उल्लासपूर्ण वातावरण में



आयोजित इस मिलन समारोह में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं तथा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार के मिलन समारोह आपसी समन्वय, संवाद और संगठन की एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता, निष्ठा और समर्पण से ही संगठन निरंतर सशक्त होता है और जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलती है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से समाज और संगठन के हित में मिल-जुलकर कार्य करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व सनातन धर्म का प्रमुख पर्व है इसमें प्रकृति के साथ जुड़ाव बताता है नई फसल कट कर घर आती है खिचड़ी चूड़ा गुड़ दही तिलकुट का प्रसाद सभी को खिलाया जाता है और तिलकुट गुड़ से समाज में मिठास और सौहार्द का सन्देश दिया जाता है । जिला के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सम्मानित गणमान्य को मकर संक्रांति कि शुभकामना दिया। कार्यक्रम में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, मंजु देवी, पूर्व विधायक किशुन दास, भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, गिरीडीह ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेन्द्र वर्मा, मयंक यादव,सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड प्रमुख के प्रयास से लगाया गया नया ट्रांसफार्मर लोगों ने खुशियों का किया इजहार

**कोलेबिरा** : प्रखंड के कोलेबिरा पंचायत अंतर्गत रायटोली दमकी टोली के ग्रामीण लगभग डेढ़ वर्षो से अंधकार में जीने को मजबूर थे लगातार विभाग और अधिकारियों से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर लगाने के गुहार लगाते रहे परंतु आश्वासन के सिवाय उन्हें कुछ नहीं मिला



अंततः प्रखंड के प्रमुख दूतामी हेमरोम के पास अपने गांव की समस्या को लेकर पहुंचे उन्होंने कहा की डेढ़ वर्षो से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है आवागमन में परेशानी हो रही है सभी से लगभग संपर्क टूट सा गया है हम सभी ग्रामीण देवी योग में जून जीने को मजबूर है कोई हमारे सुनने वाला नहीं है इसके बाद प्रखंड प्रमुख के प्रयास से आज ट्रांसफार्मर लगाकर ग्रामीणों के समक्ष ही विद्युत प्रवाहित किया गया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन ग्रामीणों के साथ प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने फीता काटकर किया और बिजली आ जाने के कारण ग्रामीणों ने खुशी में मिठाइयां पार्टी की और प्रखंड प्रमुख को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया साथ-साथ ग्रामीणों ने अनुरोध किया कि हमारे क्षेत्र की एक ज्वलंत समस्या है सड़क के आप उसे भी अपने प्रयास से इस समस्या को दूर कर दे हम सभी ग्रामीण आपके साथ है प्रखंड प्रमुख ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की हमें भी अफसोस है आप लोगों को इतने दिनों तक अंधकार में रहना पड़ा आज बिजली आ गई है इसका रख रखाव आपकी जिम्मेवारी है। आप सभी बिजली का सही उपयोग करें अनावश्यक बिजली खर्च न करें और मैं निश्चित रूप से आपकी सेवा की समस्या भी दूर करने का प्रयास करेंगे ग्रामीण की ओर से महिला ने प्रखंड प्रमुख के इस प्रयास के लिए धन्यवाद दिया।

### कुंज नगर महावीर मंदिर, डीपा टोली में मकर संक्रांति पर हुआ सेवा कार्यक्रम



**सिमडेगा** : मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कुंज नगर स्थित महावीर मंदिर परिसर में सामाजिक समरसता और सेवा भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सतनारायण प्रसाद के नेतृत्व में जरूरतमंद बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल, साड़ी तथा पारंपरिक तिलकुट का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए बुजुर्गों को कंबल प्रदान किए गए, वहीं महिलाओं को साड़ी भेंट की गई। साथ ही मकर संक्रांति की परंपरा के अनुरूप सभी लाभार्थियों को तिलकुट देकर पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान सतनारायण प्रसाद ने कहा कि मकर संक्रांति केवल उत्सव का पर्व नहीं, बल्कि दान, सहयोग और सेवा का संदेश देता है। समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना ही सच्ची मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है और जरूरतमंदों को सम्मान के साथ सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, भाजपा कार्यकताओं और मंदिर समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में कंबल और दैनिक जरूरत की वस्तुएं मिलने से बुजुर्गों को बड़ी राहत मिली है।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी इलाके के जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही 3 एकड़ अफीम की खेती को पुलिस ने ट्रैक्टर चलवाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम और मजिस्ट्रेट ने अहले सुबह छापेमारी की। मौके से मुख्य अभियुक्त बुधलाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका सहयोगी शंकर सिंह भागने में सफल रहा। पुलिस ने साक्ष्य के तौर पर 60 अफीम के पौधे, सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाले पाइप, बिजली के तार, मोबाइल और रासायनिक उर्वरक जब्त किए हैं। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ ठऊढर अूइ की विभिन्न धाराओं के तहत तिलैया थाना में मामला दर्ज किया गया हैएसपी ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि मादक पदार्थों की जानकारी गुप्त रूप से पुलिस को दें।

### संयुक्त किसान मोर्चा का अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस आज, सीटू ने किया समर्थन

**कोडरमा** : सीटू ने संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसानों एवं मजदूरों पर बढ़ते हमले के खिलाफ 16 जनवरी को अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस को अपना पूरा समर्थन दिया है। सीटू ने पूरे राज्य में किसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए संघर्ष में शामिल होने का आह्वान किया है।



मालूम हो कि संयुक्त किसान मोर्चा ने बीज विधेयक 2025, बिजली संशोधन विधेयक 2025, विकसित भारत जीराम जी अधिनियम 2025 एवं चार श्रम संहिताएं के खिलाफ तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य, कर्ज माफी, भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग पर 16 जनवरी को गांवों और ब्लॉक स्तर पर प्रतिरोध दिवस मनाने का फैसला किया है। कोडरमा जिला में संयुक्त किसान मोर्चा बैनर तले डोमचांच में प्रतिरोध दिवस मनाया जाएगा। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि विकसित भारत जीराम जी अधिनियम के तहत मांग आधारित मॉडल को बदलकर बजट सीमा में तब्दील करने से रोजगार की गारंटी समाप्त होने का खतरा है। नया फामूर्ला राज्यों पर भारी बोझ डालेगा। ग्राम सभाओं की भूमिका कमजोर होगी और स्थानीय योजना बनाने की शक्ति केंद्र के पास चली जाएगी। बीज विधेयक 2025 के प्रावधानों के अनुसार पारंपरिक बीजों के संरक्षण और साझा करने की परंपरा तथा स्वदेशी किस्मों, जैव-सुरक्षा एवं बीज की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. वहीं बिजली संशोधन बिल 2025 के प्रावधानों के तहत क्रॉस-सब्सिडी का उन्मूलन के कारण उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सीएचसी कुचाई को उपायुक्त ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जुझार मांझी, डीआरसीएचओ, सभी एमओआईसी, डीपीएम, बीपीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्ववर्ती बैठकों में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप-स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध स्क्रैप सामग्री का आंकलन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए




गए। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में एएनसी, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, लाइव बर्थ रिपोर्टिंग, परिवार नियोजन कार्यक्रम, कम जन्म-वजन शिशुओं की देखरेख, मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की समीक्षा, एमटीसी से संबंधित सेवाएँ, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी एवं कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड निर्माण तथा एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य जनस्वास्थ्य से जुड़े बिंदुओं की स्थिति का अवलोकन किया गया। उपायुक्त द्वारा अस्पताल प्रबंधन समिति के समुचित एवं उद्देश्यपूर्ण उपयोग के माध्यम से सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक एवं उपयोगी सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी केंद्रों में उपलब्ध मानवबल का संतुलित एवं प्रभावी उपयोग करते हुए विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ अधिकाधिक लाभार्थियों तक पहुँचाने पर बल दिया गया। बैठक में आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आच्छादन में वृद्धि, एनएसवी के प्रति जन-जागरूकता तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बच्चों में कम वजन के साथ जन्म की दर को कम करने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक करने हेतु सभी एमओआईसी को स्थानीय भाषा में योजनाओं की जानकारी, उपचार हेतु आवागमन सुविधा, आर्थिक लाभ एवं प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने एमटीसी में बेड ऑक्यूपेंसी का रोस्टर तैयार कर उसके अनुपालन, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी एवं कुष्ठ रोग की पहचान हेतु नियमित जांच शिविर आयोजित करने तथा चिन्हित रोगियों की सूची तैयार कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### देसी कट्टा व दो जिंदा गोली के साथ युवक गिरफ्तार




**जमशेदपुर :** बुधवार को रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति किसी गलत काम की योजना बना रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम बनाई गई और बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछने पर उसने अपना नाम अजय बाल्मीकि, उम्र करीब 29 साल, पिता का नाम परवीन कुमार बताया। वह गोपालपुर, थाना–मधुपुर, जिला–विषयनगर का रहने वाला है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा गोली मिली। पुलिस ने उससे इन हथियारों के कागज मांगे, लेकिन वह कोई कागज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने हथियार जब्त कर लिए और गवाहों के सामने कागज तैयार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। उसके पास से एक Redmi A5 मोबाइल भी मिला। अब आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### शहर की बेपटरी हुई कानून व्यवस्था पर भाजपा ने हेमंत सरकार पर बोला तीखा हमला



**जमशेदपुर :** टेल्को थाना क्षेत्र अंतर्गत रामाकृष्ण मिशन स्कूल के समीप युवक की गला धारदार हथियार से रेतकर निर्मम हत्या की गई। बाद में शव की पहचान गोविंदपुर निवासी अजय श्रीवास्तव (26) के रूप में हई। इसी टेल्को क्षेत्र में बीते दिनों एक अन्य युवक की भी चापड़ मारकर हत्या की जा चुकी है। इसी बीच, जमशेदपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवांग गांधी के 24 वर्षीय पुत्र कैरव गांधी के अपहरण की घटना पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने जिला प्रशासन और झामुमोझकांग्रेस सरकार पर कड़ा हमला बोला है। संजीव सिन्हा ने कहा कि झामुमो–कांग्रेस सरकार में अपराधियों के मंसूबे सातवें आसमान पर हैं। अपहरण जैसी वारदात के 48 घंटे बाद भी प्रशासन के हाथ अब तक खाली हैं। प्रशासन की यह सुस्ती और ढुलमुल रवैया चिंताजनक है। उन्होंने कैरव गांधी की सुरक्षित और शीघ्र बरामदगी के लिए विशेष अनुभवी जांच टीम गठित करने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है।

## पूर्व मुखिया सह सीपीएम नेता बिजय कुमार महतो का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पूर्व मुखिया, झारखंड आंदोलनकारी, सीपीएम नेता सह वर्तमान में शहीद अजित धनंजय महतो विद्यानिकेतन चोगा के सचिव चिमटिया गांव निवासी विजय कुमार महतो का आकस्मिक निधन बुधवार रात को हो गई। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनके सहयोगी सह समाजसेवी झारखंड आंदोलन कारी रामप्रसाद महतो ने बताया कि विजय कुमार महतो ईचागढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सह सीपीएम के जुझार, कर्मठ, लड़ाकू साहसिक ईमानदार नेता एवं शहीद अजित धनंजय महतो विद्या निकेतन चोगा के सचिव थे। उन्होंने बताया कि विजय कुमार महतो हमेशा अन्य,अत्याचार, जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वाले मृदभाषी, हंसमुख



नेता थे, उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 1982 को तिरुलडीह में हुए गोली कांड में वह जेल भी गए थे। उन्होंने बताया कि वीर शहीद निर्मल महतो को एक आदर्श नेता के रूप में मानते थे। स्वर्ण रेखा बहुत दृश्य परियोजना चांडिल डैम द्वारा स्थापित के हक अधिकार के लिए बुलंद आवाज उठाते थे। वहीं सीपीएम नेता सुफल महतो ने बताया कि विजय महतो ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से माकपा माले का उम्मीदवार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। लंबे समय तक मुखिया पद पंचायत समिति सदस्य भी चुने गए।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को भाजपा रामगढ़ जिला ने दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को भाजपा रामगढ़ जिला ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने कहा कि आदित्य साहू के कुशल नेतृत्व में संगठन में नई ऊर्जा भरने का कार्य तीव्र गति से होगा। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू पार्टी के प्रति निष्ठावान हैं और समर्पण भाव के साथ काम करने के लिए जाने जाते हैं। संजीव कुमार बावला ने कहा कि आदित्य साहू के नेतृत्व में जमीनी कार्यकताओं को अधिक बल मिलेगा और वे झारखंड के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से भाजपा को झारखंड में और अधिक



मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा नेता राकेश प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, अविनेश कुमार, रंजीत कुमार सिन्हा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, अमरेंद्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर चौधरी, इला रानी पाठक, प्रिया करमाली, डॉ संजय प्रसाद सिंह, रिद्धि राज, अनिल राय, महेन्द्र महतो, उमेश प्रसाद, रंजीत पांडेय, सहदेव ठाकुर, विनोद कुमार, रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी दिनेश प्रसाद, निरंजन कुमार, गोविन्द रजवार सहित सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं ने आदित्य साहू को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कुकडू में भव्य कलश यात्रा के साथ मास परायण श्री श्री रामचरित मानस पाठ महायज्ञ का शुभारंभ



**ईचागढ़ :** सरायकेला जिला अंतर्गत कुकडू प्रखंड के हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित मास व्यापी श्री श्री रामचरित मानस पाठ महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत कलश स्थापना के साथ किया गया। इससे पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें धार्मिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं एवं युवतियां सिर पर कलश धारण कर तिरुलडीह स्थित स्वर्णरेखा नदी पहुंचीं। वहां विधिपूर्वक जल भरने के पश्चात श्रद्धालु गाजे–बाजे के साथ महायज्ञ स्थल पहुंचे।महायज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापना कराई गई। इस भव्य कलश यात्रा में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन के दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव एवं अन्य भक्ति गीतों के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मास व्यापी इस महायज्ञ के व्यासपीठ पर परम पूजनीय श्री राधाकांत पाण्डेय जी विराजमान हैं। आयोजन के दौरान झारखंड एवं पश्चिम बंगाल से आए कई नामी–गिरामी पंडित एवं प्रवचनकर्ता श्रद्धालुओं को रामचरित मानस का सुमधुर एवं भावपूर्ण प्रवचन सुनाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार, इस महायज्ञ से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना एवं सामाजिक सद्भाव को बल मिलेगा।

### पटमदा बाजार में मेला में टुसू मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन



**पटमदा :** आखयान जात्रा के अवसर पर पहला माह में पटमदा बाजार में आयोजित टुसू मेला में आसपास के कई गांवों से टुसू मेला में लाया गया।वही कमिटी के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो,मुखिया परमेश्वर सिंह ने किया इस दौरान समाजसेवी पूर्ण सिंह,झामुमो नेता सुभाष कर्मकार,पूर्व पंचायत समिति सदस्य खगेन महतो,प्रकाश महतो, पटमदा ग्राम प्रधान फुलचंद महतो,गोपाल सिंह सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांकः 57 खूँटी, दिनांकः 15.01.2026

**Corrigendum**

**E-Procurement Notice**

**E-Tender Reference No. KNP/07/2025-26**

**(PR. No. 370452 Urban Development 25-26)**

**Name of the Work:**

1. Repairing of PCC at ward no 10 from shop named Shamim Traders to Overhead Tank near Mahadev Manda, under Nagar Panchayat Khunti 2025-26
2. Repairing of RCC Drain at ward no. 10 from shop named Sara Readymade to Overhead Supply Tank near mahadeo manda, under Nagar Panchayat, Khunti 2025-26

| Sl.No. | Particulars | Date | Corrigendum Date |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 22.01.2026 को 3:00 बजे अपराह्न। | दिनांक 21.01.2026 को 3:00 बजे अपराह्न। |

Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी।

PR 370625 (Urban Development) 25-26 (D)

## बीएफसीएल ने लगाया दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 163 लाभार्थियों को मिला लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत 14 एवं 15 जनवरी 2026 को महेश्वर धाम , हेसला, रामगढ़ में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 163 लाभार्थियों की आंखों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के पहले दिन, 14 जनवरी 2026 को 53 लोगों ने नेत्र जांच कराई, जबकि दूसरे दिन, 15 जनवरी 2026 को 110 प्रतिभागियों ने शिविर का लाभ उठाया। इस पहल के माध्यम से हेसला एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को आवश्यक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे नेत्र



स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान में सहायता मिली। बीएफसीएल की सीएसआर टीम ने इस शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें राकेश गुप्ता और सूरज देव प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस मानवीय एवं जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए समुदाय तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए बीएफसीएल के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के सफल आयोजन में विशेष योगदान के लिए सूरज देव प्रसाद की भी सराहना की गई। ग्रामीणों ने भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी शिविरों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति बीएफसीएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नावाडीह पुलिस ने संदिग्धों को पकड़ा आपराधिक इतिहास का हुआ खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** दिनांक 08 सितंबर 2025 को थाना नावाडीह, जिला पलामू की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे कुछ व्यक्तियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम नावाडीह स्थित मंदिर परिसर के आसपास कुछ व्यक्ति आपराधिक गतिविधि की नीयत से घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम-पते बताए। जांच के क्रम में यह भी सामने आया कि पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। उनके विरुद्ध पूर्व में विभिन्न थानों में डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट तथा बी.एन.एस. की विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं।

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी,खूँटी।
ChaibasaRoad, Opposite to Kachery Maidan, Khunti PIN- 835210
Mail ID= dahokhunti@gmail.com
झारखण्ड सरकार

आम सूचना :–

खूँटी जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि गो–भैंस जाति के नस्ल में अपेक्षित सुधार लाने कृत्रिम गर्भाधान आच्छादान दर में वृद्धि करने तथा नस्ल सुधार कार्यक्रम के संबंध में पशुपालकों को जागरूक करने हेतु बछड़ा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है, जो निम्नवत् है :–

| क्रमांक संख्या | प्रखण्ड का नाम | शिविर का स्थल | शिविर की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्रा | लोधमा | 19/01/2026 | 09:00 बजे |
| 2 | मुरहू | माहिल | 21/01/2026 | 09:00 बजे |

अतः आप सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि कृत्रिम गर्भाधान से प्राप्त बछड़ा प्रदर्शनी में भाग लेना सुनिश्चित् करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी खूँटी।

PR 370621 Animal Husbandry(25-26)D

# मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भुरकुंडा में भव्य अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भुरकुंडा बाजार स्थित इच्छा पूर्ण प्राचीन हनुमान मंदिर, सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला परिसर में आयोजित अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन का कार्यक्रम अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक रहा। इस दिव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश से पधारे प्रसिद्ध कीर्तन गायक कुमार अर्जुन की मधुर वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र हरे राम हरे कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। हरि नाम संकीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कुमार अर्जुन की दिव्य प्रस्तुति के दौरान बड़का गांव के भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी और समाजसेवी निशि पांडे भी विशेष रूप से





उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजन समिति को बधाई दी। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह, मुख्य संरक्षक प्रदीप विनय मिश्रा, योगेश दांगी, अभिषेक मिश्रा, अमन कुमार मिश्रा,अजय पासवान, राजेंद्र सिंह, राजू पांडे, लोकेश कुमार, बाबूलाल नायक, बिट्टू गुप्ता, पप्पू यादव, सुनील यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, रवि गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी के सहयोग से कीर्तन व भंडारे का आयोजन सफल बना। कुमार अर्जुन की दिव्य प्रस्तुति, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की उपस्थिति, भक्तों की अपार भीड़ और भंडारे की उत्तम व्यवस्था ने इस अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन को भुरकुंडा बाजार के धार्मिक इतिहास का एक स्वर्णिम और यादगार अध्याय बना दिया। इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं, भक्तों और गणमान्य लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है। यह आयोजन न केवल भुरकुंडा बाजार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक पल बन गया।

**कार्यक्रम की कुछ प्रमुख बातें:**

- अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन का आयोजन
- उत्तर प्रदेश से पधारे प्रसिद्ध कीर्तन गायक कुमार अर्जुन की मधुर प्रस्तुति
- विशाल भंडारे का आयोजन
- बड़का गांव के भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी और समाजसेवी निशि पांडे की उपस्थिति
- आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति
- श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ और हरे राम हरे कृष्ण के जयघोष से गूंजता क्षेत्र।

कार्यालय, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूँटी (झारखण्ड)।
(खाद्य सुरक्षा शाखा)
एफ0 डी0 ए0 बिल्डिंग, खूँटी। Email – fsokhunti@gmail.com
fssai

पत्रांक ................/खा0सु0, दिनांक .........../01/2026

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

सभी मीट/मुर्गा कारोबारकर्त्ताओं के लिए आम सूचना

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत् मीट एवं मुर्गा दुकान के संचालन हेतु खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बिना वैद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण के व्यवसाय करना दण्डनीय अपराध है।

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एवं राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड झारखण्ड द्वारा मीट एवं मुर्गा दुकान का संचालन करने हेतु निम्न नियम एवं मानक तय किये गये है जिसका अनुपालन करना अनिवार्य है।

1. खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण करने से पहले स्थानीय निकाय एवं प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।
2. खूले में माँस काटकर एवं लटकाकर बेचना सख्त मना है।
3. मीट की दुकान सब्जी या मछली की दुकान के पास नही होगा।
4. मीट की दुकान धार्मिक स्थल से 50m की दूरी पर होगा। धार्मिक स्थल के मेन गेट के विपरीत होने पर 100m की दूरी होगा।
5. दुकान का दरवाजा स्वतः बंद होने वाला एवं काला शीशा लगा हुआ होना चाहिए।
6. मीट दुकान की उँचाई 3m से कम नही होगा, अगर वातानुकुलित है तो 2.5 m से कम नहीं होगा।
7. मीट दुकान की दीवाल पर 05 Feet की उँचाई तक Impervious Concrete Material लगा होगा ताकि साफ करने में आसानी हो।
8. मीट दुकान की Floor पक्का तथा Non Slippery Materials का बना होगा साथ ही Slope 05Cm से कम नहीं होगा।
9. मीट काटने के चाकू और दूसरे धारदार हथियार स्टेनलेस स्टील का होना चाहिए।
10- Sign board लगा होगा एवं स्पष्ट अंकित होगा कि किस तरह का मांस (झटका/हलाल) बेजा जाता है।
11. दुकान में Potable Water की उचित व्यवस्था होगी एवं Proper Drainage Facility होगी।
12. यदि मांस 48 घंटो से अधिक समय के लिए भंडारित किया जाना है, तो दुकान में 4 से 8 डिग्री से० तापमान बनाए रखने के लिए डिस्प्ले कैबिनेट टाइप का रेफ्रिजनरेटर या फ्रिजिंग कैबिनेट होना चाहिए।
13. मंस के दुकान को क्रास वेंटीलेशन की सुविधा के साथ हवादार होनी चाहिए।
14. मीट दुकान में Animal waste disposal के निपटारे के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।
15. अपशिष्ट सामग्री का संग्रहण करने के लिए परिसरों में पदचालित ढक्कन सहित कूड़ेदान का व्यवस्था होनी चाहिए।

अतः सभी मीट/मुर्गा दुकानदार को निर्देश दिया जाता है कि उपरोक्त नियम एवं मानकों का पालन करते हुए खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण कराने के पश्चात ही खाद्य कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 370694 (District) 25-26 (D)

## ग्रामीण स्कूलों में शिक्षिकाओं की कमी

भारत में शिक्षा की गुणवत्ता और समानता हमेशा से एक चुनौती रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच, संसाधनों, शिक्षक उपलब्धता और शिक्षा के अवसरों में व्यापक अंतर दिखाई देता है। इस असमानता का सबसे स्पष्ट उदाहरण प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती और लिंग संतुलन में देखा जा सकता है। शहरों के प्राथमिक स्कूलों में अक्सर 10 से 18 शिक्षक तैनात होते हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं होती हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में औसतन 3झ4 शिक्षक ही होते हैं और उनमें से एक भी महिला नहीं होती। यही वह असमानता है, जो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित करती है बल्कि समाज में लिंग समानता की दिशा में भी बड़ी बाधा बनती है। भारत में शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान है। यह कानून स्पष्ट रूप से महिलाओं को समान अवसर देने की दिशा में उठाया गया कदम है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब भर्ती में आरक्षण है, तो पोस्टिंग में यह क्यों लागू नहीं होता? ग्रामीण क्षेत्र में पुरुष शिक्षकों की तैनाती क्यों अधिक होती है और महिलाओं को वहां सेवा देने के लिए क्यों नहीं प्रोत्साहित किया जाता? इसका उत्तर जटिल है। सबसे पहले, सुरक्षा और सुविधाओं की कमी एक बड़ा कारण है। सुदूर और दूर-दराज के गांवों में रहने की सुविधा सीमित होती है। कई महिला शिक्षक वहां तैनाती के लिए अनिच्छुक रहती हैं। परिवहन की समस्या, सुरक्षित आवास की कमी, सामाजिक और पारिवारिक प्रतिबंध जैसे कारक भी उनके निर्णय को प्रभावित करते हैं। दूसरी ओर, सरकारी नीतियाँ इस असमानता को सीधे संबोधित नहीं करती हैं। भर्ती में आरक्षण को तो लागू किया जाता है, लेकिन पोस्टिंग में 'इच्छा' और 'सुविधा' को प्राथमिकता दी जाती है। परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष शिक्षकों की संख्या अधिक रहती है। यही वह दोहरा मापदंड है, जो महिलाओं के समानता के अधिकारों और शिक्षा के मूल सिद्धांत के खिलाफ जाता है। सामाजिक दृष्टि से यह असमानता और भी चिंताजनक है। महिला शिक्षक केवल शैक्षिक कर्तव्य नहीं निभाती हैं; वे बच्चों के लिए रोल मॉडल होती हैं। विशेष रूप से लड़कियों के लिए, महिला शिक्षक शिक्षा में प्रेरणा और विश्वास का स्त्रोत होती हैं। ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की अनुपस्थिति का मतलब है कि लड़कियां उच्च शिक्षा और करियर के विकल्पों के प्रति प्रेरित नहीं हो पातीं। इसके अलावा, शिक्षकों की संख्या और लिंग संतुलन का प्रभाव बच्चों की सीखने की क्षमता पर भी पड़ता है। शोधों से पता चलता है कि लिंग संतुलन वाले कक्षा वातावरण में बच्चों की सामाजिक और भावनात्मक विकास बेहतर होता है। वे सहकर्मी सहयोग, समानता की भावना और सामाजिक संवेदनशीलता सीखते हैं। यदि ग्रामीण स्कूलों में केवल पुरुष शिक्षक हैं, तो यह अनुभव बच्चों से छूट जाता है। कानूनी और संवैधानिक दृष्टि से भी यह असमानता चुनौतीपूर्ण है। भारतीय संविधान की धारा 14 और 15 हर नागरिक को समानता का अधिकार देती है और लिंग के आधार पर भेदभाव से बचाती है। भर्ती में 50% आरक्षण तो महिलाओं को समान अवसर देता है, लेकिन पोस्टिंग में इसे नजरअंदाज करना संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। यह नीति केवल कानूनी रूप से नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी असंगत है। सरकार की इस दोहरी नीति का असर स्पष्ट है। शहरी स्कूलों में महिलाएं भरपूर तैनात हैं, इसलिए 50% आरक्षण दिखाई देता है। वहीं, ग्रामीण स्कूलों में महिला शिक्षकों की कमी, उनके आरक्षण का वास्तविक लाभ न के बराबर कर देती है। यह नीति न केवल ग्रामीण शिक्षा को कमजोर करती है, बल्कि सामाजिक और लैंगिक समानता के मूल सिद्धांत को भी कमजोर करती है। इस असमानता को दूर करने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। महिला शिक्षकों को आकर्षित करने के लिए विशेष भत्ता, सुरक्षित और संरचित आवास, परिवहन सुविधा और स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित की जानी चाहिए। अगर महिलाओं को सुरक्षा और सुविधा मिलेगी, तो वे ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के लिए अधिक इच्छुक होंगी। भर्ती के साथ-साथ पोस्टिंग नीति में भी महिलाओं का 50% प्रतिनिधित्व अनिवार्य होना चाहिए।

### सूडोकु नवताल- 7676

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7675 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# भारतीय सेना : युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल

**योगेश कुमार गोयल**



प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फ्रांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बायीं ओर तिरंगा झंडा, दायीं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।

देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था। आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की ह्यग्लोबल फायरपावर रिपोर्टह्ल के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14.45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमेरिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा।

जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ईरान की उथल-पुथल एवं अमेरिका से टकराव गंभीर चुनौती

**ललित गर्ग**

ईरान में बार-बार उभरती उथल-पुथल केवल किसी एक घटना, किसी एक फैसले या किसी एक पीढ़ी का आक्रोश नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक संरचना की परिणति है, जिसने 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से इस देश को आकार दिया है। आज जब सड़कों पर विरोध के दृश्य, सोशल मीडिया पर आक्रोश और पश्चिमी विश्लेषकों की ओर से सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं, तब यह समझना जरूरी हो जाता है कि ईरान का संकट साधारण आंतरिक असंतोष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। ईरान की आंतरिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता के साथ-साथ उसका अमेरिका के साथ टकराव युद्ध की स्थितियों एवं वैश्विक असंतुलन का बड़ा कारण बन रहा है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की अस्थिरता अंतरराष्ट्रीय व्यापार की धमनियों को बाधित कर सकती है, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ेगा। इसके साथ ही यह टकराव क्षेत्रीय देशों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध में खींच सकता है, जिससे शरणार्थी संकट, आतंकवाद और साम्प्रदायिक तनाव गहराने की आशंका है। महाशक्तियों के परस्पर टकराव की स्थिति में विश्व राजनीति और अधिक ध्रुवीकृत होगी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर पड़ेगा और शांति की जगह अविश्वास व सैन्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका खामियाजा अंततः पूरी मानवता को भुगतना पड़ सकता है।

1979 की इस्लामिक क्रांति ने ईरान में केवल शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाकर एक नई सरकार स्थापित नहीं की थी, बल्कि एक ऐसी वैचारिक-राजनीतिक संरचना रची थी, जिसमें धर्म, राजनीति और सुरक्षा-तंत्र एक-दूसरे में घुलमिल गए। 'विलायत-ए-फकीह' की अवधारणा के तहत सर्वोच्च धार्मिक नेतृत्व को अंतिम राजनीतिक अधिकार सौंपा गया। इसी व्यवस्था के संरक्षण और विस्तार के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी को खड़ा किया गया, जो समय के साथ केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक ताकत का भी केंद्र बन गया। यही कारण है कि ईरान की व्यवस्था को केवल सरकार या शासन कहकर नहीं समझा जा सकता; यह एक संपूर्ण तंत्र है, जिसे हटाने के लिए केवल विरोध-प्रदर्शन पर्याप्त नहीं होते।

ईरान ने पिछले चार दशकों में कई बड़े जनांदोलन देखे हैं। 2009 का ग्रीन मूवमेंट, 2017-18 की आर्थिक असंतोष की लहर, 2019 में ईंधन मूल्य वृद्धि के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और 2022 में सामाजिक स्वतंत्रताओं को लेकर उठी आवाजेंकृहर बार यह माना गया कि शायद अब व्यवस्था डगमगाएगी। लेकिन हर बार वही सत्ता, वही ढांचा और वही शक्ति-संतुलन कायम रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ईरान में सुरक्षा-तंत्र राज्य से अलग नहीं, बल्कि राज्य का ही विस्तार है। अरब स्प्रिंग के दौरान मिस्र या तुर्किए में सेनाओं ने अंततः राष्ट्र-राज्य को बचाने का रास्ता चुना, लेकिन ईरान में आईआरजीसी खुद को क्रांति और इस्लामिक रिपब्लिक का संरक्षक मानती है, न कि केवल सीमाओं की रक्षा करने वाली संस्था। फिर भी यह कहना गलत होगा कि ईरान की व्यवस्था पर कोई दबाव नहीं है। वास्तव में, आज का दबाव पहले से कहीं अधिक जटिल और गहरा है। इसका सबसे बड़ा कारण है पीढ़ीगत बदलाव। ईरान की आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है, जिसने 1979 की क्रांति न देखी है और न ही उससे भावनात्मक रूप से जुड़ा है। उनके लिए क्रांति कोई जीवित स्मृति नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों का अध्याय है। उनकी आकांक्षाएं इंटरनेट, वैश्विक संस्कृति, शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं से प्रेरित हैं। जब ये आकांक्षाएं एक सख्त सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था से टकराती हैं, तो असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है।

इस असंतोष को और तीखा बनाया है दशकों से चले आ रहे अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों ने। इन प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। तेल निर्यात सीमित हुआ, विदेशी निवेश रुका, मुद्रा कमजोर पड़ी और महंगाई ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी। विकास और आधुनिकीकरण की गति धीमी पड़ी, जिससे खासकर शहरी मध्यम वर्ग और युवा वर्ग में भविष्य को लेकर निराशा बढ़ी। आज ईरान के कई नागरिक यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या अमेरिका और इजराइल के साथ अंतहीन दुश्मनी का बोझ उन्हीं के कंधों पर डाला जाना जरूरी है। धीरे-धीरे यह वैचारिक टकराव राष्ट्रवादी गौरव से अधिक सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव इस पूरे परिदृश्य को और खतरनाक बना देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश और सैन्य हस्तक्षेप के संकेतों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। ईरान आज 1979 के बाद से शायद सबसे गंभीर बाहरी दबाव का सामना कर रहा है। यह टकराव केवल दो देशों के बीच का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा भू-राजनीतिक खेल बन चुका है, जिसमें महाशक्तियां अपने-अपने हित साधना चाहती हैं।

अकसर यह धारणा बनाई जाती है कि बाहरी हस्तक्षेप से ईरान में सत्ता परिवर्तन संभव है। लेकिन इतिहास बताता है कि ईरान में विदेशी दखलअंदाजी ने हमेशा उल्टा असर डाला है। 1953 में मोसादेग सरकार के तख्तापलट से लेकर आज तक, 'विदेशी साजिश' का कथानक ईरानी राष्ट्रवाद को मजबूत करता रहा है। बाहरी समर्थन से होने वाले आंदोलनों को जनता का व्यापक और स्थायी समर्थन नहीं मिल पाता। यही वजह है कि विपक्षी नेतृत्व, जो अक्सर देश से बाहर बैठा होता है, ईरान के भीतर विश्वसनीय विकल्प नहीं बन सका। इसके अलावा, ईरान वेनेजुएला नहीं है। यह एक बड़ा, संगठित और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण देश है, जिसकी पकड़ इराक, सीरिया, लेबनान और यमन तक फैली हुई है। यहां किसी भी प्रकार का सैन्य हस्तक्षेप पूरे पश्चिम एशिया को आग में झोंक सकता है। इजराइल, खाड़ी देश, अमेरिका और यूरोपीय शक्तियां-सब इसके प्रभाव में आएंगे। चीन और रूस भी एक अस्थिर ईरान नहीं चाहते, क्योंकि वह उनके क्षेत्रीय और वैश्विक हितों के खिलाफ होगा। यह बहुध्रूवीय संतुलन ईरान की व्यवस्था को एक अप्रत्यक्ष सुरक्षा कवच प्रदान करता है।

ईरान के भीतर आम नागरिकों का गुस्सा अब केवल आर्थिक कुप्रबंधन या भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं रह गया है। एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि शासन की प्राथमिकताएं आम लोगों की जरूरतों से कट चुकी हैं। जब नागरिक भोजन, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की मांग कर रहे हों, तब बाहरी दुश्मनों के खिलाफ वैचारिक युद्ध और यहूदी-विरोधी राजनीति उन्हें खोखली प्रतीत होती है। कई ईरानी मानते हैं कि इसी नीति ने देश को अंतरराष्ट्रीय अलगाव में धकेला और आर्थिक बबार्दी को जन्म दिया। यदि ईरान में बाहरी मदद से सत्ता परिवर्तन की कोशिश होती है, तो इसके परिणाम केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेंगे। मध्य पूर्व में शक्ति-संतुलन बुरी तरह बिगड़ सकता है। शिया-सुन्नी तनाव, इजराइल-ईरान संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा बाजार-सब पर इसका गहरा असर पड़ेगा। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होगी। भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं। चाबहार बंदरगाह से लेकर ऊर्जा सुरक्षा तक, ईरान भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। ऐसे में भारत को अत्यंत सावधानी के साथ अपने रणनीतिक संतुलन को बनाए रखना होगा, ताकि वह किसी एक ध्रूव का मोहरा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सके। अंततः, ईरान की वर्तमान उथल-पुथल यह संकेत देती है कि व्यवस्था पर दबाव वास्तविक है, लेकिन तात्कालिक पतन की भविष्यवाणियां अक्सर जल्दबाजी साबित होती हैं। यह संघर्ष केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि पहचान, वैचारिक दिशा और भविष्य की कल्पना का संघर्ष है। ईरान का भविष्य संभवतः न तो अचानक क्रांति से बदलेगा और न ही केवल दमन से स्थिर रहेगा। यह एक लंबी, जटिल और अंतर्द्वंद्वों से भरी प्रक्रिया होगी, जिसके परिणाम न केवल ईरान, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति को प्रभावित करेंगे।

# ईरान, ट्रंप और प्रतिरोध की राजनीति

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कुछ संघर्ष केवल सीमाओं या संसाधनों तक सीमित नहीं होते, वे विचारधाराओं, सत्ता-संतुलन और नैतिकता की भी परीक्षा लेते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच दशकों से चला आ रहा टकराव ऐसा ही एक संघर्ष है, जो समय-समय पर नए रूपों में सामने आता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान यह टकराव जिस तीव्रता और आक्रामकता के साथ उभरा, उसने वैश्विक राजनीति को एक बार फिर शीतयुद्धोत्तर दौर की अस्थिरता की याद दिला दी।

1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही ईरान अमेरिका की रणनीतिक और वैचारिक राजनीति का लक्ष्य रहा है। अमेरिका ने ईरान को केवल एक राष्ट्र-राज्य के रूप में नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक मॉडल के रूप में देखा- ऐसा मॉडल जो पश्चिमी प्रभुत्व, इजराइल-केन्द्रित पश्चिम एशिया नीति और अमेरिकी साम्राज्यवादी सोच को चुनौती देता है। यही कारण है कि ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध, कूटनीतिक अलगाव और सैन्य दबाव लंबे समय से अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में यह नीति और अधिक कठोर, असंवेदनशील और टकरावपूर्ण हो गई। 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते से अमेरिका का एकतरफा हटना न केवल कूटनीतिक असंतुलन का उदाहरण था, बल्कि यह भी दशार्ता था कि ट्रंप प्रशासन अंतरराष्ट्रीय सहमति और बहुपक्षीयता को किस हद तक नजरअंदाज करने को तैयार था। इसके बाद ईरान पर 'अधिकतम दबाव नीति' लागू की गई, जिसका उद्देश्य ईरानी अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाना और शासन को आंतरिक विद्रोह की ओर धकेलना था।

इतिहास साक्षी है कि दबाव हमेशा झुकाव पैदा नहीं करता। कई बार वह प्रतिरोध को जन्म देता है। ईरान के मामले में भी यही हुआ। आर्थिक कठिनाइयों, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद ईरान ने अपने राजनीतिक अस्तित्व, संप्रभुता और वैचारिक पहचान को बनाए रखा। यहाँ यह समझना जरूरी है कि ईरान का विरोध केवल अमेरिका की नीतियों से नहीं है, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था से है जिसमें कुछ गिने-चुने देश स्वयं को न्यायाधीश और शेष दुनिया को अभियुक्त मान लेते हैं।

'जैसी करनी वैसी भरनी' का सिद्धांत केवल नैतिक कहावत नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी गहराई से लागू होता है। पश्चिम एशिया में दशकों तक किए गए अमेरिकी हस्तक्षेप–इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया- ने क्षेत्र को स्थिरता नहीं, बल्कि अराजकता दी। लोकतंत्र के नाम पर सत्ता परिवर्तन, मानवाधिकारों के नाम पर सैन्य आक्रमण और आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के नाम पर निर्दोष नागरिकों की हत्या- इन सबने अमेरिका की नैतिक साख को गहरा नुकसान पहुँचाया। ऐसे में जब ईरान अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है तो वह केवल अपनी रक्षा नहीं कर रहा, बल्कि उस व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है, जो ताकत को ही न्याय मानती है।

ट्रंप की विदेश नीति का एक और खतरनाक पहलू उसका व्यक्तिवादी और आवेगपूर्ण स्वभाव था। कूटनीति संवाद और धैर्य से चलती है, जबकि ट्रंप की राजनीति ट्वीट, धमकी और शक्ति-प्रदर्शन पर आधारित थी। ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या इसी मानसिकता का परिणाम थी। यह घटना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन थी, बल्कि इसने पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। इसके बाद ईरान की प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब वह केवल सहने की नीति पर नहीं चल रहा।

ईरान की राजनीति को अक्सर पश्चिमी मीडिया में कट्टर, दमनकारी और पिछड़ा बताकर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन यह चित्रण अधूरा और एकांगी है। ईरान की जनता ने बार-बार यह साबित किया है कि वे बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे, चाहे वह कितनी भी आकर्षक शब्दावली में क्यों न लपेटा गया हो। ईरान में सरकार की आलोचना होती है, विरोध होते हैं, लेकिन जब बात राष्ट्रीय संप्रभुता की आती है, तो जनता और सत्ता एकजुट दिखाई देते हैं। यही वह तत्व है जिसे पश्चिमी रणनीतिकार अक्सर समझने में चूक जाते हैं।

भारत जैसे देशों के लिए यह पूरा परिदृश्य एक गंभीर चेतावनी भी है और अवसर भी। ईरान भारत का पारंपरिक मित्र रहा है-ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय संपर्क (चाबहार बंदरगाह) और मध्य एशिया तक पहुँच के लिहाज से ईरान का महत्व असंदिग्ध है। लेकिन अमेरिका के दबाव में भारत का ईरान से दूरी बनाना उसकी स्वतंत्र विदेश नीति पर प्रश्न खड़े करता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों को किसी तीसरे देश की नाराजगी के डर से गिरवी न रखे।

आज वैश्विक राजनीति एक संक्रमण काल से गुजर रही है। एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था की पकड़ ढीली पड़ रही है और बहुध्रुवीयता का उदय हो रहा है। ऐसे में ईरान जैसे देश, जो लंबे समय से दबाव और प्रतिबंधों के बीच खड़े रहे हैं, नए शक्ति-संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रूस-चीन-ईरान के बढ़ते समीकरण इस बदलाव के संकेत हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अब दुनिया केवल वाशिंगटन के इशारों पर नहीं चलेगी।

अंततः प्रश्न यह नहीं है कि ईरान सही है या अमेरिका गलत। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या वैश्विक राजनीति में शक्ति ही न्याय का एकमात्र पैमाना होगी या फिर अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और समानता के सिद्धांतों को वास्तविक सम्मान मिलेगा।

## दैनिक पंचांग

**16 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.37 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कुंभ | 08.27 बजे से |
| मंगल | मकर में | मीन | 10.00 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.31 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.11 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 15.09 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.22 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.38 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 21.50 बजे से |
| | | तुला | 00.01 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.16 ब.से |
| | | धनु | 04.32 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 16 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 22.22 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल अहोरात्र।
**योग** ध्रुव 21.07 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.22 बजे तदनन्तर वणिज 22.22 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 58'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872591
**जूलियन दिन** 2461056.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब **तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन चौक पर गिरने से एक वृद्ध गंभीर घायल

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन चौक पर एक वृद्ध गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया और खून से लहू लोहान हो गया। वही राहगीर की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात अस्पताल में चिकित्सक केशव कृष्णा ने प्राथमिक इलाज किया। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीपुर निवासी मो. युसूफ शेख( 65) है। राजमहल से साहिबगंज इलाज के लिए आया था और स्टेशन चौक पर अचानक गिर जाने से घायल हो गया। जहां घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में किया गया।

### विचाराधीन कैदियों से संबंधित यूटीआरसी की पहली बैठक संपन्न



**पाकुड़:** ज़िले में नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार विचाराधीन कैदियों से संबंधित अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की पहली बैठक का आयोजन पाकुड़ व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ दिवाकर पांडे ने की। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा, जेल अधीक्षक तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ की सचिव रूपा बंदना किरो सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।
बैठक के दौरान जिले में निरुद्ध विचाराधीन कैदियों के मामलों की गहन समीक्षा की गई। ट्रायल की प्रगति, लंबित मामलों तथा विधिक सहायता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिवाकर पांडे ने जानकारी दी कि जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदियों को कुल 16 निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत चिन्हित किया गया है। समीक्षा के क्रम में दो श्रेणियों के अंतर्गत तीन विचाराधीन कैदियों को जेल से रिहा करने हेतु अनुशंसा की गई। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक आयु के दो कैदियों की पहचान कर उन्हें भी समिति द्वारा रिकोमेंड किया गया।

### समाज को सत्य, प्रेम और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं पुरोहितः विधायक

**कुरडेग :** प्रखंड के खलीजोर महुआटोली में नव अभिषिक्त फादर असीम प्रभात तिर्की के द्वारा प्रथम खिस्त्याग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा एवं महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित कई लोग शामिल होकर फा असीम प्रभात तिर्की को बधाई दी। बता दें कि फा असीम कांग्रेस जिला महासचिव पीटर खाखा के भगिना हैं। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। विधायक भूषण बाड़ा ने नव अभिषिक्त फादर असीम प्रभात तिर्की को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुरोहित का जीवन सेवा, त्याग और समर्पण का प्रतीक होता है। पुरोहित समाज को सत्य, प्रेम और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि आज का यह समारोह न सिर्फ परिवार या गांव का है बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव का क्षण है। फादर असीम प्रभात तिर्की से अपेक्षा है कि वे अपने सेवाकाल में गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

# कृषि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यों की समीक्षात्मक बैठक विकास भवन सभागार, साहेबगंज में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं–रबी बीज वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं मिट्टी नमूना संग्रह, किसान क्रेडिट कार्ड, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, प्रति बूँद अधिक फसल, डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान समृद्धि योजना, आत्मा तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन–की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। रबी बीज वितरण की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसके प्रत्यक्षण का जमीनी सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया। मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना अंतर्गत 11,870 मिट्टी नमूना संग्रह के लक्ष्य के विरुद्ध 82.67 प्रतिशत नमूनों का संग्रह पूर्ण होने एवं 6,676 मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के बीच वितरण की जानकारी दी गई। शेष नमूनों का संग्रह शीघ्र पूर्ण करने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता की जानकारी किसानों तक व्यापक रूप से पहुँचाने का निर्देश सभी संबंधित कर्मियों को दिया गया। डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना अंतर्गत रबी मौसम के लिए सर्वेयर की संख्या बढ़ाने एवं लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही खरीफ मौसम में सर्वेयर की लंबित राशि के भुगतान हेतु अविलम्ब आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सभी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों को दिया गया। बैठक में सभी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों को ब्लॉकचेन के माध्यम से ही बीज तथा आई.एन.एम./आई.पी.एम. का वितरण सुनिश्चित करने एवं नए किसानों के निबंधन का कार्य निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत शिविरों के माध्यम से आवेदन सृजित कर संबंधित बैंकों को शीघ्र स्वीकृति हेतु भेजने तथा आवेदन सृजन करने वाले किसान मित्रों की सूची जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि उन्हें निर्धारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा सके। केंद्र प्रायोजित प्रति बूँद अधिक फसल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी लंबित आवेदनों का अविलम्ब अधिष्ठापन पूर्ण कराते हुए शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। किसान समृद्धि योजना अंतर्गत सभी प्रखंडों को लक्ष्य के अनुरूप चलंत सोलर इकाई वितरण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रखंड बरहेट, बोरियो, मंडरो, पतना एवं तालझारी में लक्ष्य के विरुद्ध अभी आधी चलंत सोलर इकाई का वितरण शेष है। संबंधित प्रखंडों के कर्मियों को लक्ष्य अविलम्ब पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, उप परियोजना निदेशक मंटू कुमार सहित संबंधित प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक उपस्थित थे।

## बिजली विभाग ने पांच हजार रुपये से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का काटा विद्युत कनेक्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उधवा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बिजली विभाग की टीम के द्वारा लगातार अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मनिहारी टोला व खासपुरा सहित अन्य इलाकों में अभियान चलाकर पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले सात उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया है। बिजली विभाग की टीम ने बताया कि अभियान के दौरान पांच हजार से अधिक बकाया वाले 7 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है। साथ ही उनलोगों को बकाया राशि जल्द-जल्द भुगतान करने के साथ-साथ विद्युत कार्यालय से आरसीडीसी रशीद लेकर ही बिजली उपयोग करने को कहा गया। मौके पर लाइनमैन रविंद्र मंडल, पूरन साहा,अरूण मंडल, प्रकाश मंडल, इस्लाम शेख सहित अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में मुख्य हाट बाजार में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत 15वें दिन साहिबगंज के मुख्य हाट बाजार में सड़क सुरक्षा को लेकर सड़क सुरक्षा चौपाल का भव्य एवं जागरूकता पूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजारों एवं पंचायत स्तर पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा योद्धा एवं राहवीर योजना के तहत नागरिकों को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की गोल्डन ऑवर में सहायता कर जीवन बचाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति एवं नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एम.भी.आई. कुमार उत्कर्ष एवं अभिषेक मुंडा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। थोड़ी सी सावधानी कई अनमोल जिंदगियों को बचा सकती है।कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस सहित अन्य कर्मियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## महेशपुर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय एवं आवास भवन का हुआ भव्य उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** जिले के महेशपुर में विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय एवं आवास भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। यह भवन क्षेत्र में पुलिस प्रशासन को सशक्त बनाने एवं आम नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है। उक्त भवन का उद्घाटन सांसद, राजमहल लोकसभा क्षेत्र विजय कुमार हांसदा, माननीय विधायक, महेशपुर विधानसभा क्षेत्र एवं सभापति, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति, झारखण्ड सरकार प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी तथा जिला परिषद अध्यक्ष जूली खिष्टमुणि हेंब्रम द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने कहा कि महेशपुर में पुलिस परिवार को आज एक बड़ी सौगात मिली है। पहले नए थाना भवन का निर्माण हुआ और अब एसडीपीओ कार्यालय एवं आवास भवन का उद्घाटन होना पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि खरमास समाप्त होने के तुरंत बाद निर्धारित समय- सीमा के भीतर इस भवन का निर्माण पूर्ण होना प्रशासनिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने इसके लिए संवेदक एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पूरे झारखण्ड में पुलिस एवं प्रशासनिक अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए समयबद्ध और दूरदर्शी पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज एवं पाकुड़ सहित विभिन्न जिलों की आवश्यकताओं पर चर्चा के उपरांत राज्य स्तर पर एक व्यापक फ्रेमवर्क तैयार किया गया, जिसके अंतर्गत थाना भवन, एसडीपीओ कार्यालय, आवास भवन एवं पुलिसकर्मियों के लिए बैरक का निर्माण कराया जा रहा है।

## 24 पहर हरिनाम संकीर्तन का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के राजमहल प्रखंड क्षेत्र के बर्मन कॉलोनी वार्ड नंबर 6 हरिराम यज्ञ कमेटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के 1 दिन बाद 24 प्रहर लगातार 72 घंटे तक चलने वाले अनवरत हरि नाम संकीर्तन पूरे विधि विधान से गुरुवार को अहले सुबह से प्रारंभ हो गया। पहले दिन से कोलकाता और नदिया से आए शिल्पी के द्वारा श्रीकृष्ण जी के नाम, लीला एवं "हरे रामा हरे कृष्णा" के उद्घोष से पूरा माहौल भक्ति में हो गया। स्थानीय एवं दुर दराज से आए भक्त कीर्तन सुनकर मंत मुग्ध हो उठे। कमेटी के अध्यक्ष किशन बर्मन ने बताया कि लगातार 72 घंटे तक अलग-अलग शिल्पियों के द्वारा ठाकुर जी के लीला प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही मंदिर में राधा कृष्ण, निताई गोड़, के प्रतिमा स्थापित कर गोसाई के द्वारा सुबह दोपहर शाम आरती दो बार होता है सुबह, दोपहर, शाम को आरती एवं महाभोग प्रतिदिन लगाया जा रहा है। मौके पर समिति के अन्य सदस्य एवं सैकड़ों भक्तजन उपस्थित थे। टी के अध्यक्ष किशन बर्मन ने बताया कि लगातार 72 घंटे तक अलग-अलग शिल्पियों के द्वारा ठाकुर जी के लीला प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही मंदिर में राधा कृष्ण, निताई गोड़, के प्रतिमा स्थापित कर गोसाई के द्वारा सुबह दोपहर शाम आरती दो बार होता है सुबह, दोपहर, शाम को आरती एवं महाभोग प्रतिदिन लगाया जा रहा है। मौके पर समिति के अन्य सदस्य एवं सैकड़ों भक्तजन उपस्थित थे।

# सेना दिवस पर हार्दिक मिलन दल 4.0 रवाना भूतपूर्व सैनिकों से सीधे संवाद की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, रामगढ़ कैंट में सेना दिवस के उपलक्ष्य में जे एंड बी सब एरिया की देखरेख में हार्दिक मिलन दल 4.0 का आयोजन किया गया। इस दल का मुख्य उद्देश्य पंजाब के एसएएस नगर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, एसबीएस नगर, लुधियाना, जलंधर, मोगा, फरीदकोट, बरनाला और मानसा जिलों के भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों तक पहुंचना है। इस दल को ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी, कमांडेंट, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर और लेफ्टिनेंट कर्नल देबाशीष डे, मुख्य रेकॉर्ड अधिकारी, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, द्वारा 15 जनवरी 2026 को 10:30 बजे फ्लेग ऑफ करके रवाना किया गया। इस मुहिम की शुरूआत वर्ष 2023 में की गयी थी जो कि वर्ष 2026 में यह हार्दिक मिलन 4.0 का चौथा सफल प्रयास है। इस दल के द्वारा पंजाब के 10 जिलों के सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों की शिकायतों एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों के लिए सेवानिवृत्त होने के बाद मिलने वाली पेंशन संबन्धित सुविधाएं, जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना आदि अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हार्दिक मिलन दल 4.0 का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों को उनके अधिकारों और सुविधाओं के बारे में जागरूक करना है। इस दल के द्वारा इन लोगों की समस्याओं का निवारण करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी ने कहा कि हार्दिक मिलन दल 4.0 का आयोजन भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस दल के द्वारा इन लोगों की समस्याओं का निवारण करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। लेफ्टिनेंट कर्नल देबाशीष डे ने कहा कि हार्दिक मिलन दल 4.0 का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है जो भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं व उनके आश्रितों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस दल के द्वारा इन लोगों की समस्याओं का निवारण करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबू अर्जुन यादव की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**साहिबगंज:** बाबू अर्जुन यादव स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर साहिबगंज शहर के अयोध्या धाम में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। बाबू अर्जुन यादव के पुत्र और भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह बंगाल चुनाव प्रभारी बजरंगी प्रसाद यादव के नेतृत्व में बृहद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें साहिबगंज शहर के सभी राजनीतिक दलों के नेता कार्यकताओं सहित सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय अर्जुन बाबू ही उनके प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी है अर्जुन बाबू की प्रेरणा से ही है और सामाजिक कार्य करने की प्रति जो निष्ठा दिखाई पड़ती है इसमें सबसे बड़ा श्रेय उनके पिताश्री का जाता है। इस मौके पर बजरंगी प्रसाद यादव के अलावा कांग्रेस के मो. कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, भाजपा के कृष्ण कुमार शर्मा, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भाजपा पूर्व विधायक ने अपने कार्यालय में जी राम जी को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया



**साहिबगंज:** भारत सरकार ने 2047 तक देश के ग्रामीण जन जन का विकास करने के उद्देश्य से विकसित भारत जी राम जी कानून लेकर आया। जिसमे ग्रामीण परिवेश का पूर्ण विकास समाहित हैं। यह बाते आज साहिबगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य अनंत ओझा ने अपने कार्यालय में कहा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणेश तिवारी, नगर अध्यक्ष बिनोद चौधरी, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष रामानंद साह, तालझारी मण्डल अध्यक्ष राजेश मण्डल सहित कई भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। अनंत ओझा ने कहा जिससे घबराकर कांग्रेस देश में झूठा प्रलाप करने का काम कर रही हैं। इस कानून में सरकार ने 100 दिन को बढाकर 125 दिन करने का काम किया हैं। इस मनरेगा कानून में जो भ्रष्टाचार ब्याप्त था। उसे दूर कर पुरा पारदर्शी बनाया गया हैं। इसमें राज्य सरकारों का भी जिम्मेदारी तय कि गई हैं। जिससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले घबराये हुए हैं। इसलिए देश के लोगों को कार्यक्रम के माध्यम से गुमराह करने का कुत्सित प्रयास कर रहा हैं। कांग्रेस को राम नाम से घोर आपत्ति हैं और महात्मा गाँधी के नाम पर खेल करने का कोशिश हैं। जबकि महात्मा गाँधी के जीवन के कण कण में भगवान राम समाए हुए थे। इसलिए उन्होंने अपने अंतिम शब्द के रूप में हे राम कहा। कांग्रेस और उसके साथी गठबंधन कभी भी देश को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहता हैं।

### मकर संक्रांति पर हुई पतंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** शहर के न्यू झारखंड युवा क्लब की ओर से गुरूवार को मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट में भव्य पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र साहिबगंज की प्रभारी बिंदु दीदी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के अलावा एलसीसी कम्प्यूटर सेंटर के निदेशक प्राचार्य उत्तम कुमार, सुशीला देवी, रंजीत केसरी एवं नीतू आदि ने संयुक्त रूप से पतंग उड़ाकर किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेहान अंसारी, दूसरा स्थान सैफ अंसारी, तीसरा स्थान अमन राज्ज, चौथा स्थान हिमांशु यादव एवं पांचवां स्थान कृष्णा कुमार ने प्राप्त किया। विजेताओं को क्लब की ओर से बाद में पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### घरेलू विवाद में मां-बेटी घायल



**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सोभनपुर भट्ठा गांव में घरेलू विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में मां और बेटी घायल हो गए। दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया।जहां ड्यूटी पर तैनात अस्पताल में चिकित्सक डॉ.केशव कृष्णा ने इलाज किया। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सोभनपुर भट्ठा गांव निवासी उमेश यादव की पत्नी गुड़िया देवी 40 वर्षीय व प्रियंका कुमारी 15 वर्षीय घरेलू विवाद में मारपीट की घटना में घायल हो गई। घायल गुड़िया देवी ने आरोप लगाते हुए बताई की सभी लोग गंगा स्नान करने के लिए गए थे, स्नान करने के बाद घर आई तो पीड़िता घायल कि दीवार तोड़ रहा था जिस पर विरोध करने पर बहन पूनम, राजा, दिलखुश, सोनिया, बिलैया, सोनू ने मिलकर गुड़िया देवी व प्रियंका कुमारी को मारपीट कर घायल कर दिया। बरहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा।

### राजमहल प्रभाग के पुलिस निरीक्षक ने राधानगर थाना में की समीक्षा बैठक

**साहिबगंज:** राजमहल प्रभाग के पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन ने गुरुवार को राधानगर थाना में समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार राजमहल पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन ने राधानगर थाना में लंबित केस सहित अन्य मामलों का समीक्षा किया। साथ ही लंबित केस को जल्द डिस्पोजल करने का निर्देश दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, एसआई जुमराती अंसारी, एएसआई सरफुद्दीन खान, सुनील मेहता, शिशिर कुमार यादव, मनोज पासवान, उमेश तिवारी, शासिकान्त यादव, श्रीलाल हांसदा सहित अन्य मौजूद थे।



## कृषि को आर्थिक वृद्धि का इंजन बनाने की मांग पकड़ रही है जोर

नई दिल्ली ।

विशेषज्ञ और उद्योग जगत के जानकार आगामी बजट से पहले कृषि क्षेत्र में डिजिटल अवसंरचना, जलवायु-अनुकूल खेती और नई प्रौद्योगिकियों में निवेश की जोरदार वकालत कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे देश की आधी आबादी को रोजगार देने वाले क्षेत्र में उत्पादकता और आर्थिक योगदान बढ़ाया जा सकता है। भारत में करीब 45 फीसदी कार्यबल कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में है, लेकिन सकल मूल्यवर्धन में योगदान केवल 18 फीसदी के आसपास है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन और डिजिटल पशुधन मिशन के माध्यम से 3,00,000 से अधिक किसानों को संगठित किया गया है। जीएसटी सुधारों ने संगठित दुग्ध क्षेत्र में पनीर, घी और मक्खन जैसी उच्च प्रोटीन उत्पादों की मांग बढ़ाई। उद्योग विशेषज्ञों ने गुणवत्तापूर्ण चारे, पशु चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए महाविद्यालयों की क्षमता बढ़ाना और लघु दुग्ध इकाइयों, विशेषकर महिला उद्यमियों के लिए पूंजीगत सब्सिडी की मांग की है।

## आरएम ड्रिप नासिक में 12,000 टन क्षमता की नई इकाई लगाएगी

नई दिल्ली ।

आरएम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स के निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिन्नर में 12,000 टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता वाली नई इकाई स्थापित करने को मंजूरी दी है। यह इकाई कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी, ब्रह्मानंद पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से स्थापित होगी। नई इकाई के चलते कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। प्रबंध निदेशक ने कहा कि यह विस्तार कंपनी की वृद्धि रणनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे निरंतर राजस्व वृद्धि, बेहतर लाभ और मजबूत निष्पादन क्षमताओं की नींव रखी जाएगी। आरएम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों और घटकों का निर्माण करती है और डिजाइन, निर्माण और स्थापना सहित संपूर्ण समाधान प्रदान करती है। कंपनी का वितरण नेटवर्क महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में फैला हुआ है।

## एमआरपीएल का मुनाफा बढ़कर 1,445 करोड़

मंगलुरु ।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) का 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में मुनाफा 1,445 करोड़ रुपये रहा। पिछली वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह लाभ 304 करोड़ रुपये था, यानी लाभ चार गुना से अधिक बढ़ा। कंपनी की परिचालन आय इस तिमाही में 29,720 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की 25,601 करोड़ रुपये* के मुकाबले लगभग 16 फीसदी अधिक है। एमआरपीएल ने बीती तिमाही में 47 लाख टन कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया और मंगलूरू में आईएसपीआरएल कैवर्न इकाई में कच्चे तेल का भंडारण शुरू किया। कंपनी के निदेशक मंडल ने 14 जनवरी 2026 को समेकित वित्तीय नतीजों को मंजूरी दी।

## मोबाइल निर्माताओं के लिए सोर्स कोड साझा करना अनिवार्य नहीं- एमएआईटी

**नई दिल्ली** । सोर्स कोड कंप्यूटर भाषा में लिखा निर्देशों का समूह है, जो बताता है कि मोबाइल फोन, ऐप या सॉफ्टवेयर कैसे काम करेगा। इसके बिना मोबाइल का संचालन, ऐप्स खुलना, भुगतान या डेटा सुरक्षा संभव नहीं है। हाल ही में यह चर्चा सामने आई थी कि सुरक्षा जांच के लिए मोबाइल कंपनियों को सोर्स कोड साझा करना पड़ सकता है। इससे यह गलतफहमी पैदा हुई कि यह अनिवार्य है। सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण संघ (एमएआईटी) ने स्पष्ट किया कि 18 जून 2025 के मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन में सोर्स कोड साझा करना अनिवार्य नहीं बताया गया है। संगठन में एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, नोकिया और लेनोवो जैसी कंपनियां शामिल हैं। मोबाइल सुरक्षा को लेकर मंत्रालय उद्योग के साथ लगातार बातचीत कर रहा है, क्योंकि स्मार्टफोन अब बैंकिंग और निजी डेटा के लिए व्यापक रूप से उपयोग हो रहे हैं।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वर्चुअल बातचीत फिर शुरू

### - दोनों देश समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली ।

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वर्चुअल बातचीत एक बार फिर शुरू हो गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार साल के अंत में छुट्टियों के कारण यह वार्ता कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार आभासी माध्यम से फिर संपर्क में हैं। हालांकि, आमने-सामने की बातचीत या समझौते को अंतिम रूप देने की कोई समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है। पिछली बार व्यापार वार्ता दिसंबर में हुई थी, जब अमेरिकी व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भारत आया था। इस दल का नेतृत्व अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) के उप-प्रतिनिधि रिक स्विट्जर ने किया था। अवकाश के चलते वार्ता आगे नहीं बढ़ पाई, जिससे समझौते को लेकर अनिश्चितता बनी रही। इस बीच भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर सकारात्मक रुख जताया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए



प्रतिबद्ध हैं। देर शाम विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें व्यापार, दुर्लभ खनिज, परमाणु ऊर्जा और रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। अधिकारी के अनुसार, भारत और अमेरिका दो समानांतर रास्तों पर काम कर रहे हैं–एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौता और दूसरा ढांचागत व्यापार समझौता, जिसमें 50 प्रतिशत जवाबी शुल्क जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा।

## प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 39 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली ।



रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 39 प्रतिशत बढ़कर 4183.6 करोड़ रुपये हो गई है। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान कंपनी की बिक्री बुकिंग दोगुना होकर 22,327.3 करोड़ रुपये रही। प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में हासिल किया गया रिकॉर्ड प्रदर्शन हमारी परियोजनाओं की बढ़ती मांग का ठोस प्रमाण है, अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही में कुल बिक्री क्षेत्रफल 29.9 लाख वर्ग फुट रहा जबकि अप्रैल-दिसंबर में यह 1.695 करोड़ वर्ग फुट तक पहुंच गया।अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 1,811 इकाई बेची जिससे वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में बेची गई कुल इकाई की संख्या 8,598 हो गई। प्रेस्टीज ग्रुप भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। यह कंपनी प्रमुख शहरों में आवासीय, वाणिज्यिक (कार्यालय व खुदरा) और आतिथ्य परियोजनाएं बनाती है। समूह ने सितंबर 2025 तक 20.2 करोड़ वर्ग फुट में फैली 310 परियोजनाएं पूरी कीं। वर्तमान में 19.9 करोड़ वर्ग फुट में फैली 130 परियोजनाएं प्रक्रिया के विभिन्न चरण में हैं।

## बायोकॉन ने क्यूआईपी के जरिये जुटाए 4,150 करोड़

नई दिल्ली ।




जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी बायोकॉन ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) प्रक्रिया के जरिये 4,150 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस पहल के तहत पात्र संस्थागत खरीदारों को पांच रुपये अंकित मूल्य के 1,12,664,585 शेयर 368.35 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर जारी किए गए। कंपनी के अनुसार 12 जनवरी से 14 जनवरी तक जारी क्यूआईपी में घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने काफी रुचि दिखाई जो कंपनी की वृद्धि संभावनाओं में उनके मजबूत विश्वास को दर्शाता है। बायोकॉन ने कहा कि क्यूआईपी से प्राप्त धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड में अपनी शेयरधारिता खरीदने के लिए माइलन इंक (वियाट्रिस) को देय नकद राशि का भुगतान करने के लिए किया जाएगा। इससे इस संबंध में लिए गए ऋण का पुनर्भुगतान भी शामिल है।

# नगरपालिका चुनाव के लिए शेयर बाजार बंद करना गलत, यह है पूअर प्लानिंग

### कामत बोले-ट्रेडिंग रोकना भारत जैसे बढ़ते ग लोबल मार्केट के लिए अच छा मैसेज नहीं

मुंबई, ।

जीरोधा के को-फाउंडर और अरबपति नितिन कामत ने गुरुवार को शेयर बाजार बंद होने पर नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि महाराष्ट्र के नगरपालिका चुनाव के लिए शेयर बाजार बंद करना गलत है, किसी स्थानीय चुनाव की वजह से ट्रेडिंग रोकना भारत जैसे बढ़ते ग्लोबल मार्केट के लिए अच्छा मैसेज नहीं है। कामत ने एक्स पर लिखा कि भारतीय एक्सचेंज इंटरनेशनल सिस्टम से जुड़े हैं, ऐसे में लोकल लेवल के चुनाव के लिए बाजार बंद करना पूअर प्लानिंग है। यह विदेशी निवेशकों के बीच भारत की गंभीरता पर सवाल खड़ा करती है।

बता दें 15 जनवरी को महाराष्ट्र में नगरपालिक चुनाव हो रहा है, जिस कारण बीएसई और एनएसई में ट्रेडिंग पूरी तरह से बंद किया है। इसका मतलब है कि बीएमसी चुनाव के कारण पूरे देश में शेयर बाजार बंद किए गए हैं। कामत के मुताबिक ऐसे फैसलेन सिर्फ निवेशकों को प्रभावित करते हैं बल्कि भारत की ग्लोबल निवेश में गंभीरता पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूअर प्लानिंग और सेकेंड ऑर्डर इफैक्ट की समझ की कमी दिखाता है। कामत ने तर्क दिया कि भारत एक्सचेंज अब सिर्फ स्थानीय प्लेटफॉर्म नहीं रहे, बल्कि ग्लोबल फाइनेंस स्ट्रक्चर से जुड़े हुए हैं। ऐसे में स्थानीय लेवल के चुनाव के नाम पर पूरे बाजार को बंद कर देना गलत संदेश देता है। उन्होंने मशहूर निवेशक चार्ली मंगर का कोट भी शेयर किया। कामत ने यह भी कहा



कि मार्केट इसलिए बंद है क्योंकि इसे कोई रोकने वाला नहीं है।

इस कारण ऐसा सिस्टम चल रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स हमें कितना सीरियस लेते हैं, इससे अंदाजा लगाइए।

उन्होंने आगे कहा कि दुनिया की मार्केट स्थानीय चुनावों या फिर आंशिक छुट्टियों के कारण बंद नहीं होती हैं।

हॉलिडे होने से ग्लोबल फंड फ्लो और इंटरनेशनल लिंक्ड प्रोडक्ट्स पर असर होता है।

# थोक महंगाई दिसंबर में 8 महीने के उच्च स्तर पर, मुख्य महंगाई दर भी बढ़ी

### - खाद्य महंगाई दर नवंबर में यह -2.6 फीसदी थी

नई दिल्ली ।

कंपनियों और कॉमर्स मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2025 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर 0.83 फीसदी दर्ज की गई, जो पिछले 8 महीनों में सबसे उच्च स्तर है। यह संकेत है कि लंबे समय से जारी अवस्फीति का दौर धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है और महंगाई बढ़ने लगी है। खाद्य महंगाई दिसंबर में 0 फीसदी पर स्थिर रही, जबकि नवंबर में यह -2.6 फीसदी थी। प्राथमिक खाद्य वस्तुओं की अवस्फीति दिसंबर में -0.43 फीसदी रही, जो नवंबर के -4.16 फीसदी से कम है। सब्जियां -3.5, मोटे अनाज -1.18, दलहन



-13.44 और प्याज -54.4 फीसदी रही। इसके विपरीत, धान और फलों पर महंगाई का दबाव देखा गया। इससे पता चलता है कि महंगाई के दबाव अब कुछ वस्तुओं पर धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। मुख्य महंगाई दर, जिसमें खाद्य और ईंधन शामिल नहीं हैं, दिसंबर में 2 फीसदी पर पहुंच गई, जो 34 महीने में उच्चतम स्तर है। एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री ने कहा कि रुपये की कमजोरी और वैश्विक कीमतों में वृद्धि मुख्य कारण हैं। उन्होंने अनुमान लगाया कि जनवरी 2026 में थोक खाद्य महंगाई और बढ़ सकती है।

उन्होंने कहा कि अच्छी कृषि फसल, अनुकूल आधार प्रभाव और पर्याप्त जलाशय के कारण खाद्य महंगाई पर नियंत्रण की उम्मीद है।

## एक्स ने ग्रोक एआई में आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने पर लगाया प्रतिबंध

### - सभी उपयोगकर्ताओं पर लागू होगा नया नियम

नई दिल्ली ।

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक कपड़ों में लोगों की तस्वीरें बनाने और संपादित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह नियम सभी उपयोगकर्ताओं पर लागू होगा, चाहे वे मुफ्त सेवा ले रहे हों या सशुल्क ग्राहक हों। अब केवल पेड सब्सक्राइबर्स ही ग्रोक के जरिए तस्वीर बनाने और एडिट करने की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। कंपनी का कहना है कि यह कदम दुरुपयोग रोकने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। एक्स ने कहा है कि वह उन क्षेत्रों में, जहां इस तरह की सामग्री कानूनी तौर पर अवैध है, तस्वीर बनाने की क्षमता को भौगोलिक रूप से ब्लॉक करेगा। कंपनी ने स्पष्ट किया कि इससे उसके मौजूदा सुरक्षा नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। सभी एआई जनरेटेड कंटेंट को प्लेटफ़ॉर्म की नीतियों और स्थानीय कानूनों के अनुसार मॉनिटर किया जाएगा। एक्स ने यह भी कहा कि बाल यौन शोषण, बिना सहमति की नग्नता और अवांछित यौन सामग्री को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वाले खातों को स्थायी रूप से निलंबित किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उपयोगकर्ताओं की जानकारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी दी जाएगी। भारत, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ सहित कई देशों की सरकारें ग्रोक पर डीपफेक और आपत्तिजनक एआई जनरेटेड तस्वीरों को लेकर सवाल उठा रही हैं। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी एक्स को चेतावनी दी थी कि अवैध सामग्री हटाई जाए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने हटाया 10 मिनट डिलीवरी का दावा

नई दिल्ली ।

स्विगी इंस्टामार्ट, जेप्टो और ब्लिंकइट जैसे प्रमुख क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने अपने मोबाइल ऐप और विज्ञापन से 10 मिनट में डिलीवरी का दावा हटाना शुरू कर दिया है। उदाहरण के लिए, ब्लिंकइट ने अपनी टैगलाइन बदलकर '10 मिनट में 10,000 से उत्पाद से 30,000 उत्पाद आपके दरवाजे पर कर दिया। जेप्टो और स्विगी इंस्टामार्ट ने अपने ऐप विवरण में 10 मिनट में डिलीवरी के बजाय 'मिनटों में डिलीवरी' शब्द जोड़े। बिगबास्केट और फ्लिपकार्ट मिनट्स ने भी गति-संचालित संदेश हटाए हैं। हालांकि ब्रांडिंग बदल रही है, लेकिन डिलिवरी पार्टनर का कहना है कि जमीन पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। नोएडा के स्विगी इंस्टामार्ट डिलिवरी कर्मी राकेश ने कहा कि कंपनी ने उन्हें कोई औपचारिक आदेश नहीं दिया है और ऑर्डर और डिलीवरी समय-सीमा पहले की तरह ही हैं। जेप्टो के कर्मचारी भी यही पुष्टि कर रहे हैं। यूनियनों का कहना है कि वास्तविक प्रभाव तभी दिखेगा जब




ऐप और प्लेटफॉर्म्स अपने राइडर-फेसिंग ऐप और प्रोत्साहन संरचना में बदलाव लाएंगे। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने गिग श्रमिकों की सुरक्षा और 10 मिनट डिलीवरी जैसी समय-सीमाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ब्लिंकइट, स्विगी इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य प्लेटफॉर्म्स के प्रतिनिधियों से बैठक की। हालांकि, अभी तक कोई औपचारिक लिखित निर्देश जारी नहीं किया गया है।

## भारत की अर्थव्यवस्था बरकरार रखेगी तेज़ रफ्तार

### - वर्ल्ड बैंक और डेलॉयट ने बढ़ाया ग्रोथ अनुमान



नईदिल्ली।

वर्ल्ड बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था के लिए` वित्त वर्ष 2026 का जीडीपी ग्रोथ अनुमान 6.3 फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी टैरिफ के बावजूद मजबूत घरेलू मांग और उपभोग के बेहतर रुझान भारत की वृद्धि को प्रभावित नहीं करेंगे। ग्रामीण आय में सुधार और सरकार द्वारा किए गए टैक्स कटौती ने घरेलू खपत को मजबूती दी है। डेलॉयट ने भी भारत के लिए आशाजनक अनुमान पेश किया है। वित्त वर्ष 2026 में ग्रोथ रेट 7.5 से 7.8 फीसदी रहने का अनुमान है। एजेंसी ने कहा कि मजबूत घरेलू डिमांड और सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में मजबूती से भारत की अर्थव्यवस्था रफ्तार बनाए रखेगी। `वित्त वर्ष 2026-27 में वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण ग्रोथ रेट थोड़ी गिरकर 6.6-6.9 फीसदी हो सकती है। डेलॉयट ने भारत के निर्यात में विविधता लाने वाली नई फ्री ट्रेड डील्स को आर्थिक मजबूती का एक कारण बताया। भारत ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ समझौते किए हैं, जबकि इजराइल के साथ व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने की बातचीत जारी है। वैश्विक व्यापार तनाव, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में नीतिगत बदलाव और अस्थिर कैश फ्लो जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं, लेकिन घरेलू सुधार और त्योहारी मांग ने पॉजिटिव आउटलुक को बल दिया है। भारत नॉमिनल जीडीपी में 8त्र की वृद्धि के साथ` वित्त वर्ष 2026 में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

## तेल कंपनियों का तीसरी तिमाही में प्रदर्शन मजबूत रहने की

### पिछली साल की समान तिमाही में यह 3 से 6 डॉलर प्र ति बैरल था



नई दिल्ली ।

वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में भारत की प्रमुख तेलशोधन और विपणन कंपनियों का प्रदर्शन मजबूत रहने की उम्मीद है। सरकारी तेल कंपनियों का जीआरएम इस तिमाही 10 से 13 डॉलर प्रति बैरल रहने की संभावना है, जबकि पिछली साल की समान तिमाही में यह 3 से 6 डॉलर था। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का जीआरएम 13.4 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है, जो पिछले साल 10.4 डॉलर था। कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के कारण पेट्रोल और डीजल जैसे रिफाइंड उत्पादों पर विपणन मुनाफा भी बढ़ा। इस तिमाही में औसत मुनाफा पेट्रोल के लिए 7.38 रुपये और डीजल के लिए 5.25 रुपये प्रति लीटर रहा। ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 63.1 डॉलर प्रति बैरल रही, जो सालाना आधार पर 10.9 डॉलर और तिमाही आधार पर 5 डॉलर कम है। तेल उत्पादों की घरेलू खपत बढ़ने से कंपनियों की बिक्री मजबूत रही। एलपीजी सिलिंडर की बिक्री पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार ने 3 सरकारी तेल विपणन कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपये का मुआवजा मंजूर किया है। इससे तेल कंपनियों के प्रदर्शन को और समर्थन मिलेगा।

# बैंक और एनबीएफसी स्वचालित शिकायत प्रबंधन प्रणाली स्थापित करें

### - अस्वीकार की गई शिकायतें स्वतः आईओ के कार्यालय में भेजी जाएंगी

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को निर्देश दिया कि वे पूरी तरह स्वचालित शिकायत प्रबंधन प्रणाली स्थापित करें। इस प्रणाली में ग्राहक को शिकायत दर्ज करने और उसकी समीक्षा के लिए आंतरिक लोकपाल (आईओ) और उप-लोकपाल तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। इसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को तेज़, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि बैंक या एनबीएफसी द्वारा आंशिक रूप से हल या पूरी तरह अस्वीकार की गई शिकायतें स्वतः आईओ के कार्यालय में भेजी जाएंगी। आईओ को इन शिकायतों की समीक्षा के लिए कम से कम 10 दिन दिए जाएंगे। जिन मामलों में आरबीआई, एनपीसीआई या कार्ड नेटवर्क के दिशानिर्देशों में समय-सीमा तय है, उनका समाधान उसी के अनुसार किया जाएगा। अन्य मामलों में शिकायत प्राप्ति के 20 दिन के भीतर समीक्षा पूरी करनी होगी। क्रेडिट सूचना कंपनियों से जुड़ी शिकायतों के लिए समय सीमा 25 दिन रखी गई




है। आईओ कार्यालय जनता से सीधे शिकायतें नहीं देखेगा, बल्कि केवल उन शिकायतों पर विचार करेगा जिन्हें बैंक पहले जांच चुका हो और जिन्हें आंशिक समाधान या खारिज किया गया हो। आरबीआई का यह कदम बैंकिंग क्षेत्र में ग्राहक शिकायतों के त्वरित निपटान और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे ग्राहक संतुष्टि बढ़ेगी और बैंक/एनबीएफसी की जवाबदेही मजबूत होगी।

# पटना में कनकनी बढ़ी, स्कूल कब बंद होंगे? जानिए बिहार के मौसम का हाल



**पटना ।** निकलते ही पटना समेत कई जिलों में स्कूल खोल दिए गए थे। बच्चे स्कूल तो गए लेकिन ठंड में ठिठुरते हुए नजर आए। अब अभिभावक जिलाधिकारी से स्कूल बंद करने की गुहार लगा रहे हैं। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र ने भी तीन दिन बाद ठंड बढ़ने का पूवार्नुमान जताया है। बिहार के कई जिलो में धूप निकल रही है लेकिन कनकनी से राहत नहीं मिल रही है। सर्द हवा के कारण लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है। शाम चार बजते ही ठंड बढ़ने लगती है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इसके बाद यानी 18 जनवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ आएगा। इस दौरान उत्तर और पश्चिम बिहार में बादल छाए रहेंगे। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी के भी आसार हैं। इस दौरान कुछ जिलों में घना कोहरा भी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पटना में 15 से 19 जनवरी 2026 तक मौसम शुष्क बना रहेगा। सुबह के समय कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना है, जबकि दिन चढ़ने के साथ आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, वहीं न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है। ठंडी सुबह और सुहावने दिन के बीच तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। ठंड का असर सुबह और रात के समय अधिक महसूस होगा। पिछले 24 घंटों के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। पटना एयरपोर्ट क्षेत्र में अधिकतम तापमान लगभग 21.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि दानापुर में अधिकतम 23.1 और न्यूनतम 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शहर के अन्य इलाके में अधिकतम तापमान करीब 22.7 और न्यूनतम 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम में हल्की ठंड के साथ बादल छाए रहने की स्थिति बनी रही। अभिभावकों ने स्कूल खोलने की मांग की ठंड को लेकर पटना के अभिभावक स्कूलों को बंद करने की मांग कर रहे थे, लेकिन जिलाधिकारी ने स्कूल बंद करने के बजाय समय में बदलाव करने का फैसला लिया। डीएम ने 16 जनवरी तक एक से ऊपर के स्कूल नौ बजे से संचालित करें। इतना ही नहीं डीएम ने कक्षा एक से ऊपर के स्कूल खोलने का आदेश दे दिया। बच्चे स्कूल तो जा रहे हैं लेकिन उन्हें ठिठुरन महसूस हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि डॉक्टर लगातार बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं, क्योंकि ठंड के कारण कई बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। धूप निकल रही है लेकिन ठंड काफी है। हमलोगों की मांग है कि जिलाधिकारी अपने आदेश पर पुनर्विचार करें। जानिए पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम? मौसम विज्ञान केंद्र पिछले 24 घंटों के दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। पटना एयरपोर्ट क्षेत्र में अधिकतम तापमान लगभग 21.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि दानापुर में अधिकतम 23.1 और न्यूनतम 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शहर के अन्य इलाके में अधिकतम तापमान करीब 22.7 और न्यूनतम 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम में हल्की ठंड के साथ बादल छाए रहने की स्थिति बनी रही। 14 जनवरी को सबौर (भागलपुर), डेहरी (रोहतास) और औरंगाबाद में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में न्यूनतम तापमान 7.0 से 12.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं, कोहरे का असर भी देखने को मिला। तीन दिन बाद गिरेगा न्यूनतम तापमान में होगी गिरावट पश्चिम चंपारण के वाल्मीकि नगर में न्यूनतम दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर रह गई। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार अगले सात दिनों तक बिहार का मौसम शुष्क बना रहेगा।

## हैवानियत के बीच राजनीतिक घमासान

### मुख्य आरोपी की सांसद के साथ तस्वीर वायरल



**पटना ।** पूर्णिया जिले में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश फैला दिया है। मुख्य आरोपी मो. जुनैद को गिरफ्तार किया गया है, जो इलाके में रसूखदार और सक्रिय राजनीति में जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पूर्णिया जिले से सामने आई सामूहिक दुष्कर्म की वीभत्स घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मो. जुनैद सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन जुनैद की गिरफ्तारी के बाद जो खुलासे हो रहे हैं, उन्होंने इस मामले को राजनीतिक रंग दे दिया है। घटना चार दिन पहले हुई थी, जब आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवती को सरेराह अगवा किया। अपराधियों ने उसे जबरन एक मोटर गैराज में ले जाकर पूरी रात सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता को जबरन शराब पिलाई गई और उसे मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। इस घटना ने एक बार फिर बिहार में महिलाओं की सुरक्षा और अपराधियों के बेखौफ हौसलों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मुख्य आरोपी मो. जुनैद इलाके का रसूखदार शख्सियत बताया जा रहा है। उसकी पत्नी वर्तमान में उप मुखिया हैं और जुनेद का सक्रिय राजनीति में गहरा हस्तक्षेप रहा है। गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हुई, जिसमें जुनैद पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के साथ नजर आ रहा है। दोनों एक ही माला पहने हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे उनके करीबी रिश्ते का संकेत मिलता है। हालांकि, इस तस्वीर की सटीकता और समय की पुष्टि अभी नहीं हुई है। विडंबना यह है कि घटना के तुरंत बाद रविवार को सांसद पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया था। उन्होंने कहा था कि बिहार में कानून का शासन खत्म हो गया है और बहन-बेटियां घर से निकलने में डर रही हैं। अब मुख्य आरोपी की उनके साथ तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें घेरा जा रहा है।

पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकताओं ने मांग की है कि राजनीतिक रसूख को किनारे रखकर मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कड़ी सजा दी जाए। यह मामला अब केवल एक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि रसूखदार अपराधियों और राजनीति के गठजोड़ की ओर भी इशारा करता है, जिसकी निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरे

### खाना बनाने को लेकर हुआ विवाद, पत्नी ने जहर खाया



**पटना।** सहरसा जिले में पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद एक दर्दनाक त्रासदी में बदल गया। आपसी कहासुनी के बाद एक विवाहिता ने गुस्से और मानसिक तनाव में जहरीला पदार्थ खा लिया। सहरसा जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद ने एक विवाहिता की जान ले ली। बिहरा थाना क्षेत्र में मछली बनाने को लेकर हुए झगड़े के बाद एक महिला ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान बिहरा थाना क्षेत्र के सिहौल वार्ड नंबर एक निवासी सरोज कुमार की 27 वर्षीय पत्नी अनीता देवी के रूप में हुई है। यह घटना 12 जनवरी की बताई जा रही है। मृतका के देवर अनोज कुमार ने बताया कि उनके भाई सरोज कुमार सुबह मछली खरीदकर घर लाए थे। उन्होंने पत्नी अनीता से मछली बनाने को कहा, लेकिन अनीता ने इससे इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए हाथापाई तक पहुंच गई। उस वक्त घर में मौजूद सास-ससुर और देवर ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। घर में अकेली पाकर खा ली सल्फास की गोली विवाद के बाद सरोज कुमार घर से बाहर चले गए। सास जीविका की बैठक में शामिल होने चली गईं और देवर भी अपने काम पर निकल गए। घर में अकेली रह गई अनीता ने गुस्से में आकर गेहूं में डालने वाली कीटनाशक सल्फास की गोली खा ली। शाम के समय जब अनीता को उल्टियां होने लगीं, तब परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। परिजन आनन-फानन में अनीता को पंचगाछिया के एक निजी क्लिनिक ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद उसे सहरसा शहर के सूर्या हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। तीन साल पहले किया था प्रेम विवाह परिजनों के मुताबिक, अनीता और सरोज ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों का एक साल का बेटा भी है। अनीता का मायका सुपौल जिले के गढ़बरुआरी में है। इस घटना के बाद एक साल के मासूम बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया, जिससे पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर सहरसा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फिलहाल पुलिस को इस मामले में कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है, लेकिन जरूरी कागजी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### नितिन नवीन दो दिन के दौरे पर आए पटना



**पटना।** दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे नितिन नवीन का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नीतीश कैबिनेट में भाजपा कोटे के कई मंत्री, वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह नजारा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया, क्योंकि कुछ समय पहले तक ऐसा दृश्य देखने को नहीं मिलता था। दरअसल, नितिन नवीन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद जब वे पहले पटना आए थे, तब कई बड़े भाजपा नेता एयरपोर्ट पर नजर नहीं आए थे।

इस पर पार्टी आलाकमान ने नाराजगी जताते हुए साफ निर्देश दिया था कि नितिन नवीन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में हैं और उनके हर दौरे पर वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। गुरुवार को पटना एयरपोर्ट पर दिखी एकजुटता को उसी निर्देश का सीधा असर माना जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने इस मौके पर कहा कि भाजपा में युवाओं को बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है और इसे लेकर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासन और नेतृत्व के प्रति सम्मान ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उनके बयान को संगठनात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। नितिन नवीन का यह दौरा केवल औपचारिक नहीं है। मकर संक्रांति के अवसर पर वे शुक्रवार को पटना में पारंपरिक दही-चूड़ा भोज का आयोजन करेंगे। खास बात यह है कि हर साल वे इस भोज का आयोजन करते रहे हैं, लेकिन कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला मकर संक्रांति कार्यक्रम है, जिसे सियासी रूप से काफी अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि अध्यक्ष चुने जाने से महज पांच दिन पहले नितिन नवीन अचानक पटना पहुंचे थे, जिसने पहले ही राजनीतिक हलकों में अटकलों को हवा दे दी थी।

## इलाज के दौरान मरीज की मौत



**पटना।** एपी कॉलोनी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में स्पाइन ऑपरेशन के दौरान देवकी यादव की मौत से हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। गया जी शहर के एपी कॉलोनी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान डोभी प्रखंड के कूसा गांव निवासी देवकी यादव की मौत हो गई, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। मृतक की बेटी की शादी मार्च में तय थी, लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। जानकारी के अनुसार, देवकी यादव पिछले चार दिनों से स्पाइन से जुड़ी बीमारी के इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती थे। सोमवार को उनका स्पाइन ऑपरेशन किया गया, लेकिन इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाज के नाम पर अब तक करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च किए गए, बावजूद इसके समुचित इलाज नहीं किया गया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटना की सूचना मिलने पर रामपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आक्रोशित परिजनों को समझाने-बुझाने में जुट गई। पुलिस अब नर्सिंग होम के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है,

## चिराग पासवान और चेतन आनंद ने दी दही-चूड़ा पार्टी



**पटना।** मकर संक्रांति पर बिहार के सियासी गलियारे में दही-चूड़ा पार्टी खूब चर्चा में रहती है। 13 जनवरी को डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, तेज प्रताप यादव ने पार्टी देकर सुर्खियों में रहे। आज केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जदयू विधायक चेतन आनंद दही-चूड़ा पार्टी दे रहे हैं। लोक जनशक्ति जनता दल के प्रमुख व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज अपने प्रदेश कार्यालय में दही-चूड़ा भोज दे रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद चिराग पहली बार इस तरह ही पार्टी दे रहे हैं। चिराग ने एनडीए के सभी सांसद, विधायक और नेताओं और पूरे बिहार वासियों को आमंत्रण भेजा है। सीएम नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी सीएम समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई दिग्गज नेता इस भोज में शामिल होने जा रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अनुसार, मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस भोज को लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। खाने में दही-चूड़ा के साथ तिलकुट, तिल, पुरी-सब्जी समेत कई व्यंजन रहेंगे।

किसी भी मेहमान को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए कार्यकर्ता मुस्तैद हैं। आनंद मोहन के बेटे व विधायक चेतन आनंद भी दे रहे भोज जनता दल यूनाईटेड की ओर से 14 जनवरी को वरिष्ठ नेता रत्नेश सदा ने दही-चूड़ा भोज दिया था। इसमें सीएम नीतीश समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे।

आज जदयू विधायक और पूर्व सांसद आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद दही-चूड़ा भोज दे रहे हैं। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश शामिल हो सकते हैं।

तेज प्रताप यादव 14 जनवरी को 26 एम स्ट्रैंड रोड स्थित अपने आवास पर महाभोज का आयोजन किया था। खास बात यह रहा कि उन्होंने इस भोज में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेताओं को आमंत्रित किया था। तेज प्रताप यादव के इस भोज में उनके पिता लालू प्रसाद यादव, राज्यपाल आरिफ मोहम्मम खान, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, मंत्री अशोक चौधरी उनके दामाद सायन कुणाल, तेज प्रताप यादव के मामा सुभाष यादव समेत कई विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह पार्टी सुर्खियों में रही थी।

## 'घायल हाथ, अडिग हौसला', मुजफ्फरपुर की जिज्ञासा ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल में धमाका



**पटना।** मुजफ्फरपुर के औराई प्रखंड की जिज्ञासा ने 69वीं राष्ट्रीय स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता अंडर-17 में बिहार टीम में जगह बनाई। बचपन में हाथ फ्रैक्चर होने के बावजूद उन्होंने लगातार अभ्यास और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच बनाई। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड के बसुआ गांव की बेटी जिज्ञासा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पूरे इलाके का नाम रोशन कर दिया है। जिज्ञासा का चयन 69वीं राष्ट्रीय स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता अंडर-17 में बिहार टीम के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में आयोजित हो रही है, जहां जिज्ञासा बिहार टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। जिज्ञासा, गांव के किसान मनोज ठाकुर और बेबी कुमारी की पुत्री हैं और वर्तमान में जीडी मदर विद्यालय मुजफ्फरपुर में कक्षा दसवीं की छात्रा हैं। जिज्ञासा की सफलता के पीछे उनकी कठिन मेहनत और संघर्ष की कहानी भी है। बचपन में ऊंची जगह से गिरने के कारण उनका हाथ बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया था। इस दौरान वह कई महीनों तक उस हाथ से कोई काम नहीं कर पा रही थीं। लेकिन हार न मानकर लगातार अभ्यास और संघर्ष के दम पर आज वही हाथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल खेलने में मदद कर रहा है।

सामान्य परिवार से होने के बावजूद जिज्ञासा के पिता ने उनकी शिक्षा और खेल प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें शहर में पढ़ाने का निर्णय लिया। उनकी इसी सोच और जिज्ञासा की मेहनत का परिणाम आज सामने आया है। जिज्ञासा के अंडर-17 बिहार टीम में चयन की खबर मिलते ही बसुआ गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। जिज्ञासा की दादी ने भावुक होते हुए कहा कि उनकी पोती बचपन से ही संघर्षशील रही है और उसे खेल का शौक था।

हाथ टूटने के बावजूद उसने हार नहीं मानी और मेहनत से आज वह राष्ट्रीय स्तर पर खेल रही है। दादी ने उम्मीद जताई कि जिज्ञासा जिला और राज्य का नाम ऊंचा करेगी और देश के लिए भी खेलकर बिहार का नाम रोशन करेगी।

जिज्ञासा की यह उपलब्धि न केवल बसुआ गांव बल्कि पूरे औराई प्रखंड की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

## थाने से 200 मीटर दूर हत्या

### 50 रुपये के विवाद में गई पीएचडी कर्मी की जान



**पटना।** दरभंगा में एक ई-रिक्शा चालक और पीएचडी विभाग के कर्मचारी की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि मामूली किराए के विवाद में दो नाबालिग लड़कों ने वारदात को अंजाम दिया। दरभंगा में पीएचडी विभाग के कर्मचारी पवन प्रसाद की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह हत्या महज 50 रुपये के किराए के विवाद में दो नाबालिग लड़कों ने की थी। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, घटना 9 जनवरी की सुबह करीब चार बजे की है। दोनों नाबालिग दरभंगा रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा पर सवार होकर लहेरियासराय के कमर्शियल चौक पहुंचे थे। वहां उतरने के बाद चालक पवन प्रसाद ने 150 रुपये किराया मांगा, जबकि दोनों लड़के 100 रुपये ही देने पर अड़े थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। किराए को लेकर बहस इतनी बढ़ गई कि एक नाबालिग ने जेब से चाकू निकालकर पवन प्रसाद के गले पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से पवन सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जिससे पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई थी। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी के निर्देश पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में दो लड़के घटना के बाद बालोदिया ट्रेडर्स के पास वाली गली से भागते नजर आए। इसके बाद तकनीकी जांच के आधार पर सात दिन बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक की पहचान बहेड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले पवन प्रसाद के रूप में हुई थी। वह दरभंगा के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी थे और अतिरिक्त आमदनी के लिए पार्ट टाइम ई-रिक्शा चलाते थे। पुलिस के अनुसार, पवन का पहले भी विवादों से नाता रहा था और वह गोलीबारी के एक मामले में जेल जा चुका था। पारिवारिक विवाद के चलते उनकी पत्नी भी उनसे अलग रह रही थी। उनकी मौत के बाद एक महिला ने उनकी पत्नी होने का दावा भी किया था।

## दुकान से 6 लाख की चोरी का हुआ खुलासा

### पुराने कर्मचारी ही निकले मास्टरमाइंड



**पटना।** सहरसा में हैंडलूम दुकान से हुई बड़ी चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाले बाहर के लोग नहीं, बल्कि दुकान से जुड़े पुराने और मौजूदा कर्मचारी थे। सहरसा जिले में हैंडलूम दुकान से हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। बुधवार शाम साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस चोरी में दुकान के ही पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मानवीय सूचनाएं एकत्र कीं। इसके आधार पर सदर थाना पुलिस और जिला सूचना इकाई (DIU) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 10 साल पुराना कर्मचारी निकला मुख्य आरोपी जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आरोपी मिथिलेश कुमार उर्फ सोनू कुमार ने इसी हैंडलूम दुकान में करीब 10 वर्षों तक काम किया था। इन दोनों ने एक नाबालिग के साथ मिलकर चोरी की पूरी योजना बनाई थी। तीनों आरोपी सहरसा सदर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पढ़ें- छात्रा अपेक्षा की रहस्यमय मौतः शव के पोस्टमार्टम में गोली लगने का संदेह, परिजनों के बयान जांच के घेरे में; बताया क्या था चोरी के पैसों से खरीदा गया महंगा आईफोन बरामद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए पैसों में से 1 लाख 95 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। साथ ही चोरी की रकम से खरीदा गया एक महंगा आईफोन भी जब्त किया गया है। इस कांड के उद्भेदन में सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, एसआई धनेश्वर प्रसाद सिंह, सनोज वर्मा, बालेश्वर कुमार और प्रियंका कुमारी चौहान सहित जिला सूचना इकाई की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है, जबकि नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

## चर्घरा मोड़ पर कंटेनर की टक्कर से युवक की मौत



**पटना।** मकर संक्रांति के दिन चकाई थाना क्षेत्र के चर्घरा मोड़ के पास कंटेनर ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। गिरिडीह से तिलकुट लेकर ससुराल लौट रहे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चकाई थाना क्षेत्र के चर्घरा मोड़ के समीप बुधवार की शाम एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान राजाराम मोहली पिता त्रिभुवन मोहली, निवासी पहाड़पुर, थाना चानन, जिला बांका के रूप में की गई है। वह वर्तमान में चिहरा थाना क्षेत्र के चहबच्चा गांव स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। जानकारी के अनुसार, राजाराम मोहली मकर संक्रांति के अवसर पर गिरिडीह से तिलकुट लेकर बस से अपने ससुराल लौट रहा था। बुधवार की

# लिवर सिरोसिस से बचने ठीक रखें खानपान



लिवर सिरोसिस धीमी गति से बढ़ने वाला रोग है। आम भाषा में कहें तो इस रोग में लिवर का आकार सिकुड़ने लगता है और उसमें कठोरता आने लगती है। इस रोग में लिवर की बहुत सारी कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं और उनकी जगह फाइबर तंतु ले लेते हैं। साथ ही लीवर की बनावट भी असामान्य हो जाती है, जिससे पोर्टल हाइपरटैंशन की स्थिति पैदा हो जाती है। इस बीमारी का अंतिम इलाज लीवर प्रत्यारोपण यानि लिवर ट्रांसप्लांट है।

लिवर सिरोसिस का मुख्य कारण इसका गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो जाना है और ये होता है गलत खान-पान की आदतों और एल्कोहल के ज्यादा सेवन की वजह से। खान-पान में आमतौर पर वसायुक्त चीजों का ज्यादा सेवन से, ज्यादा नॉन वेज आहार लेने से और दवाओं के साइड इफेक्ट के कारण लिवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी होती है।

### लिवर सिरोसिस की तीन अवस्थाएं

ये एक गंभीर बीमारी है और ये धीरे-धीरे शरीर पर असर करती है इसलिए इसके लक्षण 3 अवस्थाओं में अलग-अलग देखने को मिलते हैं। इन लक्षणों की सहायता से और शरीर की जांच द्वारा इस बीमारी का पता लगाया जा सकता है।

पहली अवस्था में शरीर बेवजह थकान महसूस करने लगता है और इसका वजन घटना शुरू हो जाता है साथ ही पाचन संबंधी गडबडियां शुरू हो जाती हैं। दूसरी अवस्था में रोगी को बार-बार चक्कर आने लगता है और उल्टियां होने लगती हैं। इसके अलावा खाना खाने का मन नहीं करता है और बुखार बना रहता है।

तीसरी और अंतिम अवस्था में उल्टियों के साथ खून आने लगता है और मरीज को बेहोशी होने लगती है। इसके अलावा मामूली सी चोट लगने पर भी खून नहीं रुकता है। तीसरा स्टेज आ जाने पर मरीज पर दवाओं का असर नहीं होता है। इसके बाद एकमात्र विकल्प लिवर का ट्रांस्प्लांट बचता है, जो एक बेहद खर्चीला इलाज है।

### लिवर सिरोसिस से बचने के उपाय

लिवर सिरोसिस जैसे गंभीर रोग से बचाव के लिए आपको अपने खान-पान की आदतों में सुधार करना होगा। एल्कोहल पदार्थों का सेवन इसकी सबसे बड़ी वजह है इसलिए इसे आपको तुरंत बंद कर देना चाहिए। इसके अलावा फास्ट फूड्स, वसा वाले आहार, लंबे समय तक नॉन वेज आहार और गंदा पानी पीने से भी ये रोग हो जाता है। इससे बचाव के लिए आपको अपने आहार में विटामिन्स और एंटी ऑक्सिडेंट्स से भरे फल, हरी सब्जियां, फल, गाजर, मूली, चुकंदर, सिंघाड़ा, सोयाबीन, अंडा, दूध आदि का सेवन करना चाहिए।

# अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खान-पान की वजह से बढ़ता है बेली फैट



आजकल अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खान-पान की वजह से बेली फैट बढ़ना काफी आम हो गया है। इस समस्या को लेकर मशहूर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने अपने बताया कि क्यों डाइट और लाइफस्टाइल में बिना किसी बदलाव के भी 30 की उम्र के बाद ज्यादातर लोगों का बेली फैट बढ़ने लगता है।

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट कहते हैं कि पहले जो खाना नुकसान नहीं करता था, वही अब बेली फैट बढ़ने का कारण बन जाता है। पहले जैसी एक्सरसाइज करने पर भी उतना असर नहीं दिखता। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के मुताबिक, यह बदलाव शरीर में अचानक नहीं होता, बल्कि उम्र के साथ शरीर में होने वाले कुछ नेचुरल बदलावों की वजह से होता है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के अनुसार, 30 साल की उम्र के बाद हर दस साल में शरीर की 3-8 प्रतिशत मसल्स धीरे-धीरे कम होने लगती हैं। जब शरीर में मसल्स होती हैं तो शरीर आराम करते हुए भी कैलोरी बर्न करता रहता है। वहीं, उम्र बढ़ने के साथ मसल्स कम होने से फैट बर्न भी कम हो जाता है। इसकी वजह यह है कि शरीर में ग्लूकोज को इस्तेमाल करने का लगभग 70-80प्रतिशत काम मसल्स ही करती हैं।

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट बताते हैं कि जब मसल मास कम होता है तो शुगर खून में ज्यादा देर तक रहती है और बेली फैट के रूप में जमा होने लगती है उम्र बढ़ने के साथ बॉडी इंसुलिन सेंसिटिविटी भी हर दस साल में लगभग 4-5 प्रतिशत कम हो जाती है। इसका मतलब है कि पहले जितनी मात्रा में कार्ब्स खाने से कोई दिक्कत नहीं होती थी, वही मात्रा अब ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ा देती है। इससे फैट जल्दी जमा होने लगता है, खासकर कमर और पेट के आसपास।30 की उम्र के बाद शरीर में कुछ हार्मोन्स का लेवल बदलने लगता है। ह्यूमन ग्रोथ हार्मोन, टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन्स का लेवल कम होने लगता है, जबकि कोर्टिसोल बढ़ जाता है।

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के अनुसार, यह बदलाव पेट के गहरे हिस्से में फैट जमा होने को बढ़ावा देता है। इन सभी बदलावों के कारण 30 के बाद ज्यादातर लोगों का बेली फैट बढ़ने लगता है। प्रोटीन से भरपूर डाइट लें हफ्ते में कम से कम तीन बार स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ाने के लिए रोजाना वॉक करें और खुद को एक्टिव रखें। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट कहते हैं कि यह असर उन लोगों में और ज्यादा होता है जिन्हें फैटी लिवर, प्रीडायबिटीज, डायबिटीज या हाई ट्राइग्लिसराइड्स की समस्या होती है क्योंकि इंसुलिन रेजिस्टेंस ज्यादा फैट को पेट और लिवर में जमा करता है।



# कोलेस्ट्रॉल से बचने जंक और फूड फास्ट फूड से रहें दूर

**कोलेस्ट्रॉल एक तरह का वसायुक्त तत्व है, जिसका उत्पादन लिवर करता है। यह कोशिकाओं की दीवारों, नर्वस सिस्टम के सुरक्षा कवच और हॉर्मोंस के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। यह प्रोटीन के साथ मिलकर लिपोप्रोटीन बनाता है, जो फैट को खून में घुलने से रोकता है। हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल होते हैं- एचडीएल (हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन, अच्छा कोलेस्ट्रॉल) और एलडीएल (लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन, बुरा कोलेस्ट्रॉल)। एचडीएल यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल काफी हल्का होता है और यह ब्लड वेसेल्स में जमे फैट को अपने साथ बहा ले जाता है। बुरा कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल ज्यादा चिपचिपा और गाढ़ा होता है।**

अगर इसकी मात्रा अधिक हो तो यह ब्लड वेसेल्स और आर्टरी में की दीवारों पर जम जाता है, जिससे खून के बहाव में रुकावट आती है। इसके बढने से हार्ट अटैक, हाई ब्लडप्रेशर और ओबेसिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कोलेस्ट्रॉल की जांच के लिए लिपिड प्रोफाइल नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। किसी स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में कुल कोलेस्ट्रॉल की मात्रा 200 मिग्रा./डीएल से कम, एचडीएल 60 मिग्रा./डीएल से अधिक और एलडीएल 100 मिग्रा./डीएल से कम होना चाहिए। आज हम आपको खराब कोलेस्ट्रॉल कम करने और अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने के तरीके बता रहे हैं।

भागदौड भरी जिंदगी में फास्ट फूड और जंक फूड लोगों का सबसे पसंदीदा खाना हो गया है। समय की कमी की वजह से लोग इसका अधिक मात्रा में सेवन करते हैं। फास्ट फूड में कोलेस्ट्राल की अधिक मात्रा होती है। फास्ट फूड से दूर रह कर कोलेस्ट्राल की मात्रा कम की जा सकती है।

### मीठी चीजें कम खाएं

शुगर का कम से कम उपयोग करें। यह मोटापा घटाने में भी आपकी मदद करेगा।यदि आपको खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करना है तो अखरोट और बादाम जैसी सूखी मेवा खूब खाएं। इससे रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। ह्रदय संबंधी बीमारियों के खतरे को कम करने और रक्त में लिपिड (वसा व कोलेस्ट्रॉल) का स्तर कम करने की अखरोट, बादाम व मूंगफली जैसी सूखी मेवा की पोषण संबंधी अद्वितीय विशेषताओं के चलते इन पर ज्यादा अध्ययन किया जा रहा है। इस तरह की सूखी मेवा में पौधों के प्रोटीन, वसा (खासकर असंतृप्त वसा अम्ल), खाने योग्य रेशे, खनिज, विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोस्टीरॉइड्स जैसे अन्य यौगिकों की मात्रा अधिक होती है।

### कैसे बढ़ाएं गुड कोलेस्ट्रॉल

मोटापा और एलडीएल दोनों साथ-साथ होते हैं। लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं कि आपको कमर तोड़ व्यायाम करना होगा। आप रोज थोड़ी कसरत और अपने खान-पान में सुधार कर बढ़े वजन को धीरे-धीरे काबू कर सकते हैं। विटामिन-बी उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन को बढ़ाने में सहायक होता है। विटामिन-बी 5 की 300 मिलीग्राम पूरक से भी आप अपने एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है लेकिन ध्यान रहे कि इसके कुछ दुष्प्रभाव जैसे कि जिगर की क्षति आदि भी हो सकते हैं, इसलिए कोई भी सप्लीमेंट या विटामिन लेने से पूर्व एक बार डॉक्टर से अवश्य सलाह लें। रोज लगभग तीस मिनट टहलने भर से आप अपना एचडीएल काफी बढ़ा सकते हैं।

### कोलेस्ट्रालयुक्त खाना न खाएं

**जिन खाद्य पदार्थों में कोलेस्ट्राल की मात्रा अधिक हो उनका सेवन ना करें। अंडा, दूध, मांस, मछली और चाकलेट में सबसे ज्यादा मात्रा में कोलेस्ट्राल पाया जाता है। अंडे के पीले भाग में सबसे ज्यादा मात्रा में कोलेस्ट्राल पाया जाता है। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के दौरान इन खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें।**

# बिस्तर पर करें ये 2 योगासन, 7 दिन में पिघलेगी पेट की चर्बी



महिलाएं अक्सर कामकाज, घर-परिवार और अनगिनत जिम्मेदारियों में इतना ज्यादा खो जाती हैं कि वह अपने मन और शरीर की जरूरतों को अनदेखा कर देती हैं। बढ़ती उम्र, भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल और हार्मोनल इंबैलेंस के बीच पेट के आसपास जिद्दी चर्बी जम जाती है। ऐसे में लंबा वर्कआउट या जिम जाने का समय निकाल पाना काफी मुश्किल होता है। वहीं सर्दियों में यह बड़ी चुनौती बन जाता है। क्योंकि सर्दियों में सुबह बिस्तर से निकलने का मन नहीं करता है।

ऐसे में आप योग के जरिए अपनी फिटनेस को बरकरार रख सकती हैं। क्योंकि योग न सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। योग से रीढ़ की हड्डी में लचीलापन और मन में स्थिरता भी बढ़ती है। वहीं सही आसन और रोजाना अभ्यास करने से किसी भी परेशानी को आप मात दे सकती हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दो खास योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं। इन योगासन को आप सुबह बिस्टर पर पेट के बल लेटकर भी कर सकती हैं। इन आसन को करने में सिर्फ 10 मिनट का समय लगता है। लेकिन इसके नियमित अभ्यास से आपको सिर्फ 1 सप्ताह में पेट की चर्बी में हल्का सा बदलाव महसूस होने लगेगा।

### धनुरासन

धनुरासन का अभ्यास करने से पेट की चर्बी पर सबसे ज्यादा प्रेशर डालता है और यह पाचन क्रिया को तेज करता है। इस आसन का अभ्यास करने से वेट लॉस में मदद मिलती है।

#### ऐसे करें ये आसन

इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेट जाएं।

फिर पैरों को घुटनों से मोड़ें और टखनों को पकड़ने के लिए हाथों को पीछे की तरफ ले जाएं।

अब सांस लेते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से और शरीर के निचले हिस्से को फर्श से ऊपर उठाएं। इससे आपका शरीर धनुष का आकार ले ले।

इसके बाद चिन को धीरे से ऊपर की तरफ मोड़ें और इसको बहुत धीरे-धीरे करें।

इस मुद्रा में 15-20 सेकेंड तक रहें। फिर सांस छोड़ते हुए आसन से बाहर आ जाएं और आराम करें।

### भुजंगासन

इस आसन को करने से आपकी पीठ लचीली बनती है और पेट की चर्बी पर सीधा प्रेशर डालकर कम करने में सहायता मिलती है।

#### ऐसे करें ये आसन

इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेट जाएं।

फिर हथेलियों को कंधों के ठीक नीचे जमीन पर रखें और पैरों को एक साथ रखें।

अब सांस पूरी तरह से अंदर लें और कुछ देर सांस रोकें।

इसके बाद धीरे-धीरे सिर, कंधे और धड़ को 3- डिग्री कोण पर ऊपर की ओर उठाएं।

इस दौरान आपकी नाभि जमीन पर टिकी रहे। कंधे चौड़े हों और सिर थोड़ा सा ऊपर की ओर उठा होना चाहिए।

करीब 10 सेकेंड तक इस आसन में रहें।

अब धड़ को धीरे-धीरे नीचे लाएं और फिर बाहर की ओर सांस छोड़ें।

बता दें कि इन रोजाना सिर्फ 10 मिनट इन योगासनों को करने से आपकी कोर स्ट्रेंथ बढ़ती है। पीठ दर्द कम होता है और पेट की चर्बी भी तेजी से कम हो सकती है।

# वेट लॉस के लिए नींबू पानी या सिरका, किसका करें सेवन



आज के समय में हर दूसरा व्यक्ति अपने बढ़े हुए वजन से परेशान है और इसे कम करने के लिए तरह-तरह की डिटॉक्स ड्रिंक पीना पसंद करते हैं। जब वेट लॉस की बात होती है तो इसमें विनेगर और नींबू पानी को बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि ये दोनों ड्रिंक्स फैट बर्निंग में मदद करते हैं और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करते हैं। जिसकी वजह से आपको फ्लैट टमी मिलता है। लेकिन अक्सर लोग इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि इन दोनों में से किसका सेवन किया जाए।

### विनेगर वेट लॉस में किस तरह मदद करता है

विनेगर आपकी भूख थोड़ी कम कर सकता है, जिससे आपको ज्यादा देर तक पेट भरा हुआ महसूस होगा। साथ ही, यह ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करने में मदद कर सकता है, जिससे आपको कम क्रेविंग होती है। यह डाइजेशन को भी बेहतर कर सकता है। विनेगर में एसिटिक एसिड होता है, जो फैट मेटाबॉलिज्म को भी हल्का सपोर्ट करता है।

### विनेगर का सेवन किस तरह करें

एक चम्मच विनेगर को एक गिलास पानी में मिलाकर लिया जा सकता है। इसे खाने से पहले लेना सबसे अच्छा है। इसे कभी भी डायलूट किए बिना ना लें, क्योंकि यह एसिडिक होता है।

विनेगर से क्या नुकसान हो सकते हैं

विनेगर आपके दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके अलावा, इससे एसिड रिफ्लक्स, ब्लोटिंग, जलन हो सकती है। बीपी या शुगर की दवाओं के साथ यह दिक्कत कर सकता है। इसलिए अगर आपको गैस्ट्राइटिस, एसिडिटी, अल्सर है या आप बीपी या डायबिटीज की दवाएं ले रहे हैं, तो पहले डॉक्टर से पूछें।

### नींबू पानी वेट लॉस में किस तरह मदद करता है

नींबू पानी आपको हाइड्रेटेड रखता है, जिससे आप बेवजह की स्नैकिंग कम होती है। यह डाइजेशन में मदद करता है। यह आपको फ्रेश और हल्का महसूस कराता है। हाइड्रेशन से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है, वॉटर रिटेंशन कम होता है और आप पतले लगते हैं।

### नींबू पानी का सेवन किस तरह करें

गर्म पानी में आधा नींबू निचोड़कर लें। आप इसे सुबह या कभी भी ले सकते हैं। अगर आप चाहें तो इसमें थोड़ा शहद भी डाल सकते हैं, लेकिन यह पूरी तरह से ऑप्शनल है।

### नींबू पानी से क्या नुकसान हो सकते हैं

नींबू पानी से साइड इफेक्ट होने की संभावना काफी कम होती है। लेकिन सेंसिटिव लोगों में इससे एसिडिटी हो सकती है। इसका बहुत ज्यादा सेवन करने से दांतों का इनेमल खराब हो सकता है।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप : भारत की जीत के साथ शुरूआत, अमेरिका को 6 विकेट से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत ने जीत के साथ शुरूआत की है। बुलावेयो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में वर्षा प्रभावित मैच में भारत ने अमेरिका को 6 विकेट से हराया। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और हेनिल पटेल के पारी में 5 विकेट की बदौलत भारत ने अमेरिका की 107 रन पर ढेर कर दिया। अमेरिका की तरफ से नितीश सुदिनी ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने भी गेंदबाजी की और एक विकेट झटका। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 53 रन बना लिए हैं।

इसके जवाब में उतरी भारतीय टीम ने खराब शुरुआत की क्योंकि वैभव सूर्यवंशी मात्र 2 रन पर बोल्ड हो गए। इसके बाद बारिश आ गई जिस कारण मैच को रोक दिया गया। भारत का औसत शानदार था जिस कारण कुछ देर के बाद जब बारिश रूकी तो ओवर कम करके लक्ष्य 96 का कर दिया गया। कप्तान आयुश महात्रे और वेदांत त्रिवेदी टिकने की कोशिश में थे कि त्रिवेदी (2) आउट हो गए। इसके बाद विहान मल्होत्रा क्रीज पर आए। लेकिन टीम का स्कोर 25 था जब कप्तान महात्रे (19) आउट हो गए। इसके बाद मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडू के बीच 45 रन की साझेदारी हुई। टीम का स्कोर 70 था जब मल्होत्रा (18) आउट हो गए और कुंडू (42) कनिष्क चौहान (10) के साथ जीत दर्ज कर वापस लौटे।



# इंडिया ओपन: लक्ष्य ने केंटा को सीधे मैचों में हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टॉप रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए जापान के निशिमोटो केंटा को हराया। पेरिस ओलंपिक के सेमी फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन पहले गेम में शुरुआत में थोड़ा घबरा गए और पीछे हो गए लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ी और आखिर में शानदार जीत हासिल की।

पहले गेम में 14-18 से पीछे होने के बाद लक्ष्य ने वापसी करते हुए पहला गेम 21-19 से जीत लिया। एक बार जब उन्होंने लय पकड़ ली, तो दुनिया के नंबर 13 खिलाड़ी ने दूसरा गेम 21-10 से जीत लिया। क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी होंगे। इससे पहले भारत की उम्मीद एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार कर बाहर हो गए। प्रणय को आठवीं सीड सिंगापुर के लोह कीन यियू ने 18-21, 21-19, 21-14 से हराया। प्रणय पहला गेम जीतने का फायदा नहीं उठा पाये और अगले दो गेम हारकर मुकाबले से बाहर हो गए। श्रीकांत को पांचवीं सीड फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में संघर्ष दिखाते हुए जीत हासिल की, लेकिन निर्णायक गेम हारकर वह भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# टी20 विश्वकप को देखते हुए फिटनेस हासिल करने में लगे हैं हेजलवुड



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अगले माह होने वाले टी20 विश्कप को देखते हुए फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। हेजलवुड को 7 फरवरी से होने वाले विश्वकप के लिए टीम में शामिल किया गया है पर उनके खेलने का फैसला फिट होने पर ही लिया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्वकप में अपना अभियान 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। हेजलवुड टीम के प्रमुख गेंदबाजों में शामिल हैं, ऐसे में टीम को उनके फिट होने का इंतजार है। हेजलवुड ने हाल ही में एशेज सीरीज में काफी अच्छी गेंदबाजी की थी पर अब उन्हें ब्रेक मिला हुआ है। इसी कारण वह बिग बैश लीग (बीबीएल) से भी बाहर हैं। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि आजकल वह अपनी गेंदबाजी, रनिंग और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग पर काम कर रहे हैं और ट्रैक पर वापस आने को लेकर सकारात्मक हैं। हेज़लवुड ने कहा, सब कुछ प्लान के हिसाब से चल रहा है। पिछले हफ़्ते मैंने हाफ-रन से कुछ गेंदबाजी की। रनिंग अच्छी चल रही है, स्ट्रेंथ की सभी चीजें अच्छी चल रही हैं, तो हां, सब ट्रैक पर है। हेजलवुड का मानना है कि इस सत्र में लगातार फिटनेस संबंधी परेशानियों के कारण उनके लिए अपने शरीर को लय में बनाये रखना एक चुनौती रही है। इस सीजन में लगातार चोटों के बारे में हेजलवुड ने कहा, कभी-कभी, जब एक चीज ठीक होती है, तो दूसरी सामने आ जाती है। मुझे लगता है कि जब आप फिर से अभ्यास शुरू करते हैं, तो कभी-कभी आपके शरीर को रुकना और फिर से शुरू करना पसंद नहीं आता। इसलिए अब वह इन परेशानियों पर ज़्यादा ध्यान नहीं दे रहे।

# शुभमन ने हार के लिए गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया

**-बीच के ओवरों में नहीं निकाल पाये विकेट**

**राजकोट(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में 7 विकेट से हार पर निराशा जताते हुए इसके लिए गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया और कहा कि वे बीच के ओवरों में विकेट नहीं ले पाये। वहीं न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल की शतकीय पारी 131 रनों की सहायता से ये मुकाबला आसानी से जीत लिया। कीवी टीम ने जीत के लिए मिले 285 रनों के लक्ष्य को 47.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। शुभमन ने कहा, 'हम बीच के ओवरों में कोई विकेट नहीं ले पाये। साथ ही कहा कि अगर आप 5 फील्डर अंदर होने के बाद भी बीच के ओवरों में विकेट नहीं निकाल पाते हैं तो काफी कठिन स्थिति हो जाती है। ऐसे में अगर हमने कुछ अधिक रन भी बनाये होते तो भी हम अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पाते। किसी भी टीम को रोकने के लिए विकेट लेना जरुरी होता है। अगर ऐसा नहीं होता है तो जीत दर्ज करना संभाव नहीं होता।' उन्होंने कहा कि हमने मेहमान टीम को एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया था। पहले 10 ओवरों में हमारी गेंदबाजी कसी हुई थी पर बाद में हम उसे बरकारार नहीं रख पाये। हम विरोधी टीम पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे थे पर सफल नहीं हुए। इसके अलावा जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, बल्लेबाजी आसान होती गई जिसका भी लाभ् मेहमान टीम को मिला। इसका कारण है कि विकेट अच्छी तरह से जम गया था. मुझे लगता है कि हमें बीच के के ओवरों में हमें जोखिम लेते हुए आक्रामक गेंदबाजी करनी चाहिये थी।'इसके अलावा कप्तान ने टीम की कमजोर फील्डिंग को भी हार के लिए जिम्मेदार माना है। उन्होंने



कहा कि हमने कई अवसर खोये अगर ऐसा नहीं होतो तो परिणाम कुछ और होता।

# वोलवाड्र्ट को मिला दिसंबर महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड



दुबई । दक्षिण अफीका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लौरा वोलवाड्र्ट को दिसंबर 2025 में किये अच्छे प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया गया है । वोल्वाड्र्ट ने इस अवार्ड की दौड़ में साथी सुने लुस और भारत की शैफाली वर्मा को भी पीछे छोड़ा । आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में वोलवाड्र्ट ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था । उन्होंने इसके अलावा एक महीने में सभी फॉर्मेट में तीन शतक लगाकर साल का समापन किया था । वोलवाड्र्ट ने पहले टी20 में 205.35 के शानदार स्ट्राइक रेट से नाबाद 115 रन बनाए जिसमें 15 चौके और चार छक्के शामिल थे । इसके बाद एकदिवसीय सीरीज में भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की । उन्होंने लगातार दो शतक लगाए जिसमें दूसरे एकदिवसयीय में 111 गेंदों में 124 रन और आखिरी मैच में नाबाद 100 रन थे । वोलवाड्र्ट ने तीनों एकदिवसीय में 127.50 के शानदार औसत और 111.84 के स्ट्राइक रेट से 255 रन बनाए । वहीं टी20 सीरीज में उन्होंने 190.27 के शानदार स्ट्राइक रेट से 137 रन बनाए और सिर्फ एक बार आउट हुईं । यह वोलवाड्र्ट का दूसरा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड है, उन्होंने इससे पहले अक्टूबर 2025 में यह अवॉर्ड जीता था । अवार्ड दूसरी बार मिलने पर इस खिलाड़ी ने खुशी जतायी है । साथ ही कहा कि अब उनका ध्यान टी20 विश्वकप पर रहेगा ।

# प्रणय और श्रीकांत इंडिया ओपन के दूसरे दौर में हारे



नई दिलली । भारत की उम्मीद एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार कर बाहर हो गए । प्रणय को आठवीं सीड सिंगापुर के लोह कीन यियू ने 18-21, 21-19, 21-14 से हराया । प्रणय पहला गेम जीतने का फायदा नहीं उठा पाये और अगले दो गेम हारकर मुकाबले से बाहर हो गए । श्रीकांत को पांचवीं सीड फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने 21-14, 17-21, 21-17 से हराया । पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में संघर्ष दिखाते हुए जीत हासिल की, लेकिन निर्णायक गेम हारकर वह भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए । इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ को भी हार का सामना करना पड़ा । बंसोड़ को पांचवीं सीड हान युई ने 21-18, 21-15 से हराया । महिला एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिंधु बुधवार को पहले ही दौर में बाहर हो गई थी ।

# सिराज रणजी ट्रॉफी के बचे हुए मुकाबलों में हैदराबाद की कप्तानी करेंगे

मुम्बई । तिलक वर्मा की जगह पर मोहम्मद सिराज को रणजी ट्रॉफी के बचे मुकाबलों के लिए हैदराबाद का कप्तान बनाया गया है। हैदराबाद की टीम को इस सत्र के अपने बचे हुए दो मैचों में 22 और



29 जनवरी को अपने घरेलू मैदान पर मुंबई और छत्तीसगढ़ से खेलना है। वहीं शुरुआती सत्र में कप्तान रहे तिलक को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए शामिल किया गया है। इसी कारण उनकी जगह सिराज को कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। तिलक हालांकि सजरी के कारण पहले तीन टी20 मैचों से बाहर रहेंगे । सिराज को पहली बार कप्तानी दी गयी है । सिराज मुंबई के खिलाफ बतौर कप्तान अपना डेब्यू मैच खेलेंगे। इससे पहले वह राष्ट्रीय टीम में होने कोरण उपलब्ध नहीं थे । चयन समिति ने कहा , हमने सिराज बात की है और वह बाकी सत्र के लिए उपलब्ध हैं । वह एक फाइटर हैं और हमेशा जीतना चाहते हैं, और हमें भरोसा है कि इसका असर दूसरों पर भी पड़ेगा । हाल में विजया हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले अमन राव पेराला को भी टीम में शामिल किया गया है ।

हैदराबाद की टीम : मोहम्मद सिराज (कप्तान), जी राहुल सिंह (उप कप्तान), सीवी मिलिंद, तनय त्यागराजन, के रोहित रायुडू, के हिमातेजा, ए वरुण गौड़, एम अभिरथ रेड्डी, राहुल रादेश (विकेटकीपर), अमन राव पेराला, सीटीएल रक्षण रेडी, एन नितिन साई यादव, कनाला नितेश रेड्डी, साई प्रगनय रेड्डी (विकेटकीपर) और बी पुन्नैया ।

स्टैंडबाय : मिकिल जयसवाल, ए अवनीश राव (विकेटकीपर), कार्तिकेय काक, प्रणव वर्मा और पी नीतीश रेड्डी ।

# विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में आज होगा पंजाब और सौराष्ट्र का मुकाबला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पंजाब की टीम शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट 2025-26 के सेमीफाइनल में सौराष्ट्र से खेलेगी। मुंबई के खिलाफ मैच में मिली जीत से पंजाब की टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिससे अब उनका लक्ष्य इस मैच को जीतकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाना रहेगा। जैसी मजबूत घरेलू टीम के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में एक रन की रोमांचक जीत के बाद पंजाब का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। वहीं इससे पहले क्वार्टरफाइनल में उसने मध्य प्रदेश को आसानी से हराया था।

इस मैच में कप्तान अभिषेक शर्मा के नहीं होने से प्रभुसिमरन सिंह टीम की कप्तानी करेंगे। क्वार्टरफाइनल में प्रभुसिमरन, अनमोलप्रीत सिंह और नेहाल वढेरा ने अर्धशतक लगाये थे जिससे तय है कि ये खिलाड़ी अच्छी लय में है। ऐसे में टीम को इनसे सेमीफाइनल में भी बड़े स्कोर की उम्मीद रहेगी। इन बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना सौराष्ट्र के गेंदबाजों के लिए काफी कठिन रहेगा। वहीं गेंदबाजी में भी पंजाब का आक्रमण अच्छा है। उसके पास तेज गेंदबाज गुरनूर बरार के अलावा तेज गेंदबाज संवीर सिंह भी है। इन दोनो का अब तक का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

वहीं सौराष्ट्र की टीम की उम्मीदें सलामी बल्लेबाज हरविक देसाई पर रहेंगी। इस सत्र में उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं और टीम की बल्लेबाजी उनपर आधारित है। उसने पिछले मैच में उत्तर प्रदेश को हराया है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसके पास तेज गेंदबाज के तौर पर चेतन साकारिया हैं, जिन्होंने लगातार पिछले तीन मैचों में तीन-तीन विकेट लिए हैं। इसके अलावा अनुभवी तेज गेंदबाज चिराग जानी भी अहम भूमिका निभा सकते है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**सौराष्ट्र:** रुचित आहिर, पार्थ भूट, युवराज चूड़सामा, हरविक देसाई, सम्मर गज्जर, अंश गोसाई, विश्वराज जडेजा, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, चिराग जानी, जय गोहिल, हितेन कंबी, प्रणव करिया, हेत्विक कोटक, प्रेरक मांकड़, अंकुर पंवार, पारस्वराज राणा, चेतन साकारिया, तरंग गोहिल

**पंजाब:** अभिषेक शर्मा, अनमोलप्रीत सिंह, सलील अरोड़ा, अर्शदीप सिंह, सुखदीप सिंह बाजवा, गौरव चौधरी, गुरनूर ब्रार, हरनूर सिंह, हरप्रीत ब्रार, जशनप्रीत सिंह, कृष्ण भगत, नामन धीर, प्रब्सिमरन सिंह, रमणदीप सिंह, उदय सहारण, संवीर सिंह, रघु शर्मा, शुभमन गिल।

# खिलाड़ियों के विरोध के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के निदेशक नजमुल हटाये गये

**ढाका (एजेंसी)।** खिलाड़ियों के भारी विरोध को देखते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निदेशक एम नजमुल इस्लाम को पद से हटा दिया गया है। नजमुल से खिलाड़ी बेहद नाराज थे और उन्होंने धमकी दी थी कि अगर नजमुल नहीं हटाये गये तो वे हड़ताल कर देंगे। खिलाड़ियों ने नजमुल के बयानों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा था कि उन्होंने हद पार कर दी है। लिया है।

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश ने नजमुल इस्लाम के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा था कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो खिलाड़ी सभी प्रारुपों का बहिष्कार करेंगे। खिलाड़ी इसलिए नाराज थे क्योंकि नजमुल ने पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कहा था। खिलाड़ियों ने इसे अपना अपमान बताया। इस मामले को सुलझाने के लिए एसोसिएशन और बीसीबी के अधिकारियों के बीच बातचीत भी हुई पर कोई हल नहीं निकला।खिलाड़ियों ने अपने फैसले पर बरकरार रहते हुए तय समय से कई घंटे पहले तक मैदान पर न आने का फैसला किया। इसके चलते बांग्लादेश प्रीमियर लीग का शुरुआती मैच भी शुरु नहीं हो पाया।



# 19 साल की कनाडाई खिलाड़ी म्बोको ने मेडिसन कीज को हराया



एडिलेड । 19 साल की कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने गुरुवार को एडिलेड इंटरनेशनल में मैडिसन कीज के टाइटल डिफेंस को 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया । यह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में खेले गए उतने ही मैचों में उनकी तीसरी तीन-सेट वाली जीत थी । एक सेट और एक ब्रेक से आगे होने के बाद, कीज के खिलाफ म्बोको के लिए चीजें मुश्किल हो गईं जिन्होंने 2022 में एडिलेड से एक ट्रॉफी भी जीती थी । लेकिन मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आखिरी सेट में थक गईं और म्बोको ने आखिरकार 1 घंटे और 53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की । कनाडाई खिलाड़ी ने कीज के आखिरी सेट की शुरुआत में सर्व होल्ड करने के बाद लगातार पांच गेम जीते और जीत हासिल की । उन्हें डिफेंडिंग चैंपियन के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन का फायदा मिला, जिन्होंने कुल 41 अनफोर्स्ड एरर किए और - नौ ऐस मारने के बावजूद - 12 ब्रेक पॉइंट का सामना किया और छह बार सर्व गंवाई । म्बोको ने बाद में कहा, 'मुझे पता है कि उसने पिछले साल यह टूर्नामेंट जीता था, और बेशक, ऑस्ट्रेलियन ओपन भी, और मुझे इस मैच में आने से पहले पता था कि यह एक बड़ी लड़ाई होगी ।' आठवीं सीड अब सेमीफाइनल में पसंदीदा स्थिति में होंगी क्योंकि वह डब्ल्यूटीए टूर पर अपने तीसरे करियर फाइनल की तलाश में हैं जो सभी पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में अपने घरेलू मैदान पर डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने के बाद से आए हैं । उस टूर्नामेंट के पहले राउंड में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल को हराया था और यह जोड़ी इस बार फिर खेलेगी, जिसमें बिना सीड वाली बिररेल को अब घरेलू दर्शकों का फायदा मिलेगा । 27 साल की गोल्ड कोस्ट की रहने वाली खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार डब्ल्यूटीए 500-लेवल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिसमें उन्होंने तीन सेट में जीत हासिल की - रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन के खिलाफ 5-7 6-1, 7-5 का एक शानदार मैच जो 3 घंटे और 4 मिनट तक चला ।

# नीरज चोपड़ा को मिली मंजूरी, ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रूम रवाना

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने अपने चुने हुए स्थल दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू कर दी है। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने नए कोच जय चौधरी के साथ उनके 32 दिवसीय शिविर को मंजूरी दे दी है। नीरज ने पिछले हफ्ते चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी से कोच के तौर पर अलग होने का फैसला किया और चौधरी के साथ जुड़ने का फैसला किया जो उनके शुरुआती कोच थे और इस सुपरस्टार के गृहनगर पानीपत में भाला फेंक के खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देते हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि यह 28 वर्षीय खिलाड़ी पांच फरवरी तक पोटचेफस्ट्रूम में रहेगा जो दुनिया भर के भाला फेंक के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख ट्रेनिंग स्थल है और उनके लिए कुल स्वीकृत सहायता राशि 11 लाख 80 हजार रुपए है। टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल एलीट खिलाड़ियों को वित्तीय और साजो-सामान से जुड़ी सहायता पर फैसला करने वाला एमओसी ने बुधवार को यहां बैठक की थी। ट्रेनिंग शिविर में नीरज की सहयोगी टीम में लंबे समय से उनके फिजियोथेरेपिस्ट इशान मारवाहा भी शामिल हैं।



सूत्र ने कहा, 'इस ट्रेनिंग शिविर का लक्ष्य इस साल होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं जिसमें एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल शामिल हैं, से पहले उनकी शारीरिक अनुकूलनता, ताकत और तकनीकी निरंतरता को बेहतर बनाना है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार वित्तीय सहायता में उनके ट्रेनिंग शिविर का खर्च, जिम और ट्रेनिंग मैदान तक पहुंच, हवाई अड्डे से आना-जाना और जेब खर्च शामिल होगा।'

हरियाणा के इस खिलाड़ी को पिछले साल एडक्टर मांसपेशी में खिंचाव की समस्या थी लेकिन इसके बावजूद वह दोहा डाइमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे थे। हालांकि उनके लिए एक बड़ी निराशा पिछले साल सितंबर में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना था जिसके बाद उन्होंने अपनी फिटनेस समस्याओं को ठीक करने के लिए ब्रेक लेने का फैसला किया। वह तोक्यो में गत चैंपियन थे लेकिन पूरे मुकाबले के दौरान साफ तौर पर असहज दिखे। उम्मीद है कि नीरज मई में दोहा डाइमंड लीग में अपने 2026 सत्र की शुरुआत करेंगे। एमओसी की 167वीं बैठक में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के प्रस्तावों के लिए कुल एक करोड़ 40 लाख रुपये मंजूर किए गए। सूत्र ने बताया, 'इसमें दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सचिन यादव के लिए विशेष भाला फेंक उपकरण का आग्रह भी शामिल है।' यादव पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहकर सुर्खियों में आए थे। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए नीरज से बेहतर प्रदर्शन किया था। एमओसी की अगली बैठक फरवरी के बीच में होने की उम्मीद है और सूत्रों के अनुसार उस बैक में कोर और डेवलपमेंट समूल के खिलाड़ियों की मौजूदा सूची की कड़ी समीक्षा की जाएगी।

सूत्र ने कहा, 'बुधवार को बैठक ऑनलाइन हुई थी और हालांकि इसी में समीक्षा की जानी थी लेकिन हमने फैसला किया कि खिलाड़ियों की समीक्षा आमने-सामने की बैठक में की जानी चाहिए। इसलिए फरवरी की बैठक महत्वपूर्ण होगी।' कोर समूह के खिलाड़ियों की संख्या अभी 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं।

# अगस्त में बीडब्लयूएफ विश्व चैंपियनशिप में शामिल होंगे एंटोनसन, वायु प्रदूषण के कारण इंडिया ओपन सुपर से नाम वापस लिया



नई दिल्ली। डेनमार्क के स्टार खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसन ने कहा है कि वह अगस्त में होने वाली बीडब्लयूएफ बैडमिंटन (बीडब्लयूएफ) विश्व चैंपियनशिप में भाग ले सकते हैं। एंटोनसन के अनुसार वह दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शामिल नहीं हुए हैं । एंटोनसन ने गत सप्ताह ही इंडिया ओपन से नाम वापस लेने पर फैसला कर लिया पर तब कारणों का खुलासा नहीं किया था । वहीं अब विश्व के इस दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने सोशल मीडिया में अपने इस फैसले का कारण बताया है । इस खिलाड़ी को एंटोनसन ने कहा, 'उम्मीद है कि जब दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप होगी तो हालात बेहतर होंगे । एंटोनसन ने इंडिया ओपन का ड्रॉ निकाले जाने से पहले ही प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया था पर पर फिर भी प्रतियोगिता से हटने के कारण बैडमिंटन की विश्व संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने उन पर पांच हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया था । एंटोनसन पिछली बार 2023 में इंडिया ओपन में खेले थे जहां वह दूसरे दौर में हार गए थे ।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा, एयर इंडिया के ए350 विमान के इंजन से टकराया कंटेनर

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) पर गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया। एयर इंडिया का विमान एयरबस ए350 विमान के इंजन से बड़ा लोहे का कंटेनर टकरा गया। बताया जा रहा है कि कंटेनर टकरा कर अंदर घुस गया। कंटेनर के अंदर घुसने की वजह से विमान का इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इंजन को ठीक करने का काम हो रहा है। अच्छी बात ये है कि इंजन के अलावा किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस बीच, दिल्ली से सिंगापुर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2380 को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के संदेह के कारण वापस दिल्ली लौटना पड़ा। चालक दल (क्रू) ने सावधानी बरताकर विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया, जिसके बाद विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डे पर उतर गया। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, दिल्ली में मौजूद ग्राउंड टीम ने यात्रियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई। बाद में सभी यात्रियों को दूसरे वैकल्पिक विमान से सिंगापुर के लिए रवाना किया गया।

## अपनी ही बेटी से कुकर्म करने वाले वायुसेना कर्मचारी को 20 साल की सजा

देहरादून (एजेंसी)। देहरादून की जिला अदालत ने एक एयरफोर्स कर्मी को अपनी बेटी के साथ लगातार यौन शोषण के मामले में 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने इसे विकृत कामुकता का गंभीर मामला बताते हुए कहा कि ऐसे कृत्य बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत हानिकारक हैं तथा समाज के लिए कलंक हैं। मामला तब सामने आया जब पीड़िता ने 17 वर्ष की उम्र में अपनी मां को सब कुछ बता दिया। पीड़िता ने अदालत में गवाही दी कि आरोपी ने उसे मात्र 5 वर्ष की उम्र से शिकार बनाना शुरू किया था और यह सिलसिला 17 वर्ष की उम्र तक जारी रहा। आरोपी ने मथुरा, गुजरात और देहरादून में विभिन्न पोस्टिंग के दौरान कई बार दुष्कर्म किया। जब वह ड्यूटी पर बाहर होता, तो वीडियो कॉल करके पीड़िता को कपड़े उतारने के लिए मजबूर करता और न मानने पर पीटने की धमकी देता। 17 नवंबर 2023 को रायपुर थाने में मां की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ। विशेष लोक अभियोजक अल्पना थापा ने बताया कि जांच में पीड़िता के बयान, अन्य साक्ष्य और गवाही के आधार पर आरोपी को दोषी पाया गया। विशेष न्यायाधीश अर्चना सागर की अदालत ने बुधवार को सजा सुनाई। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़िता को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। अदालत की तीखी टिप्पणी में कहा गया कि यह विकृत कामुकता का मामला है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि मेडिकल रिपोर्ट में चोट के निशान नहीं थे और हाइमन इन्टैक्ट था, इसलिए दुष्कर्म साबित नहीं होता। अदालत ने इस दलील को पूरी तरह खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है। कोई भी बेटी अपने सगे पिता पर ऐसे गंभीर झूठे आरोप नहीं लगाएगी। जैसे-जैसे वह बड़ी हुई, उसे अपने साथ हो रहे गलत काम की समझ आई।

## लुधियाना कोर्ट को मानव बम से उड़ाने की धमकी, अजमल नाम से आया ईमेल

लुधियाना (एजेंसी)। राजस्थान के लुधियाना में एक सिरफिरे ने ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स को दहलाने की धमकी दी थी यह ई-मेल अजमल अब्दुल राज के नाम से आई थी, जिसने मानव बम के जरिए धमाका करने की बात कही गई थी। पुलिस का कहना हैं कि ये नाम फर्जी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति ने अपनी पहचान अजमल अब्दुल राज के रूप में बताई है। ई-मेल में स्पष्ट रूप से लिखा है कि ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स लुधियाना में मानव बम का इस्तेमाल कर बड़ा धमाका किया जाएगा। इस गंभीर मामले को देखते हुए सेशन जज साहब के कार्यालय की ओर से आदेश जारी किया गया है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज करने और जांच के आदेश दिए हैं, जिसके बाद पुलिस ने ई-मेल के तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है ताकि आरोपी की लोकेशन का पता लगाया जा सके। साइबर सेल की टीमें इस ई-मेल के स्रोत को खंगालने में जुट गई हैं। कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आने-जाने वाले संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## काशी में विद्यानिवास मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित हुए लेखक डॉ मयंक मुरारी



वाराणसी : पं. विद्यानिवास मिश्र के जन्मशती वर्ष के अवसर पर काशी में आयोजित एक साहित्यिक समारोह में लेखक को उनकी पुस्तक "जंबूद्वीपे भरतखंडे" के लिए विद्यानिवास मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह पुस्तक प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित है। कार्यक्रम का आयोजन विद्याश्री न्यास के तत्वावधान में किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम लक्ष्मण आचार्य, राज्यपाल, असम थे। इस अवसर पर काशी विद्यापीठ के कुलपति आनंद कुमार त्यागी, करपात्री महाराज धर्म संघ पीठ के अध्यक्ष जगजीतन पांडेय तथा विद्या न्यास के सचिव डॉ. दयानिधि मिश्र की उपस्थिति रही। इन्हीं गणमान्य अतिथियों के करकमलों से सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न अकादमिक सत्रों में पं. विद्यानिवास मिश्र के रचनात्मक और वैचारिक अवदान के विविध पक्षों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सत्रों में नई और पुरानी पीढ़ी के रचनाकारों एवं विद्वानों के बीच संवाद भी देखने को मिला। इसी क्रम में "पं. विद्यानिवास मिश्र स्मृति व्याख्यान माला" के अंतर्गत "राम मुझे छोड़ते नहीं और कृष्ण मुझसे छूटते नहीं" विषय पर प्रख्यात साहित्यकार प्रो. रामजी तिवारी का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसे साहित्यप्रेमियों ने विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम को वैचारिक चेतना और साहित्यिक विमर्श को आगे बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन बताया गया।

# उद्धव ठाकरे का चुनाव आयोग पर आरोप, अमिट स्याही नेल रिमूवर और सैनिटाइजर से हट रही

### महाराष्ट्र में चुनाव आयोग और महायुति के बीच मिलीभगत



मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और पूर्व सीएम उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में जारी मतदान में धांधली के आरोप लगा दिए है। पूर्व सीएम ठाकरे ने आरोप लगाया कि मतदान के बाद मतदाताओं की उंगलियों पर लगाने वाली अमिट स्याही को नेल पॉलिश रिमूवर और सैनिटाइजर से आसानी से हटाया जा रहा है, जिससे कुछ लोग एक से अधिक बार वोट डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति सत्ताधारी महायुति और राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) के बीच मिलीभगत का बड़ा सबूत है। प्रेसवार्ता में पूर्व सीएम ठाकरे ने आरोप लगाया कि शायद यह पहला चुनाव है जिसमें इतनी शिकायतें आ रही हैं कि लगाई गई स्याही तुरंत हट रही है। महाराष्ट्र में चुनाव आयोग और महायुति के बीच मिलीभगत है। कई अनियमितताएं हो रही हैं। चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर उन्होंने चुनाव आयोग पर कटाक्ष कर पूछा कि क्या उन्होंने स्याही को इतनी आसानी से हटाने के लिए किसी सैनिटाइजर एजेंसी को काम पर रखा था? मुझे लगता है कि चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बीते नौ वर्षों में क्या किया है? चुनाव आयोग एक सेवक है, राजा नहीं। मैं आप सभी से बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि कई लोग यह नहीं जानते कि उनका मतदान केंद्र कौन सा है...इसी वजह से कई समस्याएं आ रही हैं।

उन्होंने अपने मोबाइल पर सैनिटाइजर या नेल पॉलिश रिमूवर से स्याही हटाने का कथित सबूत दिखाकर कहा कि यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यहां लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा, चुनाव आयुक्त वेतन क्यों ले रहे हैं? बीएमसी चुनाव नौ साल बाद हो रहे हैं। इन नौ सालों में उन्होंने क्या किया? यह जनता का पैसा है।

## महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने 21.45 करोड़ रुपए की संपत्ति की जब्त, यह गिरोह छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत देश के कई हिस्सों में सक्रिय था

नई दिल्ली (एजेंसी)। महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने बड़ा एक्शन लेते हुए छत्तीसगढ़ में 21.45 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। अवैध सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ एजेंसी ने ये कार्रवाई की। ईडी का कहना है कि यह कार्रवाई अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच पर आधारित है। यह गिरोह छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और देश के अन्य हिस्सों में सक्रिय था। जब्त की गई संपत्तियों में अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों से अर्जित अपराध की आय से प्राप्त संपत्तियां और निवेश शामिल हैं। ईडी की जांच में पता चला है कि महादेव सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म प्रमोटरों, पैनल संचालकों और एजेंटों के सुनियोजित नेटवर्क के जरिए संचालित हो रहा था। काली कमाई को फर्जी खातों, बेनामी खातों और कई स्तरों के वित्तीय लेनदेन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग किया जाता था। जांचकर्ताओं ने बताया कि मुनाफे का बड़ा हिस्सा 70 से 75 फीसदी मुख्य प्रमोटरों को मिलता था, जबकि शेष हिस्सा एजेंटों और उप-एजेंटों में बांटा जाता था। ये लोग सट्टेबाजी के संचालन, अकाउंट्स के प्रबंधन और डिजिटल और सोशल मीडिया चैनलों के जरिए प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देने में शामिल रहे हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि अवैध रकम को ट्रांसफर करने और छिपाने के लिए कई बैंक खातों और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। अब तक ईडी ने कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया और हजारों करोड़ के वित्तीय लेन-देन की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में 2600 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## ईरान में फंसे भारतीय छात्रों को लेकर चिंतित ओवैसी और उमर... जयशंकर से की अपील





हैदराबाद (एजेंसी)। एआईएमआईएम नेता और सांसद असदुद्दीन ओवैसी और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र से ईरान में जारी अशांति के बीच फंसे भारतीय छात्रों की तत्काल मदद करने की अपील की है। ओवैसी ने कहा कि इन छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ओवैसी ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर का ईरान के विदेश मंत्री से बात करना एक अच्छा कदम है। हालांकि, उन्होंने कहा कि केवल बातचीत पर्याप्त नहीं है और छात्रों को सुरक्षित वापस लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम होना चाहिए है। उन्होंने बताया कि कई चिंतित अभिभावकों ने मुझसे संपर्क किया है। ओवैसी के अनुसार, ईरान के शाहिद बेहेश्टी विश्वविद्यालय में करीब 70 से 80 भारतीय छात्र पढ़ते हैं, जिसमें हैदराबाद के पांच से आठ छात्र शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि समस्या यह है कि ईरान में इंटरनेट ठप है। दूसरी बात, अभिभावक टिकट खरीदकर अपने बच्चों को भेज भी नहीं सकते। तीसरी बात, कई छात्र गरीब परिवारों से हैं और उनके पास टिकट खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि विश्वविद्यालय छात्रों के पासपोर्ट वापस नहीं कर रहा है, जिसके कारण वे ईरान छोड़कर भारत वापस नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है।

वहीं जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर से ईरान में तेजी से बदलती स्थिति के बारे में बात की है, जहां भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं। अब्दुल्ला ने बताया कि मंत्री ने उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत कराया और मंत्रालय द्वारा घटनाक्रम से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी।

# मकर संक्रांति स्नान-एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई



प्रयागराज (एजेंसी)। संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पतित पावनी मां गंगा और त्रिवेणी के संगम स्थल पर एक करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। देर शाम तक स्नान करने वालों का तांता लगा रहा है। दोपहर दो बजे तक ही 72 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगा चुके थे। हालांकि बीती रात 12 बजे से ही स्नान प्रारंभ हो गया था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक आस्था और जगत पिता भगवान सूर्य की उपासना के पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु भगवान भास्कर की कृपा से अभिभूत हों और माँ गंगा, यमुना व सरस्वती का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति लोक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं का महापर्व है, जो सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश देता है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि-संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और अन्नदाता किसानों के पुरुषार्थ को समर्पित पावन पोंगल पर्व की भी सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समृद्धि और सद्भाव का संदेश देने वाला यह पर्व सभी के जीवन को सुख, शांति, आनंद और आरोग्यता से परिपूर्ण करे, यही उनकी प्रार्थना है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि ये पर्व प्रदेश और देश में खुशहाली, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करें।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टरों में बसाया गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से अधिक शौचालय स्थापित किए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। अग्रवाल ने बताया कि छोटी अवधि का कल्पवास करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बसाई गई है जहां ध्यान और योग आदि की सुविधाएं मौजूद हैं। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। भीड़ प्रबंधन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग हैं जिनमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 में कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# एयर इंडिया और इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी, ईरान का हवाई क्षेत्र बंद, रद्द हो सकती हैं उड़ानें



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के हवाई क्षेत्र के अचानक बंद होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर पड़ रहा है। एयर इंडिया और इंडिगो सहित कई भारतीय एयरलाइंस ने यात्रियों को ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है, जिसमें संभावित देरी, रूट परिवर्तन और कुछ उड़ानों के रद्द होने की चेतावनी दी गई है। यह स्थिति पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान में जारी सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बीच सामने आई है।

एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में बताया कि ईरान में उभरती स्थिति और उसके हवाई क्षेत्र के बंद होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा है। इससे उड़ानों में देरी हो सकती है। एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि जहां रूट परिवर्तन संभव नहीं है, वहां उड़ानें रद्द की जा रही हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वे एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जरूर जांच लें। एयर इंडिया ने कहा, इस अप्रत्याशित व्यवधान से हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। यात्रियों और क्रू की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इंडिगो ने भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी की। एयरलाइन ने कहा कि ईरान द्वारा अचानक हवाई क्षेत्र बंद करने से कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। यह स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर है और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है। प्रभावित यात्रियों को इंडिगो की वेबसाइट पर जाकर फ्लेक्सिबल रीबुकिंग या रिफंड के विकल्पों की जानकारी लेने की सलाह दी गई है। एयरलाइन ने कहा कि टीम स्थिति का आकलन कर रही है और प्रभावित यात्रियों को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को अधिकांश उड़ानों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। यह बंदिश शाम को शुरू हुई और कुछ घंटों तक चली, हालांकि इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। केवल आधिकारिक अनुमति वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को छूट दी गई है। यह कदम ईरान में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शनों, इंटरनेट ब्लैकआउट और अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। क्षेत्रीय सुरक्षा जोखिमों के कारण कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ईरानी हवाई क्षेत्र से बच रही हैं।

अमेरिका ने भी मध्य पूर्व में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। कतर के अल उदैद एयर बेस से कुछ कर्मियों को वापस बुलाया जा रहा है। ईरानी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका हमला करता है तो पड़ोसी देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। दोनों एयरलाइंस ने यात्रियों से सलाह दी है कि वे यात्रा से पहले उड़ान की ताजा जानकारी जांचें और एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया पर अपडेट देखते रहें। मौजूदा हालात को देखते हुए आने वाले दिनों में भी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर जारी रह सकता है। यात्रियों को सतर्क रहने और वैकल्पिक योजनाएं बनाने की सलाह दी जा रही है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शिकंजा, दिल्ली और पंजाब में मुठभेड़ों के बाद कई शूटर गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पश्चिमी दिल्ली में हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरोह से जुड़े दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए दोनों शूटर हाल ही में पश्चिम विहार और विनोद नगर इलाकों में हुई फायरिंग की घटनाओं में शामिल थे। दोनों से पूछताछ के बाद गैंग की गतिविधियों और स्थानीय नेटवर्क को लेकर अहम सुराग मिलने की उम्मीद है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर इलाके में घेराबंदी की गई थी। खुद को घिरता देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है। इसी क्रम में पंजाब में भी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। संयुक्त अभियान के दौरान गिरोह के चार गुर्गों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी विदेश में बैठे गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के निर्देश पर चंडीगढ़ ट्राइसिटी और पटियाला क्षेत्र में टारगेट किलिंग की साजिश रच रहे थे। पुलिस का कहना है कि इनका मकसद इलाके में दहशत फैलाना और संगठित अपराध को बढ़ावा देना था।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। इनमें सात .32 बोर की पिस्तौल और 70 जिंदा कारतूस शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरविंदर सिंह उर्फ भोला, लखविंदर सिंह, मोहम्मद समीर और रोहित शर्मा के रूप में हुई है, जो सभी अलग-अलग आपराधिक मामलों में पहले से वांछित बताए जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान अपराधियों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी की, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से दो पुलिसकर्मियों की जान बच गई। जवाबी फायरिंग में दो आरोपी घायल हो गए, जिसके बाद चारों को काबू कर लिया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूछताछ जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से बिश्नोई गैंग के नेटवर्क और आने वाली आपराधिक साजिशों पर बड़ा असर पड़ेगा।

# कई राज्यों में रेत माफिया का दबदबा, पुलिस-वन विभाग अवैध खनन रोकने में नाकाम

**-एक सप्ताह में दो लोगों की जा चुकी है जान, जिनमें एक वनकर्मी भी शामिल**

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में अवैध रेत का खनन विकराल रूप ले चुका है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में रेत माफिया का दबदबा इतना है कि वहां के आम नागरिक ही नहीं, बल्कि पुलिस और वन विभाग के अफसर भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जांच में सामने आया है कि दोनों राज्यों में अवैध खनन और परिवहन खुलेआम और बेखौफ तरीके से किया जा रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि बीते एक सप्ताह में दो लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें एक वनकर्मी भी ड्यूटी के दौरान मारा गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के धौलपुर जिले में चंबल नदी क्षेत्र से सामने आई घटना ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अवैध रेत खनन रोकने गई वन विभाग की टीम पर माफिया ने जानलेवा हमला कर दिया। वन रक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत को रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को जयपुर रेफर किया, जहां इलाज के दौरान उनका पैर काटना पड़ा, लेकिन अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद प्रशासन ने कुछ अवैध रास्ते बंद किए और एक आरोपी की गिरफ्तारी की, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कार्रवाई सिर्फ दिखावटी है और माफिया का नेटवर्क जस का तस है।

धौलपुर की घटना के बाद अजमेर प्रशासन अलर्ट मोड में दिखा। अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए और संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। कई इलाकों में नाकेबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं और जुर्माना भी लगाया गया है। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि थोड़े समय की सख्ती के बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं और माफिया सक्रिय हो जाता है।

अलवर जिले में अरावली की पहाड़ियां अवैध खनन की भेंट चढ़ रही हैं। राजगढ़ क्षेत्र के मूनपुर गांव में मंदिर के पास खुलेआम पत्थर खनन किया जा रहा है। भारी वाहन सड़कों से गुजरते हैं, लेकिन न पुलिस रोकती है और न ही वन विभाग। एक मामले में माफिया के वाहनों ने एक घर की नींव तक तोड़ दी, जिससे पशुओं की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होती और पर्यावरण को अपूरणीय नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन बस्तियों के बेहद पास हो रहा है, ब्लास्टिंग से घरों में दरारें आ गई हैं और प्रशासन आंख मूंद कर बैठा है।



मध्य प्रदेश में भी हालात अलग नहीं हैं। श्योपुर जिले में अवैध रेत से भरे डंपर को जब्त करने गई वन विभाग की टीम पर पथराव किया गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोपी अब भी फरार है। इन घटनाओं ने साफ कर दिया है कि अवैध रेत खनन सिर्फ पर्यावरण का संकट नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था और मानव जीवन के लिए भी खतरा बन चुका है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन की कार्रवाई वास्तव में माफिया पर नकेल कसेगी या यह माफिया यूं ही बेलगाम घूमते रहेंगे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902